बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 68, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हजारों भारतीयों को रवांडा भेजने का फरमान 14

पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज 13

एक नजर

भारतीय की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

सिंगापुर। सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की हत्या के मामले में यहां की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को चीनी मूल के एक सिंगापुरी नागरिक को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 12 बेंत मारने की सजा सुनाई। चीनी मूल के नागरिक ने 2019 में एक नाइटक्लब के बाहर झगड़े के दौरान भारतीय मूल के नागरिक की हत्या कर दी थी। टेलीविजन समाचार चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक अभियोजन पक्ष ने मौत की सजा की मांग नहीं की। सिंगापुर में हत्या के अपराध की सजा फांसी या आजीवन कारावास है। यह घटना दो जुलाई 2019 को ऑर्चर्ड रोड के होटल और पर्यटकों के गढ़ क्षेत्र में नॉटी गर्ल क्लब के बाहर हुई।

हवाईअड्डे पर पकड़ी गई अमेरिकी महिला

नई दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे पर तस्करी के सोने के साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कर्मियों को कथित तौर पर रिश्वत देने की कोशिश करने वाली एक अमेरिकी महिला को पकड़ा गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार तड़के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे के टर्मिनल-तीन पर हुई। एक यात्री की पहचान अमेरिकी मूल की फराह दीको मोहम्मद के रूप में हुई जो एयर इंडिया की उड़ान से नैरोबी (केन्या) से आई थी। अधिकारी ने बताया कि वह अपने अंत:वस्त्र में छिपाकर पांच सोने की छड़ें (प्रत्येक का वजन 50 ग्राम) और लगभग 35 लाख रुपये के कुछ आभूषण ले जाती हुई पकड़ी गई।

प्रश्नपत्र लीक मामले में पांच अभियुक्त रिमांड पर

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) से आयोजित तीसरी शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में उज्जैन से गिरफ्तार किए गए पांच अभियुक्तों को पटना की एक विशेष अदालत ने पूछताछ के लिए दो दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का आदेश दिया। आर्थिक अपराध की विशेष अदालत की न्यायाधीश सारिका बहेलिया की अदालत में एक आवेदन दाखिल कर बिहार पुलिस की विशेष आर्थिक ईकाई ने उज्जैन से गिरफ्तार किए गए इस मामले के कथित पांच सेटरों शिवकुमार उर्फ डॉक्टर शिवकुमार, प्रदीप कुमार, बल्ली उर्फ संदीप, तेजस्वी कुमार और सौम्या कुमार को एक सप्ताह के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का अनुरोध किया था।

राजनीतिक भड़काऊ बयान देने पर रोक

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी पर सेना समेत विभिन्न राजकीय संस्थाओं के खिलाफ भड़काऊ बयान जारी करने को लेकर बृहस्पतिवार को पाबंदी लगा दी। निष्पक्ष सुनवाई की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए इस्लामाबाद की जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश बसीर जावेद ने यह भी कहा कि मीडिया को अपनी रिपोर्टिंग अदालत की कार्यवाही तक सीमित रखनी चाहिए और उसे आरोपियों के बयानों की रिपोर्टिंग नहीं करनी चाहिए।

आंवला के आलमपुर जाफराबाद में बोले प्रधानमंत्री, कहा- सपा को टिकट देने के लिए परिवार से बाहर कोई नहीं मिला

ओबीसी का हक छीनना चाहते हैं दो शहजादे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ओबीसी बाहुल्य आंवला लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस ओबीसी से जुड़े मुद्दों पर ही रहा। आलमपुर जाफराबाद में बृहस्पतिवार को उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में दो शहजादे की जोड़ी ओबीसी का हक छीनना चाहती है। दोनों की दोस्ती तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से है। वे भाषणों में तो ओबीसी को हक देने की बात कहते हैं लेकिन पिछले दरवाजे से उनका हक दूसरों को देना चाहते हैं। सपा पर परिवारवाद का भी आरोप लगाया।

आंवला और बदायूं लोकसभा क्षेत्र की संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। कांग्रेस का खतरनाक पंजा आपका हक छीनने वाला है।

कांग्रेस का इरादा ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण छीनकर उसका हिस्सा अपनी खास पसंद की वोट बैंक को देने का है। ओबीसी का यह हक को छीनकर उसे वोट बैंक की राजनीति को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कांग्रेस के इस इरादे पर सपा के शहजादे ने चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री ने कहा, याद करिए उत्तर प्रदेश में 2012 में हुए विधानसभा चुनाव के पहले यूपीए सरकार ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने का काम किया था। उस समय वे सफल नहीं हुए, लेकिन अब फिर मिलकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने में जुट गए हैं। बोले, मैं ओबीसी का आरक्षण कांग्रेस को छीनने नहीं दूंगा। सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा को अपने परिवार के बाहर कोई ऐसा यादव नहीं मिला, जिसे वह टिकट दे सके। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सांसद संतोष गंगवार, बदायूं की सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, बदायूं के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, मंत्री धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

आलमपुर जाफराबाद स्थित सैनिक पड़ाव मैदान में संयुक्त जनसभा को समबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंवला लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं लोकसभा प्रत्याशी दुग्विजय शाक्य की जिताने की अपील।

कांग्रेस की नजर देश की जनता की संपत्ति पर

प्रधानमंत्री ने कहा कि कल से नया नारा आया है, कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस की नजर देश की जनता की संपत्ति पर है। वह संपत्ति की जांच कराएगी। उसने घोषणा की है कि अगर किसी ने चार कमरे का मकान बनाया और उसमें बेटा रह रहा है तो वह दो कमरे जब्त कर लेगी। गांव में किसी के पास 10 बीघा जमीन है तो पिता के न रहने पर पांच बीघा जमीन भी जब्त कर लेगी। उसी सपा के साथ मिलकर अब कांग्रेस महिलाओं के मंगलसूत्र छीनने की बात कह रही है।

योगीराज में नए अवसरों की धरती बन रहा यूपी

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ की भी प्रशंसा की। कहा, योगी और उनकी टीम जो मेहनत कर रही है, उससे यूपी की पहचान नए अवसरों की धरती के तौर पर बन रही है। योगी के नेतृत्व मे यूपी का भाग्य बदल रहा है। यूपी का सांसद होने के नाते उनके लिए यह गर्व की बात है। आंवला में नैनो यूरिया की फैक्ट्री है। ऐसे अनेक कारखाने उत्तर प्रदेश में लग रहे हैं। पहले जनता के हक का पैसा भ्रष्टाचारी लूट लेते थे लेकिन अब बरेली और बदायूं में विकास हो रहा है।

धर्मेंद्र का हौसला बढ़ाया, दुर्विजय के लिए मांगे वोट

प्रधानमंत्री ने संबोधन से पहले आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप से पूछा कि चुनाव कैसा चल रहा है। कौन- कौन से क्षेत्र हैं और बाकी जगह क्या समीकरण हैं। इसके बाद पीठ थपथपाकर उनकी हौसला अफजाई की और फिर भीड़ देखकर बोले, इस बार आपकी हैट्रिक है। संबोधन के दौरान लोगों से भी प्रधानमंत्री ने कहा कि आंवला से प्रत्याशी हमारे पुराने साथी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं से दुर्विजय शाक्य को आपका दिया वोट मोदी को ही जाएगा।

दूसरे चरण का मतदान आज

राहुल गांधी समेत कई दिग्गजों की साख दांव पर

नई दिल्ली, एजेंसी। आम चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान कराने के लिये सभी आवश्यक तैयारी कर ली गयी हैं। इस दौरान कई दिग्गजों की साख दांव पर होगी। दूसरे चरण में इन सीटों के 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर

कुल पंजीकृत 15.88 करोड़ से अधिक मतदाता 1206 प्रत्याशियों के चुनावी भविष्य का निर्णय करेंगे। मतदान सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा और शाम छह बजे समाप्त हो जायेगा। इसके लिये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचा दिया गया है। इस चरण में जिन उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम मशीनों में दर्ज होना है उनमें कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजीव चंद्र शेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी भी शामिल हैं।

उप्र की आठ सीटों पर आज पड़ेंगे वोट

लखनऊ। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान के लिए सभी क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। मतदाताओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इस चरण में कुल 1,67,77,198 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव मैदान में कुल 91 प्रत्याशी हैं, जिसमें 10 महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। पुलिस सहित विभिन्न बलों के एक लाख से अधिक सुरक्षा कर्मियों को लगाया गया है।

कांग्रेस घुसपैठियों को देना चाहती है आमजन की संपत्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **विरासत टैक्स को लेकर मुख्यमंत्री ने भी कांग्रेस की मंशा पर सवाल खड़े किए**

अमृत विचार: विरासत टैक्स को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कांग्रेस की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के संसाधनों को लगभग 60-65 वर्षों तक लूटा। अब उसकी नीयत आम जनता की संपत्ति पर लगी हुई है। इस कारण अब वह विरासत टैक्स की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के मुताबिक, यूपीए सरकार के दौरान देश व आम जनता के प्रति कांग्रेस की जो मानसिकता थी, वह कल एक बार फिर उजागर हुई है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में भी कहीं न कहीं यह सब इशारे थे। सैम पित्रोदा ने कल जो बात कही

है, 2011, 12, 13 में तत्कालीन मंत्री पी. चिदंबरम के द्वारा भी इन सब चीजों की बार-बार वकालत की जाती थी। योगी ने कहा कि एक तरफ यह टैक्स लादकर आम जनता को तबाह करेंगे। उनकी संपत्तियों को जबरन कब्जे में लेंगे, फिर घुसपैठिए को देंगे, जिनका भारत से कोई संबंध नहीं है। सैम पित्रोदा ने कांग्रेस के प्रयास की उसी मंशा को उजागर किया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की कि, कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोगों के मंसूबों को खारिज करने के लिए लोकतांत्रिक अधिकार का सही प्रयोग करें।

50 हजार की घूस लेता मार्केटिंग इंस्पेक्टर दबोचा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : राइस मिल संचालक की शिकायत पर विजिलेंस टीम ने आरएफसी विभाग में एमआई (मार्केटिंग इंस्पेक्टर) मोहन सिंह टोलिया को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया।

मंडी समिति परिसर ऑफिस में तैनात विपणन अधिकारी मोहन सिंह टोलिया ने एक राइस मिल से चावल मामले में सुविधा शुल्क की डिमांड की थी। राइस मिल संचालक ने विजिलेंस हल्द्वानी से संपर्क किया था। इस पर पुलिस उपाधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी नैनीताल अनिल सिंह मनराल के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षक विजिलेंस हेम चंद्र पांडेय के नेतृत्व में गठित विजिलेंस टीम ने गुरुवार को विपणन अधिकारी मोहन सिंह टोलिया को शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। खबर मिलते ही राइस मिल संचालकों की भीड़ लग गई। स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और भीड़ लगाए खड़े व्यापारियों को वहां से हटाया गया।

बाजपुर में राइस मिल संचालक से 50 हजार रुपये रिश्वत लेते विजिलेंस टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपित एमआई मोहन सिंह टोलिया। ● अमृत विचार

वहीं व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष व राइस मिल एसोसिएशन बाजपुर के अध्यक्ष सत्यवान गर्ग, दर्शनलाल गोयल, सौरभ गर्ग आदि कई व्यापारियों ने एमआई टोलिया को एक साजिश के तहत फंसाए जाने की बात कही। विजिलेंस टीम ने कार्यालय का कमरा बंद करके कई घंटे टोलिया से पूछताछ की।

ग्राम टांडा अमीचंद स्थित केके एग्रीटेक के संचालक रोशन शर्मा की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई है। रोशन शर्मा के अनुसार पिछले वर्ष के माल के एवज में उनसे डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी जिसमें एक लाख रुपये में मामला तय हुआ। उन्हें लगा कि रिश्वत देना गलत है तो इसकी शिकायत विजिलेंस से कर दी। आज 50 हजार रुपये की नकदी देते हुए एमआई को विजिलेंस टीम ने पकड़ लिया है।

मोदी, राहुल के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कांग्रेस और भाजपा से 29 तारीख तक जवाब मांगा**

चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया।

चुनाव आयोग ने मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज़ कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीख तक जवाब मांगा है।

आयोग ने राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है। आयोग ने राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के प्रमुखों को जारी नोटिसों में मोदी या गांधी का सीधे उल्लेख नहीं किया है।

जेईई मेंस में 56 छात्रों को 100 एनटीए स्कोर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए हुई जेईई-मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिसमें 56 परीक्षार्थियों ने पूरा 100 एनटीए स्कोर हासिल किया। ऐसा करने वाले परीक्षार्थियों में सबसे अधिक तेलंगाना से हैं। एनटीए ने कहा कि परीक्षा में अनुचित तरीकों के इस्तेमाल को लेकर 39 परीक्षार्थियों के जेईई-मुख्य परीक्षा देने पर तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। 10 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी।

तेलंगाना के सर्वाधिक 15, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के सात-सात और दिल्ली के छह परीक्षार्थियों ने पूरा 100 एनटीए स्कोर हासिल किया। परीक्षा का पहला संस्करण जनवरी-फरवरी में जबकि दूसरा संस्करण अप्रैल में आयोजित किया गया था। जेईई-मुख्य परीक्षा एक और दो के परिणामों के आधार पर, परीक्षार्थियों को जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में बैठने के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है। जेईई-एडवांस्ड 23 प्रमुख आईआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा है।

जज के पुत्र ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

लखनऊ। हजरतगंज के बटलर पैलेस कॉलोनी निवासी एनआईए कोर्ट के विशेष जज के पुत्र अजितेश ने बुधवार देर रात आवास के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। एडीसीपी मध्य मनीषा ने बताया कि मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। परिजन ने लिखित में कोई कार्रवाई न करने की बात कही। मूलरूप से देवरिया के रहने वाले एडीजे विवेकानंद शरण त्रिपाठी पिछले वर्ष नवंबर माह से लखनऊ में सेवारत हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार रात जेईई मेन्स 2024 का परीक्षा परिणाम आया था। नौकरानी सुषमा का कहना है कि अजितेश ने भी इस बार जेईई मेन्स की परीक्षा दी थी। माना जा रहा है कि परिणाम से निराश होकर अजितेश कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। परिजन काफी देर तक दरवाजा खटखटाते रहे। जवाब नहीं मिलने पर परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए तो देखा अजितेश पंखे से पर्दे के फंदे से लटका मिला। आनन-फानन परिजन उसे नीचे उतारकर सिविल अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कन्नौज से अखिलेश ने भरा पर्चा

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को नामांकन पत्र सौंपते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कन्नौज कलेक्ट्रेट पहुंचकर पर्चा दाखिल कर दिया। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से ही भाजपा की हार का सिलसिला शुरू हो गया है, इसलिए भाजपा के बड़े नेताओं की भाषा बदल गई है। अपनी कमियां छिपाने के लिए सरकार तरह-तरह के बहाने कर रही है।

उन्होंने कहा कि कन्नौज के विकास की आधारशिला समाजवादियों ने रखी थी। भाजपा सरकार ने केवल नकारात्मकता और नफरत की राजनीति की है जिसे अब जनता जान चुकी है। गुरुवार को उन्होंने दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे व अन्य के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर रिटर्निंग अफसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल के समक्ष नामांकन किया।

स्कूल वैन से उतरकर दौड़ी बच्ची प्रधानाचार्य की कार ने रौंदा, मौत

कालाढूंगी : कोटाबाग में स्कूल वैन से उतरकर सड़क पार कर रही पांच वर्षीय को छात्रा को कार ने रौंद डाला। हादसे में छात्रा की मौत हो गयी। कार आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज कोटाबाग के प्रधानाचार्य की बताई जा रही है।

गुरुवार को कृष्णा (5 वर्ष) पुत्री अनिल कुमार निवासी दोहनियां कोटाबाग निजी स्कूल चेतना स्कॉलरशिप एकेडमी मायारापमपुर में पढ़ती थी। वह गुरुवार की दोपहर एक बजे वैन से उतरकर सड़क पार खड़ी अपनी मम्मी को देखकर दौड़ पड़ी। इस दौरान बच्ची विपरीत दिशा से आ रहे आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज कोटाबाग के प्रधानाचार्य की कार की चपेट में आ गयी। अगला टायर चढ़ने से बच्ची के नाक, कान व मुंह से खून आने लगा। आक्रोशित लोगों ने उनकी कार का अगला शीशा तोड़ दिया। आनन-फानन में प्रधानाचार्य बच्ची को कार से सीएचसी कोटाबाग ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा के पिता मेहनत मजदूरी करते हैं। कृष्णा तीन बच्चों में उनकी सबसे छोटी बेटी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

श्री हेमकुंड साहिब यात्रा की रवानगी के लिए राज्यपाल को किया आमंत्रित

ब्यूरो, देहरादून

- **22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में शुरू होगी श्री हेमकुंड साहिब यात्रा**

अमृत विचार : हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने गुरुवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह से मुलाकात कर उन्हें श्री हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने राज्यपाल को 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में प्रथम जत्थे को रवानगी के लिए भी आमंत्रित किया। इस दिनसे हेमकुंड साहिब यात्रा का शुभारंभ होगा।

राज्यपाल ने बिंद्रा से हेमकुंड साहिब यात्रा की तैयारियों और

यात्रा मार्गों में चल रहे निर्माणों की जानकारी ली। राज्यपाल सिंह ने कहा कि शासन का प्रयास है कि श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो इसके लिए यात्रा मार्गों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। इस मौके पर बिंद्रा ने बताया कि यात्रा की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। यात्रा मार्गों में पैदल रास्तों के चौड़ीकरण और सुधारीकरण तेजी से किया जा रहा है। भारतीय सेना बर्फ को हटाकर पथ को यात्रियों के लिए सुगम बनाने का काम कर रही है। रूतूड़ा में ट्रस्ट की ओर से 5 हजार यात्रियों के ठहरने के लिए आधुनिक धर्मशाला एवं प्रारंभिक चिकित्सा के लिए अस्पताल बनाया। इस तरह हेमकुंड सहित चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं की सुविधा होगी। ट्रस्ट की ओर से शासन एवं प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय कर यात्रियों के लिए निर्बाध और सुरक्षित यात्रा के प्रयास किए जा रहे हैं।

धर्मार्थ न्यास के लिए पंजीकरण आवेदन 30 जून तक बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को धर्मार्थ और धार्मिक न्यासों के लिए कर अधिकारियों के पास पंजीकरण आवेदन जमा करने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ा दी। सीबीडीटी ने ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों के लिए फॉर्म 10ए, फॉर्म 10एबी दाखिल करने की नियत तारीख को पहले भी कई बार बढ़ाया था। इसका आखिरी बार विस्तार 30 सितंबर, 2023 तक किया गया था। सीबीडीटी ने विचार करते हुए और करदाताओं को वास्तविक परेशानियों से बचाने के लिए सीबीडीटी ने 10ए/फॉर्म 10एबी फॉर्म दाखिल करने की नियत तारीख 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है।

नई पहल प्रधान न्यायाधीश ने डिजिटलीकरण की दिशा में उठाया महत्वपूर्ण कदम

व्हाट्सएप के जरिये मुकदमों की जानकारी देगा न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

अधिकारिक व्हाट्सएप नंबर किया सांझा

प्रधान न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत का आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 8767687676 साझा किया और कहा कि इस पर कोई संदेश और कॉल प्राप्त नहीं होगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि यह हमारी कामकाजी आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा और कागज के साथ ही हमारी पृथ्वी को बचाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के लिए सात हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने व सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करेगा। इसका बहुत प्रभावशाली असर होगा और इस कदम से कागज व पृथ्वी को बचाने में भी मदद मिलेगी।

प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंद्रचूड ने व्हाट्सएप को न्यायालय की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सेवाओं से जोड़ने की यह घोषणा की। याचिकाओं से यह सवाल निकलकर सामने आया कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत समुदाय के भौतिक संसाधन माना जा सकता है, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) का एक हिस्सा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा उच्चतम न्यायालय की मौजूदगी के 75वें वर्ष में हमने एक छोटी सी योजना की शुरुआत की है। व्हाट्सएप हमारी रोजाना की जिंदगी में शामिल हो चुका है और इसने एक शक्तिशाली संचार सुविधा की भूमिका ले ली है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत बनाने और न्याय तंत्र में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय अपनी आईटी सेवाओं को व्हाट्सएप के साथ जोड़ने की घोषणा करता है।' सीजेआई ने कहा इस पहल के अंतर्गत 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' और शीर्ष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने वाले वादियों को मुकदमे को ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेश और निर्णयों के संबंध में ऑटोमेटेड संदेश प्राप्त होंगे।

सार-संक्षेप

भीमताल के पांडेगांव में जला आवासीय भवन। ● अमृत विचार

जंगल की आग से जला आवासीय भवन

भीमताल : भीमताल के निकट पांडेगांव में जंगल में लगी आग से एक ग्रामीण का घर जलकर राख हो गया। ग्रामीण सूरज कुमार पुत्र देवी राम ग्राम पांडेगांव भांकर के घर में उस समय आग लग गई जब जंगल में लगी आग उसके घर तक पहुंच गई। आग ने उसका आवासीय भवन चपेट में ले लिया। इधर प्रभावित सूरज कुमार ने पट्टी पटवारी पांडे गांव को पत्र लिखकर उसको हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की। वहीं इस घटना के संबध में पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज भट्ट ने भी जिला प्रशासन से प्रभावित परिवार को हुए नुकसान का निरीक्षण कर शीघ्र से शीघ्र मुआवजा दिलवाले को कहा।

भीमताल में रेनबो ट्राउट मछली को पौंड में छोड़ते मत्स्य निरीक्षक व अन्य।

मछली के व्यंजन तथा अचार बनाने का प्रशिक्षण मिलेगा

भीमताल : मत्स्य विभाग के तत्वावधान में भीमताल टापू में रेनबो ट्राउट मछली का संचय सौंदर्यीकरण के कार्य का शुभारंभ जनपद प्रभारी डा. विशाल दत्ता और मत्स्य निरीक्षक डा. बिपिन कुमार विश्वकर्मा ने किया। इस मौके पर अवगत कराया कि विभाग की ओर से रेनबो ट्राउट मछली के विभिन्न व्यंजन तथा मछली का अचार आदि बनाने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अब शीघ्र ही भीमताल टापू में विभाग की ओर से लाभान्वित मत्स्य पालकों की ओर से उत्पादित रेनबो ट्राउट मछली का आनंद पर्यटन सीजन में सैलानी और ट्राउट के शौकीन ले सकेंगे। इससे स्थानीय होटल व रेस्टोरेंट कारोबारियों की आमदनी में भी वृद्धि होगी।

लड़फोड़ा में अवैध खनन की जांच करने पहुंची टीम।

अवैध खनन की शिकायत पर लड़फोड़ा पहुंची टीम

भीमताल : ग्राम सभा लड़फोड़ा में अवैध खनन की शिकायत मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। मौके पर टीम को लोगों ने अवगत कराया कि क्षेत्र में बाहरी लोगों ने जमीन तो खरीद ली है लेकिन जमीन के कागजात कहीं और के बनाए गए हैं, वहीं बताया कि ग्राम सभा लड़फोड़ा में अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं नियमानुसार एससी जाति के लोग अपनी जमीन नहीं बेच सकते हैं। इन दिनों ग्राम सभा लड़फोड़ा में अत्यधिक जमीन बिक रही है। लड़फोड़ा में एक व्यक्ति के कई दर्जनों बांज के पेड़ों को काट डाला। शिकायत मिलने पर राजस्व पुलिस व वन विभाग की टीम ने जांच कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। रेंजर विजय मेलकानी ने बताया कि पेड़ काटने की शिकायत सही पाई गई है। इस मौके पर राजस्व उप निरीक्षक अमित शाह, कानूनगो नरेश वर्मा, किशोर चंद्र तिवारी, होमगार्ड जीवन चंद्र, बीपी जोशी आदि लोग मौजूद थे।

भीमताल के रामलीला मैदान में रक्तदान करते युवा।

शिविर में 70 लोगों ने किया रक्तदान

भीमताल : भीमताल के मल्लीताल रामलीला ग्राउंड में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा की जयंती पर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता व युवकों ने रक्तदान शिविर लगाया। आयोजक नितेश बिष्ट ने बताया कि वर्तमान में सब युवकों को हेमवती नन्दन बहुगुणा के बताए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। वर्तमान में रक्तदान सबसे बड़ा दान है। वहीं नीरज रैकुनी ने सभी को कुछ समय के अन्तराल में रक्तदान करने की बात कही। इस दौरान 70 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर नीरज रेकुनी, आशीष बिष्ट, कासिम अली, राहुल महरा, शरद पांडे कृष्णा आर्या आदि मौजूद रहे।

अवैध होटल और होमस्टे पर कसा शिकंजा

डीएम के आदेश के बाद पर्यटन विभाग ने संचालकों को भेजे नोटिस, जिले में 300 से अधिक अवैध पर्यटन इकाइयां

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : जिले में तेजी से बढ़ रहे पर्यटन कारोबार के बीच बिना पंजीकरण होटल और होमस्टे संचालन से चांदी काट रहे कारोबारियों की मनमर्जी पर अब पर्यटन विभाग ने नकेल कसनी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी के आदेश के बाद पर्यटन विभाग ने अवैध होटल और होमस्टे का चिन्हीकरण शुरू कर दर्जन भर लोगों को नोटिस जारी कर दिए हैं। बताया जा रहा कि जिले में 300 से अधिक अवैध पर्यटन इकाइयां हैं। जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने प्रथम चरण में जिले में संचालित पर्यटन इकाइयों का सर्वे कर बिना पंजीकरण संचालित हो रहे होटल और होमस्टे की सूची तैयार की थी। अब पर्यटन विभाग अवैध इकाइयों को नोटिस जारी कर रहा है।

बता दें कि जिले में तेजी से फैल रहे पर्यटन कारोबार के साथ ही होटलों और होमस्टे की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी होटल और होमस्टे का विस्तार हो रहा है, जिसके लिए पर्यटन विभाग से होमस्टे और अन्य पर्यटन स्वरोजगार योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं। मगर जिले भर में संचालित होम स्टे और होटलों में से दस से 20 फीसदी इकाइयों ही पर्यटन विभाग में पंजीकृत है। वर्तमान में जिलेभर में 900 होमस्टे और 927 होटल ही पर्यटन विभाग में पंजीकृत है, जिससे सरकार को राजस्व की हानि होने के साथ ही आपराधिक गतिविधियों की आशंका बनी हुई है। जिसकी रोकथाम को जिला प्रशासन के निर्देशों पर अब पर्यटन विभाग होटल और होमस्टे का पंजीकरण अभियान चलाएगा।

होटल, रेस्टोरेंट और होमस्टे की संख्या

- होमस्टे 900
- होटल 927
- धर्मशालाएं 8
- ट्रेवल एजेंट 132
- रेस्टोरेंट 102

सरकार को मिलेगा राजस्व, विभाग के पास होंगे स्पष्ट आंकड़े

जिले में पर्यटन कारोबार तेजी से विस्तार ले रहा है। मगर कई होटल और होमस्टे पंजीकृत नहीं होने से पर्यटकों का स्पष्ट आंकड़ा विभाग के पास नहीं होता, जिससे भविष्य में पर्यटन अवस्थापनाओं के विकास और अन्य योजनाओं को धरातल पर उतारने समेत भावी आवश्यकताओं का सटीक पता नहीं लग पाता। बिना पंजीकरण व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन से सरकार को पंजीकरण शुल्क, जीएसटी समेत अन्य माध्यमों से होने वाली आय प्राप्त नहीं होने से राजस्व हानि हो रही है।

बिना पंजीकरण होटल और होमस्टे की रोकथाम के लिए पर्यटन विभाग को सर्वे करने के निर्देश दिए गए है। पहले चरण में ऑनलाइन साइट से बुकिंग कराने वाले होमस्टे और होटलों की सूची तैयार की जा रही है। जिनको विभाग की ओर से नोटिस जारी कर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। – **वंदना सिंह**, डीएम, नैनीताल

नैनीताल जिले में चल रहे दर्जन भर होटल और होम स्टे संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। होमस्टे और होटलों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। इनका विभाग में पंजीकृत होमस्टे और होटलों से मिलान किया जाएगा। गैर पंजीकृत होटल और होमस्टे संचालकों को नोटिस जारी करने के बाद भी पंजीकरण नहीं किया तो सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।
–**अतुल भंडारी**, जिला पर्यटन अधिकारी

पहले चरण में ऑनलाइन बुकिंग कराने वाली इकाइयों की बनेगी सूची

जिले में अवैध रूप से संचालित होम स्टे और होटलों को चिह्नित करना चुनौती भरा काम है, इसके लिए विभागीय टीम को हर भवन में जाकर जांच करनी होगी। इसे देखते हुए पहले चरण में ऑनलाइन डाटा से ऐसी इकाइयों की सूची तैयार कर रहा है। डीएम ने बताया कि पहले चरण में पर्यटन विभाग इंटरनेट मीडिया और आनलाइन साइट के माध्यम से बुकिंग कराने वाले होटलों और होम स्टे की सूची तैयार कर रहा है जिसमें से गैर पंजीकृत इकाइयों को चिह्नित किया जा रहा है। गैर पंजीकृत होटल और होमस्टे संचालकों को पंजीकरण के लिए नोटिस जारी करे जा रहे है। इस पर्यटन सीजन तक कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी।

जंगल में आग लगाने वाले छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

टनकपुर : जंगल में पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी होने के साथ ही आग की घटनाएं भी काफी बढ़ रही हैं। इधर वन विभाग ने जंगल में लग रही आग पर रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

इधर टनकपुर के बूम वन क्षेत्र सूखीढांग में बीते दिनों पांच वनाग्नि की घटनाएं घटित हुई थीं। जांच पड़ताल पर सुरजीत, रामी राम, ओम प्रकाश, संदीप थापा आदि लोगों के नाम जंगलों में आग लगाने का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में सुरजीत, रामी राम, ओमप्रकाश, संदीप थापा व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने लोगों से वनाग्नि की घटनाओं को अंजाम देने वाले अराजक तत्वों की सूचना देने की अपील की है। कहा है कि सूचना देने वालों को वन विभाग की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा।

भीमताल बाईपास में तीन वाहन आपस में टकराए

संवाददाता, भीमताल

हादसा

तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने के लिए स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

अमृत विचार : भीमताल बाईपास मार्ग पर उस समय एक बड़ा हादसा होने से बच गया जब एक ही दिशा में एक के पीछे एक जा रहे तीन वाहन आपस में टकरा गए। इस बीच वाहन में बैठे लोगों की आपस में तीखी नोकझोंक भी हुई।

जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 11 बजे भीमताल के मल्लीताल क्षेत्र में रामलीला मैदान के पीछे बाईपास मार्ग पर तीन वाहन ऊपर विकास भवन की दिशा की ओर जा रहे थे। सामने जानवर के आ जाने से आगे चल रहे वाहन ने ब्रेक मारे तो पीछे से चल रहे बाकी अन्य दो वाहन उसके पीछे टकरा गए। घटना के बाद प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन में बैठे लोगों की नोकझोंक भी हुई। इधर लोगों के मुताबिक इस मोटर मार्ग में हर समय छात्र-छात्राओं की आवाजाही रहती है। वहीं गनीमत रही कि घटना के समय कोई वहां नहीं था। इधर इस मामले में किसी भी पक्ष के द्वारा थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है। वहीं एक बार फिर व्यापारी नेता अखिलेश सेमवाल ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवाली से जनहित को देखते हुए भीमताल नगर से गुजरने वाले मोटर मार्ग में स्थान स्थान पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग को दोहराया है। अवगत कराया कि इस मांग को लेकर क्षेत्र के व्यापारियों और नागरिकों का शिष्टमंडल विभागीय अधिकारियों से मिलेगा और मांग पर कार्रवाई करने की मांग करेगा।

पर्यटन सीजन में डीएम ने परखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : पर्यटन सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने नौकुचियाताल, कमल ताल और भीमताल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

यातायात जाम ना लगे इसके लिए प्रशानिक अधिकारी उपजिलाधिकारी नैनीताल और थाना भीमताल को निर्देश देते हुए पार्किंग स्थल चिन्हित करने और उसके बाद भी वाहन स्वामी के द्वारा उस परिधि में वाहन खड़ा नहीं किया जाता है तो आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। नौकुचियाताल में लोक निर्माण विभाग के द्वारा निर्मित कराए जा रहे हैलीपैड को गुणवत्ता पूर्वक बनाने के निर्देश दिए।

बताया कि निजी व्यक्ति भी यदि अपनी भूमि में पार्किंग खोलना चाहता है तो वह जिला झील विकास प्राधिकरण में आवेदन कर सकता है। वहीं उन्होंने डैम का निरीक्षण कर भीमताल डैम से गाद, सफाई आदि के लिए एक डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट और स्टीमेट बनाने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया ने पर्यटन सीजन के दौरान उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए समाधान की मांग की।

नौकुचियाताल में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देतीं जिलाधिकारी वंदना सिंह। ● अमृत विचार

निवर्तमान सभासद ने समस्याओं के संबंध में पत्र सौंपा

भीमताल नगर पंचायत के निवर्तमान सभासद रामपाल सिंह गंगोला ने झील विकास प्राधिकरण से स्थानीय गरीब व्यक्तियों को आवासीय नक्शे पास कराने में छूट देने, राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं का निदान करवाने, भीमताल नगर के अन्तर्गत बिलासपुर सिंचाई नहर के जीर्णोधार करने की मांग के संबंध में पत्र सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन वृजवासी ने झील की सफाई करने, पर्यटन सीजन से पूर्व झील के चारों ओर सौंदर्यीकरण के कार्य करने की मांग की।

पानी का ज्यादा बिल आने पर भड़के

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: नैनीताल में पानी के बिल ज्यादा आने से उपभोक्ताओं में आक्रोश देखने को मिल रहा है। गुरुवार को स्थानीय लोगों ने जल संस्थान कार्यालय का घेराव कर पानी के बिल को ठीक करने की मांग की। उपभोक्ताओं ने जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर नाराजगी व्यक्त कर सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

भाजपा कार्यकर्ता नितिन कार्की, विवेक वर्मा के नेतृत्व में तमाम पानी के उपभोक्ता जल संस्थान कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सहायक अभियंता दिलीप सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर बिलों में भारी बढ़ोत्तरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिला योजना की बैठक में जिलाधिकारी और विधायक सरिता आर्या ने जल संस्थान को बढ़े हुए बिलों के लिए कैंप लगाकर समस्याओं का निस्तारण के निर्देश दिए थे। मगर जल संस्थान की ओर से कोई कैंप नहीं लगाया गया। ना ही उपभोक्ताओं के बिलों में सुनवाई कर निस्तारण हुआ।

उन्होंने निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान सहायक अभियंता ने उन्हें बिलों पर चेक मीटर लगाकर निस्तारण करने का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग शांत हुए। इस दौरान सोनू जाटव, दिव्यांश जोशी, अभिषेक, भुवन चंद्र, राहुल, वासु, मनोज कुमार, आकाश आदि लोग मौजूद रहे।

जल संस्थान के सहायक अभियंता को ज्ञापन देते उपभोक्ता। ● अमृत विचार

रास्ते में बहते सीवर को ठीक करवाने की मांग

नैनीताल: निर्वतमान सभासद कैलाश रौतेला ने गुरुवार को जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि शहर के समीप कृष्णापुर के पास दो जगहों में लगभग 6 महीनों से सीवर लाइन खराब है, जिस कारण सीवर का गंदा पानी रास्ते में बह रहा है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ रास्ते में आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि सीवर लाइनों को जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए, जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना ना करना पड़े।

जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएसए बिष्ट का कहना है कि सीवर लाइन को जल्द से जल्द ठीक करवा दिया जाएगा।

भवाली-भीमताल मार्ग पर खाई की ओर लटका ट्रक। ● अमृत विचार

खाई में लटका ट्रक, जाम में फंसीं डीएम

भवाली : भीमताल से अल्मोड़ा को सस्ता गल्ले का राशन ले जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा लटका। चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया। ट्रक के खाई में लटकने से घंटों भीमताल-भवाली सड़क पर तीन किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। लोग तीन घंटे तक जाम में फंसे रहे। क्रेन बुलाकर ट्रक को निकालकर जाम खुलवाया जा सका। जाम में फंसे छोटे बच्चों व अन्य यात्रियों के लिए धूप में जाम लगने से मुसीबत बनी रही। वहीं नौकुचियाताल की तरफ जा रहीं जिलाधिकारी वंदना सिंह भी कुछ देर जाम में फंसी रहीं। कोतवाल डीआर वर्मा ने बताया कि ट्रक लटकने से जाम की समस्या बन गई थी।

मांग लंबे समय से बारिश नहीं होने से हालात खराब, काश्तकारों ने की सहायता राशि दिलवाने की मांग

भीमताल विधानसभा सूखाग्रस्त घोषित करें

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में काफी समय से बारिश नहीं होने से एक बार फिर सूखे के हालात उत्पन्न हो गए हैं, जहां एक ओर जल स्रोत सूख गए हैं तो वहीं पंपिंग योजना भी प्रभावित है। काश्तकारों ने अब सरकार और विभाग से सूखाग्रस्त घोषित करने और सहायता राशि दिलवाने की मांग की।

वर्तमान में गेहूं और जौ की फसल सर्वाधिक प्रभावित बताई जा रही है। काश्तकारों की मानें तो फसल पूरी तरह से सूख गई है। ऐसे में जो काश्तकार केवल कृषि उपज पर निर्भर हैं उनकी आर्थिक स्तिथि काफी कमजोर हो गई है। वहीं भीमताल नगर में भी जल स्रोतों के लगातार सूखने और उनमें पानी काफी कम होने से सूखे के हालात बनते जा रहे हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं ने अवगत कराया कि जल संस्थान के द्वारा पानी तो उपलब्ध कराया जा रहा है। पर मांग के अनुरूप पानी नहीं मिलने से पानी की समस्या बनी हुई है।

घरों के आगे बनाए टैंकों का पानी सूखने की कगार पर : विकासखंड भीमताल के अन्तर्गत बानना और पिनरौ में जल स्रोत की कमी होने के कारण हर घर के आगे ग्रामीणों के स्वैप के अन्तर्गत पानी के टैंक बनाए हैं।

पानी नहीं आने पर इन टैंकों के पानी का प्रयोग लोग जानवरों को पानी पिलाने और अपने रोजमर्रा के कार्य को संपादित करने में करते हैं। ऐसे में कई माह से पानी नहीं बरसने से इन टैंकों में रखा पानी समाप्ति की ओर है। ऐसे में ग्रामीणों को अब पानी की चिंता सताने लगी है। सामाजिक कार्यकर्ता उमेश पलड़िया बताते हैं कि यदि आने वाले दिनों में बारिश नहीं होती है तो क्षेत्र में पानी की कमी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी। उन्होंने जल संस्थान से वैकल्पिक व्यवस्था रखने की मांग की है।

बोले लोग

क्षेत्र में कुछ भी फसल नहीं हुई है। सरकार को शीघ्र ही प्रभावित काश्तकारों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा वितरित कर देना चाहिए।
–**नीरज पलड़िया**, गांव बानना

इस बार तो लगभग सभी जल स्रोतों में संकट आया है। कई जल स्रोतों में पहले पानी कम हुआ और वर्तमान में अभी गर्मी प्रारंभ ही हुई है तो ग्रामीण क्षेत्रों के जल स्रोत भी सूख गए हैं।
–**रमेश चंद्र पलड़िया**, गांव पिनरौ

जानवरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करना समस्या बनते जा रही है। जानवरों के लिए कई किलोमीटर पैदल चलकर पानी लाने वाली स्तिथि पैदा हो रही है। बारिश नहीं होने से सूखे की स्तिथि है। –**प्रकाश चंद्र**, बीडीसी मेंबर, बानना

श्रद्धालुओं का दल नैनीताल पहुंचा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : चार धाम की तर्ज पर सरकार की ओर से मानस खंड यात्रा की शुरुआत कर दी गई है। गुरुवार को महाराष्ट्र और गुजरात के 152 श्रद्धालुओं का दल नैनीताल पहुंचा, जहां उन्होंने कैंची धाम स्थित बाबा नीब करौली महाराज के दर्शन कर यात्रा का शुभारंभ किया। इस बीच पर्यटन विभाग की ओर से यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया।

श्रद्धालुओं ने नैनीताल पहुंचकर नैना देवी मंदिर के भी दर्शन किए 22 अप्रैल को महाराष्ट्र और गुजरात से निकले श्रद्धालु अगले 10 दिनों तक मानस खंड मंदिर माला मिशन के तहत चयनित मंदिरों की यात्रा पर रहेंगे। मिशन के तहत महाराष्ट्र और गुजरात से 276 श्रद्धालुओं का दल यात्रा के लिए निकला था। जिसमें से 152 श्रद्धालु नैनीताल और 124 श्रद्धालु चम्पावत से यात्रा शुरू कर रहे हैं। नैनीताल के बाद श्रद्धालुओं का दल अल्मोड़ा, जागेश्वर धाम आदि के दर्शन के लिए निकल गया।

नैनीताल में मां नयना देवी मंदिर के दर्शन करते तीर्थ यात्री। ● अमृत विचार

मानस खंड यात्रा के तहत परिवार संग पहुंचे हैं। उन्होंने चम्पावत से यात्रा शुरू की। उन्होंने मां के मंदिर के दर्शन किए जिसके बाद नानकमता गुरुद्वारे में माथा टेकने के बाद नैनीताल मां नयना देवी के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने मां के चमत्कारों की काफी चर्चा सुनी थी आज उनके दर्शन किए हैं। –**सुरेखा लोहिया**, तीर्थ यात्री, महाराष्ट्र

मानसखंड यात्रा के तहत पुणे से उत्तराखंड के मंदिरों के दर्शन को पहुंचे हैं। यहां के मंदिर बेहद सुन्दर हैं। उत्तराखंड के बारे में जितना सुना था उससे कहीं ज्यादा सुंदर है। दस दिन की यात्रा पर नैनीताल पहुंचे हैं।
–**रविन्द्र बार्डे**, तीर्थ यात्री, पुणे

स्कूल में हॉकी एकेडमी शुरू

नैनीताल : भारतीय शहीद सैनिक स्कूल में हॉकी एकेडमी का शुभारम्भ हो गया। नैनीताल बैंक के मुख्य प्रोबेशनरी अधिकारी डॉ. दीपक पन्त मुख्य अतिथि रहे। जिनका प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने स्वागत किया। इस दौरान भारतीय रेलवे के हॉकी के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी एनएस बिष्ट, संजय गुप्ता, हर्षित पन्त, अजय, राजेन्द्र सिंह, रश्मि नेगी, आलोक साह आदि लोग मौजूद रहे।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

जनपद नैनीताल के दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षक लंबे समय से कर रहे हैं स्थानांतरण के लिए आवेदन, लेकिन नहीं मिलती सफलता

शिक्षकों की दुर्गम से सुगम की चाह में आती हैं कई बाधाएं

संवाददाता, हल्द्वानी



अमृत विचार : जनपद नैनीताल में कई शिक्षक ऐसे हैं जो 15-20 वर्षों से दुर्गम में ड्यूटी कर रहे हैं। ये शिक्षक हर वर्ष अनिवार्य स्थानांतरण के लिए आवेदन कर रहे हैं, मगर कभी नंबर नहीं आता तो कभी गेस्ट शिक्षक की तैनाती की वजह से सुगम में नहीं पहुंच पाते हैं।

ओखलकांडा ब्लॉक के नाई राजकीय इंटर कॉलेज में तैनात शिक्षक अनुज बताते हैं कि वह 20 वर्षों से इसी कॉलेज में कार्यरत हैं। हर बार स्थानांतरण के लिए आवेदन कर रहे हैं, लेकिन स्थानांतरण नहीं मिल रहा है। वह सुगम में स्थानांतरण के लिए आवेदन करते हैं तो उन्हें गृहक्षेत्र से दूर तबादला मिलता है। ऐसे में तबादला नहीं लेते हैं। इसी तरह ओखलकांडा के वारी कटना स्थित स्कूल में 19 वर्षों से कार्यरत गिरीश कांडपाल, ओखलकांडा के पटरानी स्थित स्कूल में 15 वर्षों से कार्यरत शिक्षक मोहम्मद शादाब का भी यही हाल है। उनका कहना है कि जब वह सुगम में स्थानांतरण करते हैं तो कई दफा सुगम के स्कूलों में अतिथि शिक्षक तैनात कर दिए जाते हैं ऐसे में वहां रिक्त पदों पर नियुक्ति हो जाती है नतीजा पूर्णकालिक शिक्षकों को फिर से दुर्गम में ही ड्यूटी देनी पड़ती है। कभी घर से दूर सुगम मिलता है ऐसे में दुर्गम ही मजबूरी बना जाता है।

गेस्ट शिक्षकों के पदों को रिक्त करने की मांग

हल्द्वानी : जिले में अनिवार्य स्थानांतरण के अंतर्गत शिक्षकों का स्थानांतरण होना है। इसके तहत शिक्षकों का सुगम से दुर्गम में स्थानांतरण होना है। स्थानांतरण प्रक्रिया को लेकर शिक्षकों में नाराजगी है। राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया कि शिक्षकों की मांग के आधार पर गेस्ट शिक्षकों के पदों को रिक्त किया जाना चाहिए। जिससे राजकीय शिक्षकों को अनिवार्य स्थानांतरण मिल सके। जिले के शिक्षक संगठनों की मांग है कि विभाग को गेस्ट शिक्षकों को कहीं अन्यत्र सम्बद्ध करना चाहिए। इससे राजकीय शिक्षकों के स्थानांतरण और पदोन्नति में बाधा नहीं होगी। शिक्षकों के स्थानांतरण में आ रही दिक्कतों के कारण कई बार विद्यार्थियों का अध्ययन भी प्रभावित होता है।

एजुकेशन पोर्टल पर अपडेट होगा कार्मिकों का डाटा

हल्द्वानी : एजुकेशन पोर्टल पर जनपद नैनीताल में कार्यरत समस्त कार्मिकों का डाटा अपडेट किया जाएगा। मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने बुधवार को इसके लिए आदेश जारी किया। इस संबंध में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में स्थानांतरण सत्र के संबंध में बैठक की गई। जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को गुरुवार (आज) तक डाटा अपडेट किए जाने की सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

बेटी से दुष्कर्म के आरोपी बंदी की एसटीएच में मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी उप कारागार में पॉक्सो एक्ट के मामले के बंदी की मौत हो गई। उसका उपचार डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल (एसटीएच) में चल रहा था।

गौलापार निवासी 41 वर्षीय व्यक्ति पर अपनी ही नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोप था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर जनवरी 2023 में जेल भेजा था। अभी यह मामला पॉक्सो कोर्ट हल्द्वानी में विचाराधीन था।

जेल अधीक्षक प्रमोद पांडे ने बताया कि बंदी को टीबी, फेफड़ों में संक्रमण और गले में गांठ की बीमारी थी। पूर्व में वह नशे का भी आदी था। वह आपराधिक किस्म का व्यक्ति था। वह हत्या के मामले में 12 साल की सजा काटकर तीन साल पूर्व ही जेल से रिहा हुआ था। इस मामले में भी जेल जाने से पहले ही उसका इलाज चल रहा था। अप्रैल माह में उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई। उसे कई बार उपचार के लिए अस्पताल भेजना पड़ा। इस बार भी उसे उपचार के लिए एसटीएच में भर्ती कराया था। गुरुवार को उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम सिटी मजिस्ट्रेट और तहसीलदार की उपस्थिति में करवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

कैसे बुझेगी आग, शहर के हाइड्रेंट्स ही 'ठंडे'

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी के निरीक्षण में मिलीं तमाम खामियां, रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को सौंपी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

15 हाइड्रेंट्स लगे हुए हैं हल्द्वानी शहर में

02 हाइड्रेंट्स में पेयजल लाइन से आता है पानी

13 हाइड्रेंट्स में नलकूपों से होती है आपूर्ति

अमृत विचार : जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने अग्निशमन विभाग की टीम के साथ गुरुवार को शहर में लगे हाइड्रेंट्स का आकस्मिक निरीक्षण किया। इसमें तमाम खामियां मिलीं।

सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेयी ने सिंधी चौक, मंडी परिसर, होली ग्राउंड, जल संस्थान कार्यालय, राजपुरा, गैस गोदाम रोड में लगे हाइड्रेंट्स का जायजा लिया। निरीक्षण में उन्हें कई कमियां मिलीं। मंडी परिसर में 5 हाइड्रेंट्स लगे हैं, इनमें एक हाइड्रेंट में पानी नहीं आ रहा था। प्रेशर नहीं होने की वजह से पानी चढ़ नहीं पा रहा था। वहीं, कई हाइड्रेंटस में पाइप लगाने वाली हौज घिस चुकी थी। राजपुरा के धोबीघाट में लगा हाइड्रेंट घनी आबादी के बीच में था।

संकरी गलियों में दमकल वाहन का हाइड्रेंट तक पहुंचना बेहद मुश्किल है। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि शहर में कुल 15 हाइड्रेंट्स हैं, इनमें होली ग्राउंड और सौरभ होटल के समीप वाले हाइड्रेंट में पेयजल लाइन से पानी आता है, जबकि बाकी 13 हाइड्रेंट्स में नलकूप से पानी आता है। यदि नलकूप ठप है तो इनमें पानी नहीं आएगा। ऐसे में यदि कहीं आग लगी और नलकूप चालू नहीं है तो ये हाइड्रेंट्स भी शोपीस बन जाएंगे। सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेयी ने बताया कि हाइड्रेंट्स के निरीक्षण की रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को सौंप दी गई है।

फायर हाइड्रेंट का निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व एफएसओ। ● अमृत विचार

टीपी नगर में लगाया जाएगा हाइड्रेंट

हल्द्वानी : सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में एक भी हाइड्रेंट नहीं है, ऐसे में यदि आग की घटना होती है तो सिंधी चौक, मंडी या फायर स्टेशन से पानी भरना होगा। जबकि टीपी नगर में अग्नि के लिहाज से संवदेनशील वस्तुएं तेल, रबर के टायर वगैरह ज्वलनशील पदार्थ मौजूद रहते हैं। उन्होंने जल संस्थान को टीपी नगर में हाइड्रेंट लगाने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए हैं।

शहरों में हाइड्रेंट्स के निरीक्षण को बनाई टीमें

नैनीताल : एडीएम फिंचाराम चौहान ने अग्नि की घटनाओं की रोकथाम के लिए जिले के नगरीय इलाकों के हाइड्रेंट्स को सुचारू करने को टीमें बनाई हैं। इसमें नैनीताल शहर में एसडीएम के साथ जल संस्थान ईई व एफएसओ होंगे। इसी तरह हल्द्वानी शहर में सिटी मजिस्ट्रेट, लालकुआं में एसडीएम, रामनगर में एसडीएम के साथ ईई व एफएसओ शामिल होंगे। ये टीमें क्षेत्र में हाइड्रेंट्स का भौतिक निरीक्षण कर पानी की उपलब्धता और प्रवाह की जांच कर इसकी रिपोर्ट सौंपेंगी।

नलकूप ऑपरेटर्स के नंबरों की सूची चस्पा करें

हल्द्वानी : सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने अग्निशमन विभाग के कॉल सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि कॉल सेंटर में नलकूप ऑपरेटर्स के नंबर नहीं हैं, सिर्फ जल संस्थान के ईई, मंडी निरीक्षक वगैरह के नंबर हैं। उन्होंने कहा कि 15 में से 13 हाइड्रेंट्स नलकूप से पानी लेते हैं, इसलिए जरूरी है कि सभी ऑपरेटर्स के नंबर लगाए जाएं। वैसे भी अग्नि की घटना में रिस्पांड समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। जब कर्मी सीधे ऑपरेटर को फोन कर नलकूप चालू करवाएंगे तो समय की बचत होगी और जल्द पानी मिलेगा। इसी के साथ ही जब भी कोई दमकल वाहन अग्नि बुझाने को जाए तो सभी ऑपरेटर्स को अलर्ट कर दिया जाए, ताकि वाहन को आसपास के हाइड्रेंटस से भी पानी मिल जाए।

निजी बोरिंग से ग्रामीणों को भी मुहैया कराया जाए पानी : रावत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंडलायुक्त दीपक रावत ने गुरुवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में पेयजल समस्या को लेकर मंडलीय समीक्षा की।

मंडलायुक्त ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में होटल एवं रिजॉर्ट में बोरिंग की अनुमति मानकों का पालन होने पर ही दी जाए। निजी बोरिंग से उस क्षेत्र के ग्रामीणों को एक-एक नल से पानी उपलब्ध कराना अनिवार्य है। बिना अनापत्ति के बने बोरिंग पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि भवाली नगर पालिका ने शिप्रा नदी में कंक्रीट बना दिया है।

इस वजह से भवाली शहर में पेयजल संकट है। जल संस्थान व जल निगम इसकी जांच कर रिपोर्ट सौंपे। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि लीकेज में काफी पानी बर्बाद होता है, इसलिए लीकेज की मरम्मत की जाए। पर्वतीय क्षेत्रों में जिन होटल एवं कॉमर्शियल संस्थानों में घरेलू कनेक्शन दिए गए हैं, उनकी जांच की जाए। जिन क्षेत्रों में पानी की किल्लत है, वहां टैंकरों के जरिए लोगों को नियमित तौर पर पानी उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान एसई विशाल सक्सेना, प्रियदर्शन सिंह रावत आदि मौजूद थे।

कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेते मंडलायुक्त दीपक रावत।

नए कनेक्शन, भवन निर्माण व गाड़ी धुलाई पर लगी रोक

संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

अमृत विचार : जिलाधिकारी वंदना सिंह ने गर्मी में पानी के नए कनेक्शन देने, सर्विस सेंटर में वाहनों की धुलाई और भवन निर्माण में पानी के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगा दी है।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जल स्रोत, नदियां, नहरें और तालाब के जल स्तर में गिरावट हो रही है। इससे पर्वतीय और मैदानी इलाकों में पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। ऐसे में जनता को पेयजल मुहैया कराने के लिए जल संस्थान को नए कनेक्शन नहीं देने और सर्विस सेंटर पर वाहनों की धुलाई पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। वाहनों की सिर्फ ड्राइ वॉश की जाए। यदि किसी सेंटर पर वाहनों की धुलाई हो रही हो तो पानी कनेक्शन काटा जाएगा। टुल्लू पंप का भी प्रयोग नहीं होगा। छत्तों की टंकियों से पानी गिरता मिलने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। पेयजल लाइनों की लीकेज मिलने पर जल संस्थान के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

प्रेरणा उत्सव के लिए आज उपलब्ध कराएं सूची

हल्द्वानी : जवाहर नवोदय विद्यालय सुयालबाड़ी में रविवार को प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम एनईपी 2020 पर आधारित है, जिसकी मॉनिटरिंग केंद्र सरकार कर रही है। मुख्य शिक्षा अधिकारी जेएम सोनी ने जनपद नैनीताल के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के आदेश दिये हैं। साथ ही शुक्रवार (आज) को दोपहर 12 बजे तक सूची कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा है।

आंबेडकर पार्क में पुस्तकालय बनाने की मांग की

हल्द्वानी : डॉ. आंबेडकर मिशन एंड फाउंडेशन ने विभिन्न मांगों को लेकर नैनीताल डीएम को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मांग की गई कि दमुवाढूंगा स्थित आंबेडकर पार्क में महात्मा बुद्ध की मूर्ति लगाई जाए। पार्क में शेष बची 2000 वर्ग फीट भूमि में डॉ. आंबेडकर शोध संस्थान स्थापित किया जाए और बनाए गए भवन में दूसरे मंजिल में पुस्तकालय बनाया जाए। ज्ञापन भेजने वालों में राष्ट्रीय संगठक जीआर टम्टा, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुटियाल, गंगा प्रसाद, सुंदर लाल, आरपी गंगोला, विनोद कुमार, मनोज ह्यूमन, अंजू राज, सईद अहमद, जगदीश चंद्र शामिल रहे।

273 वाहनों का चालान

हल्द्वानी : जिलाधिकारी के निर्देश पर परिवहन विभाग ने गुरुवार को हल्द्वानी व नैनीताल मार्ग में नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान करीब 273 वाहनों के चालान काटे गये। साथ ही वाहन चालकों को चेतावानी दी कि अगर पुन: नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े मिले तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत सड़क किनारे खड़ी स्कूल बसों, रोडवेज बसों व भार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें सड़क से हटवाया गया।

मैदान में गर्मी का कहर बरकरार तो पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश के आसार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मैदानी क्षेत्रों में गर्मी से राहत नहीं है। एक बार फिर से तापमान में उछाल आ गया है। दोपहर के समय लू चल रही है। आने वाले एक सप्ताह तक मौसम यूं ही गर्म बना रहेगा। हालांकि मौसम विभाग ने पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना जताई है।

पिछले एक पखवाड़े से गर्मी बढ़ती जा रही है। हल्द्वानी में सुबह 9 बजे ही धूप तेज हो रही है। पूर्वान्ह से धूप में खड़ा होना मुश्किल हो रहा है। दोपहर के समय तेज लू चल रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार गर्मी से आने वाले एक सप्ताह तक कोई राहत नहीं मिलेगी। हालांकि मैदानी इलाकों में कहीं-कहीं हल्के बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश होने के आसार कम हैं। पहाड़ी इलाकों में भी तापमान में वृद्धि हो रही है। अल्मोड़ा में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। वहीं मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा है। पंतनगर गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार अलनीनो वर्ष होने की वजह से गर्मी सामान्य से अधिक पड़ रही है।

येलो अलर्ट की चेतावनी

हल्द्वानी : मौसम विज्ञान केंद्र ने पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, देहरादून (पर्वतीय क्षेत्रों) और पिथौरागढ़ जिलों में 30 से 40 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकतीं हैं और साथ ही बारिश होने की भी संभावना है।

ट्रैक्टर ट्रॉली से नीचे गिरी महिला की मौत

हल्द्वानी, अमृत विचार : ट्रैक्टर ट्रॉली से नीचे गिरकर एक महिला की मौत हो गई। घटना से मृतका के परिवार में कोहराम मच गया।

मेडिकल चौकी पुलिस के अनुसार चोरगलिया थाना क्षेत्र के विजयपुर खनवाल निवासी रतन सिंह की पत्नी देवकी देवी (35 वर्ष) गुरुवार की सुबह खेत से भूसा लेने के लिए ट्रैक्टर ट्राली से जा रही थी। तभी गौलापार क्षेत्र में अचानक ट्रॉली पर झटका लगा, जिससे देवकी असंतुलित होकर नीचे सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। अचेत अवस्था में उसे उपचार के लिए बेस अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

सड़क हादसे में फॉरेंसिक एक्सपर्ट के पुत्र की मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पूर्व फॉरेंसिक एक्सपर्ट दयाल शरण शर्मा के पुत्र धीरज शरण की एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई। वह सड़क हादसे में घायल हुआ था।

फॉरेंसिक साइंस विभाग के संयुक्त निदेशक दयाल शरण शर्मा के पुत्र धीरज शरण (24 वर्ष) गुड़गांव से एलएलएम कर रहा था। बीती 16 अप्रैल को उसकी बाइक की ई-रिक्शा से टक्कर हो गई। हादसे में वह घायल हो गया। परिजन उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से दिल्ली रेफर कर दिया गया। जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। शर्मा के दो पुत्र और एक पुत्री हैं। भाई ओएनजीसी में बतौर इंजीनियर कार्यरत हैं। धीरज की बहन न्यायाधीश है।

शिव सैनिकों ने जताया शोक

हल्द्वानी : धीरज शरण की मृत्यु पर शिव सेना संगठन की ओर से रेलवे बाजार स्थित संगठन कार्यालय में शोकसभा की गई। सभी ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार भाईयू, त्रिलोक सिंह, सुनील गुप्ता, प्रमोद आर्य ने शोक जताया।

मटर के अंदर रखी थी चरस, पकड़ा गया

हल्द्वानी, अमृत विचार : एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान रानीबाग की ओर से एक बाइक आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने बाइक सवार को रोक कर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना नाम राजेंद्र सिंह निवासी धानाचूली मुक्तेश्वर बताया। उसने बताया कि वह वर्तमान में जेल रोड स्थित सागुड़ी गार्डन इलाके रहता है और इंडेन गैस की गाड़ी का चलाने का काम करता है। बाइक में एक बैग रखा था, जिसमें मटर थी। तलाशी लेने पर मटर के अंदर से 920 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में बताया कि वह चरस को मुक्तेश्वर निवासी राजू नयाल से खरीदकर लाया है और हल्द्वानी में बेचने के लिए जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

प्लान

एसपी यातायात/अपराध हरबंस सिंह ने पर्यटन सीजन के तहत ट्रैफिक सुचारू करने के लिए दिए निर्देश

डायवर्जन प्वांइट से पहले तीन जगह लगेंगे संकेत बोर्ड

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पर्यटन सीजन धीरे-धीरे जोर पकड़ने लगा है। इससे हल्द्वानी और नैनीताल में वाहनों का दबाव बढ़ रहा है। छोटे और बड़े वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस संबंध में गुरुवार को एसपी यातायात/अपराध हरबंस सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हल्द्वानी, नैनीताल, रामनगर के अलावा जिले के अन्य थाना प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यटन सीजन के दौरान पुलिस कर्मी ड्यूटी का निर्वहन जिम्मेदारी से करें।

एसपी यातायात ने सभी थाना प्रभारियों को पर्यटकों की मदद करने और अपने-अपने थाना क्षेत्रों में वाहनों का दबाव बढ़ने पर यातायात व्यवस्था को संभालने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि डायवर्जन प्वांइटों में रोड संकेत वाले फ्लेक्सी बोर्ड लगाये जायेंगे। बोर्ड तीन जगह पर लगाये जायेंगे। पहला बोर्ड डायवर्जन प्वाइंट से 500 मीटर पहले, दूसरा 200 मीटर पहले व तीसरा डायवर्जन प्वाइंट में लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि नैनीताल में पार्किंग फुल होने पर वही वाहन नैनीताल जाएंगे जो नैनीताल के स्थायी निवासी हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए थानाध्यक्ष प्वाइंटवार पुलिस बल को तैनात करेंगे और सप्ताहांत के दौरान शनिवार व रविवार को यात्रा रूट में भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक बंद रहेगा।

गौलापार स्टेडियम में वाहन पार्क कराने की तैयारी

हल्द्वानी : एसपी यातायात हरबंस सिंह ने कहा कि वाहनों के दबाव के आधार पर वाहनों का डायवर्जन, पार्किंग, शटल बस सेवा तीन चरण में की जाएगी। पहले चरण में सभी वाहन विभिन्न रूट से सीधे नैनीताल जा सेकेंगे। दूसरे चरण में नैनीताल में वाहनों का दबाव अधिक होने या पार्किंग फुल होने की स्थिति में वाहनों को रूसी बाईपास कालाढूंगी रोड व रूसी बाईपास हल्द्वानी रोड में रोका और पार्क किया जायेगा। वहां से शटल सेवा के माध्यम से पर्यटक नैनीताल में प्रवेश करेंगे। तीसरे चरण में रूसी बाईपास कालाढूंगी रोड व रूसी बाईपास हल्द्वानी रोड में वाहनों का दबाव अधिक होने पर पर्यटक वाहनों को कालाढूंगी व हल्द्वानी गौलापार स्टेडियम में पार्क किया जायेगा और वहां से शटल सेवा के माध्यम से पर्यटक नैनीताल में प्रवेश करेंगे।

छह माह से पुरानी विवेचनाओं का करें निस्तारण

हल्द्वानी : एसपी अपराध हरबंस सिंह ने कोतवाली हल्द्वानी और काठगोदाम के विवेचकों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोतवाली हल्द्वानी और थाना काठगोदाम में छह माह और एक वर्ष से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं का निस्तारण किया जाये। विवेचनाओं की गुणवत्ता में सुधार लाएं। ऑनलाइन जन सेवाओं से संबंधित प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण करें। इस दौरान सीओ नितिन लोहनी मौजूद रहे।

ट्रॉली बैग काटकर उड़ाए पांच लाख के जेवरात

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रुद्रपुर पुलिस लाइन में तैनात सिपाही की पत्नी रुद्रपुर से हल्द्वानी मैजिक वाहन में आ रही थी। रास्ते में चार युवकों ने उसके ट्रॉली बैग काटकर लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए।

नीमा राणा ने पुलिस को बताया कि उनके पति संजय राणा रुद्रपुर पुलिस लाइन में सिपाही हैं। अल्मोड़ा में नीमा की भतीजी का विवाह होने वाला है। विवाह में जाने के लिए वह 21 अप्रैल को रुद्रपुर से मैजिक वाहन से हल्द्वानी आ रही थी। उसके पास ट्रॉली बैग भी था। ट्रॉली बैग मैजिक चालक ने पीछे रख दिया। रास्ते में चार युवक वाहन में सवार हुए। इसमें एक पीछे बैठ गया। देवलचौड़ चौराहे पर चारों युवक वाहन से उतर गए। वहीं, नीमा अपनी बहन के पास गौलापार में चली गई। वहां जाकर देखा तो ट्रॉली बैग कटा हुआ था और उसमें रखे पांच लाख के जेवर सोने की नथ, पोची, झुमके, मांग टीका, माला, दो जोड़ी चांदी की पायल व पांच हजार रुपये थे। बैग में ताला लगा था, इसलिए शातिरों ने उसे काटकर जेवर निकाले। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वारदात के बाद चारों युवक रुद्रपुर की ओर जाते हुए दिख रहे हैं। देवलचौड़ से ई-रिक्शे से आधे रास्ते में आने के बाद चारों बाइकों से भाग गये।

कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि चोरी की जांच की जा रही है, जल्द ही बैग काटने वाले पुलिस गिरफ्त में होंगे।

अवैध तरीके से दो लाइनों से पेयजल कनेक्शन लेने पर फैली अव्यवस्था

लोगों की शिकायत पर फर्जी कागजात प्रस्तुत कर लाभ लेने वालों की होगी जांच

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल नगर के वार्ड संख्या छह कुआंताल क्षेत्र में नया मामला सामने आया है। यहां निवास करने वाले कई लोगों ने विभाग में जमीन और मकान के फर्जी कागजात प्रस्तुत कर पेयजल संयोजन ले लिया और बाद में जब मुख्य मोटर मार्ग की पेयजल लाइन से पानी की कमी रही तो उन्होंने मकान के ऊपर से बहने वाली जल संस्थान की मुख्य लाइन से भी पेयजल ले लिया।

मामले की जानकारी और अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर शिकायतकर्ताओं ने अवगत कराया कि जहां एक ओर लोगों को मांग के अनुरूप पानी नहीं मिल रहा है तो वहीं विभागीय कर्मचारियों की मिली भगत से कई भवन स्वामी जिनके भवन के नक्शे तक नहीं हैं उन पर विभाग विशेष अनुकंपा बनाए हुए है।

पानी नहीं आने से प्रभावित उपभोक्ताओं ने जल संस्थान के अधिकारियों से शीघ्र से शीघ्र इस प्रकार के संयोजनों को चिन्हित कर चालान आदि की कार्रवाई कर उनके संयोजन काटने की मांग की।

अब भी संचालित हैं कई अवैध बोरिंग

कुमाऊं आयुक्त के पिछले पर्यटन सीजन के दौरान अवैध बोरिंग के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश के बावजूद और राजस्व विभाग के द्वारा तीन अवैध बोरिंग को हटाने की कार्रवाई करने के बाद भी वर्तमान में एक दुकान के भीतर अवैध रूप से बोरिंग का संचालन किया जा रहा। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि जिस दिन राजस्व विभाग और जल संस्थान के कर्मचारियों के द्वारा बोरिंग हटाने की कार्रवाई की जा रही थी उस समय दुकान स्वामी ने अपनी दुकान में ताला लगाए रखा। अब जब मामला शांत हुआ तब जाकर अवैध बोरिंग से पानी का संचालन प्रारंभ कर दिया।

> मामले की जानकारी मिली है। दो तरफ से संयोजन होने की जांच की जा रही है। वहीं पानी के लिए जमा कागजात की भी जांच की जाएगी।
> **-आरपी डोबवाला,** सहायक अभियंता, जल संस्थान

पानी की समस्या नहीं हुई हल तो होगा आंदोलन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : तल्ली हल्द्वानी की प्रगति विहार कॉलोनी में गुरुवार को भी पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई। आक्रोशित लोगों ने जल निगम के सहायक अभियंता का घेराव किया। इस बीच लोगों की सहायक अभियंता के साथ हल्की नोकझोंक भी हुई। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र पानी की समस्या हल नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से पानी की समस्या बनी है। कई बार जल निगम के अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समस्या जस की तस है।

बताया कि गुरुवार को पानी की समस्या को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट से दूरभाष पर वार्ता हुई। जिसके बाद जल निगम के सहायक अभियंता टीम के साथ कॉलोनी में पहुंचे। इस बीच लोगों ने सहायक अभियंता का घेराव कर रोष प्रकट किया। चेतावनी दी कि यदि समस्या का जल्द निस्तारण न हुआ तो लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन को मजबूर होंगे। इस दौरान राजेंद्र भट्ट, हरीश चंद्र मेलकानी, मुन्नी बृजवासी, रेखा जोशी, सोनी शर्मा, दीपा ओली आदि मौजूद रहे।

जवाहर ज्योति व नारायण नगर में भी जल संकट

हल्द्वानी : शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। जल संस्थान लाख कोशिशों के बाद भी पानी की आपूर्ति सुचारू नहीं कर पा रहा है। शहर से सटे दमुवाढूंगा क्षेत्र के जवाहर ज्योति और नारायण नगर में लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। लोगों का कहना है कि वह कई बार विभागीय अधिकारियों से समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो पाया है।

रामनगर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस में कोचों की संख्या बढ़ाई

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : रेलवे प्रशासन ने गर्मियों की छुट्टी में यात्रियों की सुविधा के लिए कुमाऊं की दो ट्रेनों में कोचों की संख्या 12 से बढ़ाकर 15 कर दी है। इनमें रामनगर-चंडीगढ़ और लालकुआं-आनन्द विहार एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि 12527 और 12528 रामनगर-चंडीगढ़-रामनगर एक्सप्रेस में 29 अप्रैल से संशोधित रेक संरचना रहेगी। इसमें जीएसएलआरडी के 2, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 2, शयनयान श्रेणी के 3, साधारण द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान के 4, वातानुकूलित कुर्सीयान का 1 तथा साधारण द्वितीय श्रेणी के 2 कोचों सहित कुल 15 कोच लगाये जायेंगे।

इसी तरह 15059 और 15060 लालकुंआ-आनन्द विहार टर्मिनस-लालकुंआ एक्सप्रेस में 30 अप्रैल से जीएसएलआरडी के 2, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 2, शयनयान श्रेणी के 3, साधारण द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान के 4, वातानुकूलित कुर्सीयान का 1 तथा साधारण द्वितीय श्रेणी के 2 कोचों सहित कुल 15 कोच लगाये जायेंगे।

सौगात

- कुमाऊं की दो ट्रेनों में कोचों की संख्या 12 से बढ़कर 15 हुई
- रामनगर-चंडीगढ़, लालकुआं-आनन्द विहार ट्रेनें हैं शामिल

रामनगर से लखनऊ के लिए आज से विशेष ट्रेन

रामनगर : रामनगर से लखनऊ के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवा शुक्रवार 26 अप्रैल से शुरू होगी। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि यह ट्रेन रामनगर से सुबह नौ बजे चलकर काशीपुर, बाजपुर, लालकुआं, किच्छा, भोजपुरा, पीलीभीत होकर शाम 7.15 बजे लखनऊ पहुंचेगी। शुक्रवार रात 9 बजे लखनऊ से रवाना होकर सुबह 7.30 बजे रामनगर पहुंचेगी। शुक्रवार और शनिवार को चलने वाले इस रेल सेवा के लिए रामनगर-चंडीगढ़ रेक का इस्तेमाल होगा।

सार-संक्षेप

छात्र-छात्राओं को जागरूक करते उत्तराखंड अग्निशमन व आपात सेवा विभाग के कर्मचारी।

छात्रों को आग पर नियंत्रण करने के उपाय बताए

हल्द्वानी : उत्तराखंड अग्निशमन व आपात सेवा विभाग ने आग नियंत्रण जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल और बीजी बीज स्कूल में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। मंडी स्थित फायर स्टेशन की टीम ने छात्रों को आग लगने के कारणों तथा आग पर नियंत्रण करने के उपायों के बारे में बताया। फायर उप निरीक्षक प्रकाश सिंह मेर ने बताया कि आग लगने की स्थिति में समय रहते प्राथमिक कदम उठाने से आग को फैलने से रोका जा सकता है। फायर मैन कमलेश जोशी और त्रिलोक सिंह ने छात्रों को आग बुझाने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य प्रवींद्र कुमार रौतेला ने आग के प्रति सुरक्षा व जागरूकता के लिए उत्तराखंड अग्निशमन व आपात सेवा विभाग की ओर से किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान एकेडमिक कॉर्डिनेटर बीबी जोशी, महेश जोशी, शीला बिष्ट आदि मौजूद रहे।

जीबी पंत पुस्तकालय में लगे शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता। ● अमृत विचार

डीएसबी परिसर में शिविर लगाकर किया रक्तदान

नैनीताल : राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना डीएसबी परिसर की ओर से स्व डॉ .आरएस रावल, स्व . डॉ सुचेतन साह तथा समाज सेवी स्व कुंदन नेगी की स्मृति में गुरुवार को जीबी पंत पुस्तकालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो .दीवान एस रावत ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। आयोजक मंडल के साथ सभी विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रो .अतुल जोशी संकायाध्यक्ष वाणिज्य डीएसबी परिसर नैनीताल ने रक्त के महत्व को समझाया। शिविर में प्रो .संजय पंत, प्रो .ललित तिवारी, डॉ .विजय कुमार, डॉ .दीपक कुमार, डॉ .ललित मोहन आदि मौजूद रहे।

डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन की जानकारी देते आयोजक। ● अमृत विचार

खुर्पाताल में खेला जाएगा डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

नैनीताल : नगर के समीपवर्ती क्षेत्र खुर्पाताल में पहली बार डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा। आयोजकों ने गुरुवार को नैनीताल में पत्रकार वार्ता कर प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी दी। टूर्नामेंट के आयोजक जीवन सिंह नेगी ने बताया कि स्थानीय पूर्व खिलाड़ियों ने पहली बार डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किए जाने का निर्णय लिया है। यह प्रतियोगिता खुर्पाताल के स्थानीय खेल मैदान में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि 20 मई से प्रतियोगिता शुरू की जाएगी। जिसमें दो दर्जन टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रत्येक टीम के लिए 10 हजार रुपये एंट्री फीस रखी गई है। विजेता टीम को 51 हजार, उप विजेता टीम को 35 हजार तथा तीसरे स्थान पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम को 21 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा।

राजेंद्र और उर्मिला को मिला वाचस्पति सारस्वत सम्मान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रदेश के पांच लोगों को विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान से नवाजा गया है, जिसमें नैनीताल जिले के दो लोग शामिल हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्या पीठ मथुरा की ओर से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गौलापार के शिक्षक डॉ. राजेंद्र प्रसाद आर्य और उनकी पत्नी डॉ. उर्मिला रैसवाल को विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया है।

इस कार्यक्रम में देशभर से विभिन्न राज्यों के 47 लोगों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी गयी। डॉ. राजेंद्र ने बताया कि 13 वर्षों तक उन्होंने नेपाल से सटे सीमांत गांवों में कार्य करते हुए बालिकाओं की शिक्षा के लिए कई कार्य किए। डॉ. उर्मिला ने बताया कि बचपन से ही हिंदी कविता लेखन में उनकी रुचि रही है, लेकिन उन्होंने इसे डायरी तक ही सीमित रखा। बताया कि पति के प्रोत्साहित करने पर उन्होंने कविताओं को ई-पत्रिका में प्रकाशित करना शुरू किया। साथ ही सामाजिक कार्यों में रुचि होने के कारण सिद्धिशा कलेक्शन के नाम से महिलाओं और बच्चों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए।

विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान प्राप्त करते गौलापार के शिक्षक। ● अमृत विचार

समर स्पेशल ट्रेन शुरू पहले दिन ही हुई फुल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रेलवे प्रशासन ने काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट का संचालन शुरू कर दिया है। गुरुवार को पहले दिन काठगोदाम से मुंबई के लिए रवाना हुई समर स्पेशल यात्रियों से पैक रही। यह ट्रेन बुधवार को मुंबई से सुबह 11 बजे रवाना होकर दोपहर 2.30 बजे काठगोदाम स्टेशन पहुंची और शाम 5.30 बजे काठगोदाम से मुंबई के लिए रवाना हुई। समर स्पेशल ट्रेन से यात्रियों को काफी लाभ मिल रहा हैं।

पहले दिन ट्रेन पूरी तरह पैक होकर रवाना हुई। करीब एक हजार से अधिक यात्रियों ने मुंबई स्पेशल में सफर किया। ट्रेन के सभी कोच पैक रहे, वहीं कोच में सीट के लिए मरामारी देखने को मिली। स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि काठगोदाम मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट ट्रेन पहले दिन अपने समय से काठगोदाम स्टेशन पहुंची।

टनकपुर-बरेली के बीच चलेगी अतिरिक्त ट्रेन

हल्द्वानी : पूर्णागिरि मेले को देखते हुए रेलवे की ओर से 28 अप्रैल को टनकपुर-बरेली के बीच एक अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन टनकपुर से बरेली के बीच पड़ने वाले स्टेशनों पर भी रूकेगी। जिसमें बनबसा, खटीमा, मझोला पकड़िया, न्योरिया हुसैनपुर, पीलीभीत, बिजौरिया, भोजीपुरा, इज्जतनगर के स्टेशन शामिल हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ होने के चलते अतिरिक्त ट्रेन की व्यवस्था की गई है।

जाम से छुटकारा नहीं मिलने पर नाराजगी

हल्द्वानी, अमृत विचार : पर्यटन सीजन में जाम से छुटकारा दिलाने के लिए राज्य सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस व्यवस्था न किए जाने से व्यापारी नाराज हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्थाएं नहीं सुधारी गई तो आंदोलन किया जाएगा।

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि पर्यटन सीजन नजदीक आ गया है, लेकिन प्रदेश सरकार की ओर से काठगोदाम, रानीबाग एवं भवाली से कैंची धाम तक लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। कहा कि वर्चुअल बैठक में बागेश्वर, अल्मोड़ा, रानीखेत, पिथौरागढ़ के जिला कार्यकारिणी के साथ कुमाऊं मंडल प्रभारी अश्वनी छावड़ा से भी इस संदर्भ में वार्ता की।

जलता पेड़ टेम्पो पर गिरा, चार घायल

रामनगर, अमृत विचार: पीरूमदारा क्षेत्र में बुधवार रात जलता हुआ पेड़ एक टेम्पो पर गिर गया। सवारियां लेकर जा रहे टेम्पो के चालक समेत चार लोग घायल हो गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

देर रात ग्राम पीरूमदारा निवासी आनन्द अपने टेम्पो में तीन सवारी लेकर हाइवे पर रामनगर से पीरूमदारा की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में सड़क किनारे जल रहा पेड़ उसके टेम्पो के ऊपर जा गिरा। सूचना पर फायर ब्रिगेड और पीरूमदारा चौकी के पुलिसकर्मी घटना स्थल पर पहुंचे। एफएसओ उमेश चंद्र परगाई ने बताया कि अज्ञात कारणों से पीरुमदारा क्षेत्र में सड़क के किनारे एक खोखले पेड़ में आग लग गई थी। इस बीच वहां से गुजर रहे टेम्पो पर जलता पेड़ गिर गया।

गेहूं की जमाखोरी रोकने को स्टॉक रजिस्टर जांचे

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : गेहूं की जमाखोरी रोकने के लिए प्रशासन ने अब शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गुरुवार को कृषि उत्पादन मंडी विपणन बोर्ड और एसडीएम के निर्देश पर मंडी समिति और प्रशासन की टीम ने फ्लोर मिलों का निरीक्षण कर उनके स्टॉक रजिस्टर चेक किए। कम स्टाक मिलने पर मंडी बोर्ड रुद्रपुर और एसडीएम को इसकी रिपोर्ट भेज दी है।

गुरुवार को मंडी सचिव सहील अहमद, नायब तहसीलदार दयाल मिश्रा, वरिष्ठ विपणन अधिकारी मनोज मनराल और प्रभारी बीज प्रमाणीकरण अधिकारी प्रशांत कुमार शर्मा की संयुक्त टीम ने एसके एग्री प्रोडक्ट और बालाजी फ्लोर मिल का निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम ने बालाजी फ्लोर मिल में मौके पर 25880 कट्टा गेहूं पाया जबकि इनके स्टाक में 26130 कट्टा अवशेष था। स्टाक में 250 कट्टे कम चढ़ाए गए। इसी प्रकार एसके एग्री प्रोडक्ट्स के निरीक्षण में भौतिक सत्यापित गेहूं 41107 कट्टा मिला, जबकि फर्म का स्टॉक 41645 कट्टा अंकित था, यहां 538 कट्टा गेहूं स्टॉक से कम पाया गया। निरीक्षण टीम ने अपनी रिपोर्ट बनाकर महाप्रबंधक प्रशासन विपणन बोर्ड रुद्रपुर और उपजिलाधिकारी रामनगर को भेज दी है। इस अवसर पर मंडी निरीक्षक बच्चे लाल दुबे, नरेंद्र प्रकाश पंत, अरुण कुमार सिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

इग्नू ने परीक्षा के लिए बढ़ाई आवेदन तिथि

हल्द्वानी, अमृत विचार : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने आगामी जून माह में होने वाली सत्र की अंतिम परीक्षाओं के लिए आवेदन की तिथि लेट फीस के साथ 25 मई तक बढ़ा दी है। आवेदन से छूटे छात्र अब 25 मई तक 1100 रुपये लेट फीस भरकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र देहरादून के वरिष्ठ निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि परीक्षाएं 7 जून से 13 जुलाई तक प्रस्तावित हैं। उत्तराखंड में इस बार 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुमाऊं क्षेत्र के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पंडित बीडी पांडेय कैंपस, बागेश्वर में भी नया परीक्षा केंद्र बनाया गया है। विवि छात्रों को परीक्षा केंद्र में बदलाव का अधिकार भी देता है।

गेठिया में लगे मोमबत्ती, जैविक खेती और पशुपालन के प्रशिक्षण शिविर में मौजूद महिलाएं।

मोमबत्ती, जैविक खेत और पशुपालन का दिया प्रशिक्षण

नैनीताल : महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से नैनीताल के ज्योलीकोट के गेठिया में कृषि विज्ञान केन्द्र के तत्वावधान में मोमबत्ती, जैविक खेती और पशुपालन का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इस दौरान महिलाओं को मोमबत्ती उद्योग शुरू किए जाने को लेकर जानकारी दी गई। साथ ही मोमबत्ती बनाने के लिए महिलाओं को पांच किलो मोम, जैल, धागा, रंग समेत मोमबत्ती निर्माण की सामग्री वितरण की। महिलाओं को जैविक विधि से ग्रह वाटिका बनाकर फल व सब्जी उगाने के लिए पंत बायो एजेंट के प्रयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान डॉ. बलवंत सिंह, डॉ. वीके सिंह ने महिलाओं को कुक्कुट पालन, मछली पालन की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. कंचन नैनवाल, दीप कुमार, कमला सत्यपाल, महिपाल चन्द्र लोहनी, गोविंदी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

हल्द्वानी कोल्ट्स और एसआरएस ने जीता मैच

हल्द्वानी : नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-16 जिला लीग में गुरुवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच एसआरएस क्रिकेट एकेडमी व तन्मय क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। एसआरएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39वें ओवर में सभी विकेट खोकर 254 रन बनाए। टीम के लिए निशांत भट्ट ने 70 रन का योगदान दिया। जवाब में उतरी तन्मय क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 19 ओवर में 58 रन ही बना पाई। दूसरा मैच हल्द्वानी कोल्ट्स व हल्द्वानी क्रिकेट फाउंडेशन के बीच खेला गया। हल्द्वानी कोल्ट्स ने 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 405 रन बनाए। जवाब में हल्द्वानी क्रिकेट फाउंडेशन की पूरी टीम 12 ओवर में 46 रन ही बना पाई।

भारतीय संगीत से होती है आनन्द की प्राप्ति : देव

रामनगर : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के संगीत विभाग एवं करियर काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुदिवस व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता जगत तारण महिला डिग्री कॉलेज, प्रयागराज की डॉ . नम्रता देव रहीं। इनके द्वारा रस भाव संप्रेषण द्वारा संगीत का सौंदर्यात्मक संवर्धन विषय पर सुंदर व्याख्यान दिया गया। डॉ नम्रता देव ने बताया कि संगीत का मुख्य उद्देश्य आनंद प्राप्ति है और संगीत द्वारा आनंद की प्राप्ति रस की निष्पत्ति के कारण होता है। कार्यक्रम के निदेशक एवं प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पाण्डे ने मुख्यवक्ता का अभिनन्दन किया।

जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरित करते अतिथि। ● अमृत विचार

जरूरतमंद बच्चों को दी स्टेशनरी

हल्द्वानी : गौलापार के नयागांव लछमपुर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कई वर्षों तक सहायक अध्यापिका रहीं रेखा जोशी की स्मृति में जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई। इस दौरान उनके पति महेश जोशी, पुत्र आदित्य जोशी, डिकर सिंह पडियार, त्रिलोक तिवारी, भागीरथी देवी, हेमलता तिवारी, सावितेश गुरुरानी, प्रमोद अग्रवाल मौजूद रहे।

वन सुरक्षित रहेंगे तभी जीवन सुरक्षित रहेगा: शालिनी

रामनगर : कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ रेंज में गुरुवार को अविभाजित उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नन्दन बहुगुणा की 105वीं जयंती पर जीआईसी कालागढ़ में वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए गोष्ठी आयोजित की गई। सीटीआर और आधारशिला संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उपप्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ डा .शालिनी जोशी ने स्कूली बच्चो व अभिभावकों से कहा कि वनों की सुरक्षा के प्रति सबको मिलकर कार्य करने होंगे। वन होंगे तो तभी जीवन रहेगा। रेंज अधिकारी नंद किशोर रुवाली ने जंगलों में आग की रोकथाम से सम्बन्धित जानकारियां दीं। आधारशिला संस्थान के अध्यक्ष नरेश चन्द्र घिल्डियाल, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र अणथ्वाल, प्रशिक्षण केन्द्र के रेंजर इन्द्र सिंह बिष्ट, जीआईसी के प्रधानाचार्य डॉ. सतीश कुमार ने भी जंगलों की आग की रोकथाम के लिए विचार रखे। इस दौरान सभी लोगों ने जंगल की आग रोकने में वन विभाग को सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान डॉ. राजेन्द्र, नरेश चन्द्र घिल्डियाल, चन्द्रशेखर, वजाहद अली आदि मौजूद रहे।

अस्पताल में लोगों को मच्छरदानी वितरित करते डॉ .दुग्ताल। ● अमृत विचार

मलेरिया से बचाव के प्रति किया जागरूक

नैनीताल : मलेरिया दिवस के मौके पर गुरुवार को जिला चिकित्सालय बीडी पांडे में मलेरिया से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ .एमएस दुग्ताल ने कहा कि अब नैनीताल में भी मलेरिया के केस देखने को मिल रहे हैं, इसलिए सभी को अपने घरों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना होगा। साथ ही घर के आसपास पानी को एकत्र नहीं होने देना चाहिए, क्योंकि मलेरिया का मच्छर हमेशा एकत्र पानी में ही होता है। गर्मी में खान-पान का भी विशेष ध्यान रखना होगा। अगर किसी को भी बुखार या कफ की शिकायत हो तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। इस दौरान लोगों को मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी भी वितरित की गई। डॉ. द्रोपदी गर्ब्याल ने कहा कि जागरूकता ही हमें किसी भी बीमारी से बचा सकती है इसलिए हमें खुद के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करना होगा।

बैठक भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट ने कार्यकर्ताओं के साथ की चर्चा

लोकसभा चुनाव में कम मतदान पर चिंतन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत घटने पर गुरुवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट के नेतृत्व में बैठक की गई। इसमें कम मतदान को लेकर चिंतन किया गया। पदाधिकारियों व विभिन्न मोर्चो के मंडल अध्यक्षों और महामंत्रियों ने अपने-अपने विचार रखे।

बैठक में मंडल के प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट और विधायक सरिता आर्या ने मण्डल के पदाधिकारियों और मोर्चों के अध्यक्षों से कहा कि सरकार की योजनाओं को लोगों के मध्य अधिक से अधिक पहुंचाएं जिससे जनता योजनाओं का लाभ ले सकें। बैठक का संचालन महामंत्री मोहित लाल साह ने किया। इस दौरान महामंत्री मोहन सिंह नेगी, मोहित लाल साह, उपाध्यक्ष लाल सिंह बिष्ट, हेम बहुखंडी, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, मंडल मंत्री संतोष कुमार, सुरेश उप्रेती, मंडल मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत, मंडल आईटी संयोजक नवीन जोशी, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी अरुण कुमार, सह सोशल मीडिया ललित ढैला, महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता गंगोला, महामंत्री विमला तिवारी, अमिता साह, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशु उपाध्याय, महामंत्री ऋतुल कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सलमान जाफरी, महामंत्री मो.मोहसिन आदि मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चो के मंडल अध्यक्ष और महामंत्री।

- सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने की अपील
- मंडल अध्यक्षों व महामंत्रियों ने रखे अपने-अपने विचार

वनाग्नि बुझाने को तैनात होंगे होमगार्ड व पीआरडी जवान

मंडलायुक्त ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से की समीक्षा, वन अधिकारियों की मांग के बाद होमगार्ड व पीआरडी जवान की तैनाती का दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रशासन वनाग्नि की बढ़ती घटनाओं को लेकर गंभीर हो गया है। मंडलायुक्त दीपक रावत ने जंगलों में पैनी नजर रखने और वनों में आग लगाने वालों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

मंडलायुक्त रावत ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए वन अधिकारियों के साथ वनाग्नि को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि वनाग्नि की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जाए। आग बुझाने में रिस्पॉन्स टाइम कम से कम होना चाहिए। वनाग्नि पर नियंत्रण के लिए प्रभारी वनाधिकारी स्तर पर अधिकारी नामित करने और जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए। कहा कि जंगलों में जहां-जहां आग लगी हैं, वहां-वहां अधिकाधिक फायर वॉचर तैनात किए जाएं। जिन क्षेत्रों में आग लगी है, उक्त क्षेत्रों के फायर वॉचर, वन रक्षक अनिर्वाय तौर से उन क्षेत्रों में मौजूद रहें और आग बुझाने में कोताही नहीं बरतें। कहा कि यदि कोई जानबूझकर वनों में आग लगाता मिले तो उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर कराई जाए। मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो ने वनाग्नि पर काबू पाने के लिए पीआरडी एवं होमगार्ड जवानों की मांग की। इस पर मंडलायुक्त ने जिला स्तर से पीआरडी एवं होमगार्ड की तैनाती शीघ्र करने को कहा। इस दौरान वन संरक्षक टीआर बीजू लाल एवं डॉ. विनय भार्गव आदि मौजूद रहे।

वीडियो कांफ्रेंसिंग से अधिकारियों की बैठक लेते मंडलायुक्त दीपक रावत।

अपेक्षा से अधिक धधक रहे जंगल, बढ़ने लगी चुनौती

नैनीताल : जंगलों में लगी आग अब वन विभाग के लिए चुनौती बनने लगी है। गर्मी में जंगल अपेक्षा से अधिक तेजी से जल रहे हैं जिससे अब तक हजारों हेक्टेयर अमूल्य वन संपदा जलकर खाक हो गई। हालांकि जंगलों की आग बुझाने के लिए देहरादून से लेकर उत्तराखंड के सभी जिला स्तर के कार्यालयों में बैठक और प्लान बन रहे हैं। मगर इसके बावजूद भी जंगल जल रहे हैं और रोजाना जंगलों में आग लगने की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। दमकल विभाग की जानकारी के आधार पर नैनीताल के पटवाडागर, ज्योलिकोट, सेनीटोरियम, साततााल, लडियाकाटा, भवाली और नारायण नगर के जंगलों में आग लगी है। जिन पर दमकल कर्मियों ने काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि नैनीताल शहर के आसपास के क्षेत्र में रोजाना पांच से छह आग की घटनाएं हो रही हैं।

विधायक ने मिलाया फोन तो वन विभाग का नंबर निकला बंद

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जनपद नैनीताल के जंगल आग से धधक रहे हैं। वनाग्नि के धुएं से आसमान काला दिखने लगा है, लेकिन वन विभाग की ओर से जारी किया गया टोल फ्री नंबर बंद है। विधायक सुमित हृदयेश ने दो बार टोल फ्री नंबर पर फोन किया तो नंबर बंद आया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी मशीनरी वनाग्नि पर काबू पाने में नाकाम साबित हो रही है।

गुरुवार को विधायक सुमित हृदयेश के पास आमजन व पर्यावरविद वनाग्नि की समस्याओं को लेकर पहुंचे। उन्होंने विधायक को बताया कि वनाग्नि की वजह से पर्यावरण नष्ट हो रहा है। साथ ही इंसान और जानवरों की सेहत पर भी फर्क पड़ रहा है। इस पर विधायक ने वन विभाग की ओर से जारी किए गए टोल फ्री नंबर पर दो बार फोन मिलाया तो नंबर बंद आया। विधायक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकारी मशीनरी के पास वनाग्नि पर काबू पाने का कोई तरीका नहीं है। वनाग्नि आबादी वाले इलाकों में पहुंच रही है, इससे लोगों पर भी खतरा बन रहा है।

बोले सुमित

- वनाग्नि पर काबू पाने में नाकाम है सरकारी मशीनरी
- आबादी में पहुंच रही आग से लोगों को खतरा

सरकार के पास आग बुझाने के इंतजाम नहीं : बल्यूटिया

हल्द्वानी, अमृत विचार : कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने वनाग्नि की घटनाओं को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के जंगल भीषण आग की चपेट में हैं, मगर सरकार के पास वनाग्नि बुझाने के इंतजाम नहीं हैं। कहा उत्तराखंड में 67 प्रतिशत जंगल है, जो वैश्विक पर्यावरण के संतुलन के साथ-साथ पर्यटन में भी अहम भूमिका निभाते हैं। जिससे यहां लोगों को रोजगार का भी लाभ होता है। ऐसे संवेदनशील विषय पर सरकार का कोई दृष्टिकोण नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास जंगल बचाने का समय नहीं है, क्योंकि सरकार को खनन और आबकारी से ही फुर्सत नहीं है।

50 किमी. हाईटेंशन लाइनों को भूमिगत करेगा विभाग

गौरव तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : बिजली विभाग ने 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइनों को भूमिगत करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए विभाग ने एडीपी तैयार की है। मूल्यांकन होने के बाद डीपीआर तैयार की जाएगी।

हाईटेंशन लाइनों को भूमिगत करने की योजना लंबे समय से बन रही थी, जो अब परवान चढ़ती नजर आ रही है। भूमिगत केबल के अंतर्गत बिजली विभाग 50 किलोमीटर तक लाइनों को बिछायेगा। जिससे 11 बिजली उपकेंद्र को कवर किया जाएगा। इसमें स्टेशन रोड, नैनीताल रोड, गांधीनगर, बाजार क्षेत्र, आजाद नगर, बरेली रोड, रामपुर रोड, कालाढूंगी, नई बस्ती, उत्तर उजाला, धानमिल, तिकोनिया, राजपुरा आदि क्षेत्र शामिल हैं। इन सभी स्थानों से निकल रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइनों को भूमिगत किया जाना है।

डीपीआर तैयार होने के बाद शासन को भेजी जाएगी। बिजली विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि सब कुछ ठीक रहा तो इस बार हाईटेंशन लाइनों को भूमिगत करने का कार्य शुरू हो जाएगा। इससे लोगों को भी काफी राहत मिलेगी।

कवायद शुरू

- 11 हजार वोल्ट क्षमता की लाइनें भूमिगत करने की योजना
- बिजली विभाग डीपीआर बनाकर शासन को भेजेगा

शीशमहल क्षेत्र में नौ घंटे गुल रही बिजली

हल्द्वानी, अमृत विचार : शीशमहल क्षेत्र के सेंट पॉल व कॉलटैक्स में गुरुवार को बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे लोगों को गर्मी के मौसम में परेशानी उठानी पड़ी। इन दिनों 33 केवी और 11 केवी की लाइनों की चपेट में आ रहे पेड़ों की कटाई-छटाई का कार्य चल रहा है। इस वजह से गुरुवार को शीशमहल क्षेत्र में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक करीब 9 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति सुचारू हुई, जिससे लोगों को राहत मिली।

जेईई मेंस में कई छात्र छात्राओं ने मारी बाजी

इंस्पिरेशन स्कूल के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के सेशन-2 के लिए जारी किए गए नतीजों में शहर के अलग-अलग स्कूलों व संस्थाओं में अध्ययनरत कई छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी है। इंस्पिरेशन स्कूल के सात छात्रों ने सफलता प्राप्त की है, जिसमें रूद्र प्रताप सिंह धर्मवाल ने 97.97 प्रतिशत, राजकमल प्रसाद ने 97.27 प्रतिशत, कनक माहेश्वरी ने 96.46 प्रतिशत, राहुल कार्की ने 96.7 प्रतिशत, ऋषभ पांडे ने 95.91 प्रतिशत, प्रविज्ञा नेगी ने 91.67 प्रतिशत और मयंक तिवारी ने 84.30 परसेंटाइल प्राप्त की है।

छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधक दीपक बल्यूटिया, डॉ. गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, ममता तनेजा ने खुशी जताई है। इधर, संकल्प ट्यूटोरियल के छात्र अभिषेक शर्मा, तनिष्क अधिकारी ने 99.50 प्रतिशत, हिमांशु साहू ने 99.20 प्रतिशत, वेदांश तिवारी ने 99.10 प्रतिशत और भास्कर अधिकारी ने 99.10 परसेंटाइल प्राप्त की है। संस्थान के निदेशक परगट सिंह बरार ने छात्रों को बधाई दी।

मतगणना के लिए लगेंगी 14-14 टेबल

हल्द्वानी, अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज में लोकसभा चुनाव की मतगणना संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने गुरुवार को समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने कई अहम निर्देश दिए।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह ने मतगणना भवन की समस्त व्यवस्थाओं जैसे काउंटिंग हॉल, काउंटिंग टेबल, कंट्रोल रूम आदि की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के मतगणना के लिए जारी किए गए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि विधानसभाओं की मतगणना के लिए कक्षों में प्रत्येक विधानसभा के लिए 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रहलाद सिंह मीणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी आदि मौजूद रहे।

स्ट्रांग रूमों की सुरक्षा में तैनात होंगे मजिस्ट्रेट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिलाधिकारी वंदना सिंह ने ईवीएम की सुरक्षा के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती की है। इसके लिए बकायदा रोस्टर जारी किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि नैनीताल संसदीय सीट के लिए जिले में 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। नैनीताल सीट के लिए नैनीताल, भीमताल, कालाढूंगी, लालकुआं, हल्द्वानी और गढ़वाल संसदीय सीट के लिए रामनगर विधानसभा सीटों की ईवीएम को एमबीपीजी कॉलेज में बने स्ट्रॉंग रूम में थ्री लेयर सुरक्षा में रखा गया है। उन्होंने कहा कि स्ट्रॉंग रूमों की सुरक्षा के लिए मजिस्ट्रेट भी तैनात किए जाते हैं जो नियमानुसार निरीक्षण करेंगे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंगे। इसके लिए एडीएम से एसडीएम स्तर तक के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार व रविवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व, प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को एडीएम प्रशासन तैनात रहेंगे। वहीं, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार, एसडीएम हल्द्वानी प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार, एसडीएम कालाढूंगी प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार, एसडीएम भीमताल, रामनगर व नैनीताल को तीन से चार दिन में एक बार अनिवार्य तौर से निरीक्षण का जिम्मा सौंपा है।

सतर्कता

- जिलाधिकारी वंदना सिंह ने दिए निर्देश, रोस्टर जारी
- एडीएम से एसडीएम तक लगाई गई ड्यूटी

उपखनिज का आंकलन करने नंधौर पहुंची टीम

हल्द्वानी, अमृत विचार : शासन के निर्देशानुसार छह सदस्यीय टीम गुरुवार को नंधौर नदी में उपखनिज का आंकलन करने पहुंची। संभावना है कि टीम आज अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप देगी।

नंधौर नदी में खनन सत्र 2023-24 में खनन का लक्ष्य 5.20 लाख घन मीटर पूरा हो गया है। इसके बाद वन विकास निगम ने नदी में खनन का लक्ष्य बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। शासन ने छह सदस्यीय टीम गठित की थी जो नदी में उपखनिज का आंकलन करेगी।

इधर, गुरुवार को टीम ने नंधौर नदी में उपखनिज का आंकलन किया। टीम ने नदी में चैनलाइजेशन के लिहाज से संवदेनशील स्थानों पर भी उपखनिज का आंकलन किया। इस दौरान एसडीएम परितोष वर्मा, भूवैज्ञानिक दिनेश कुमार, एसडीओ संतोष पंत, डीएलएम धीरेश बिष्ट, तहसीलदार सचिन कुमार मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

खाद्य पदार्थों की जांच करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश चंद्र टम्टा। ● अमृत विचार

एक्सपायर पापड़, मसाले व दूध बेचने पर काटा चालान

हल्द्वानी : खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार को ढाबों और रेस्टारेंट में छापेमारी अभियान चलाया। जांच के दौरान गन्ना सेंटर के पास और बड़ी मुखानी में दो प्रतिष्ठानों में एक्सपायर खाद्य सामग्री मिली, जिस पर प्रतिष्ठान स्वामियों का चालान काटा गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश चंद्र टम्टा ने हल्द्वानी में करीब 15 प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छह खाद्य पदार्थों के नमूने रुद्रपुर स्थित प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे। इस दौरान रामपुर रोड पर गन्ना सेंटर के पास स्थित कुमाऊं रसोई में मसाले, पापड़ और दूध एक्सपायर मिला। वहीं बड़ी मुखानी में वैष्णो कम्युनिकेशन एंड पतंजलि स्टोर में भी एक्सपायर सामान मिला। टम्टा ने प्रतिष्ठान स्वामियों का मौके पर चालान काटते हुए उन्हें एक्सपायर सामान तुरंत नष्ट करने के निर्देश दिये। बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

आज से जाखनदेवी मार्ग का निर्माण शुरू होगा

अल्मोड़ा : नगर के विवादित और लंबे अरसे से खस्ताहाल जाखनदेवी मार्ग के सुधारीकरण का कार्य शुक्रवार से शुरू हो जाएगा। गुरुवार को नगर के लोगों का एक शिष्टमंडल इस मामले को लेकर जल निगम के अधिकारियों से मिला। वार्ता के दौरान विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार से निर्माण कार्य शुरू कराए जाने के बारे में जानकारी दी। शिष्टमंडल के सदस्यों ने विभाग के अधिकारियों का बताया कि सीवर लाइन के निर्माण के दौरान यह मार्ग खस्ता हालत में पहुंच गया है। जिस कारण इधर उधर आवाजाही करने वाले लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

समर्थ पोर्टल से 28 तक होंगे आवेदन

हल्द्वानी : स्नातक के चौथे व छठे और स्नातकोत्तर के चौथे सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थी अब समर्थ पोर्टल के जरिये 28 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इस तिथि तक विद्यार्थी परीक्षा फीस भी जमा कर सकते हैं। सेमेस्टर परीक्षाओं के संबंध में गुरुवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय, एमबीपीजी कॉलेज और उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम पीआर चौहान के साथ हुई वार्ता सकारात्मक रही। परीक्षा नियंत्रक महेंद्र राणा ने बताया कि परीक्षाएं एमबीपीजी कॉलेज में ही आयोजित होंगी। मतगणना के दौरान होने वाली परीक्षाओं की तिथि में संशोधन किया जाएगा।

खाटू श्याम के लिए नहीं मिल रहे यात्री

हल्द्वानी, अमृत विचार : अयोध्या के बाद अब खाटू श्याम के लिए रोडवेज बसों को यात्री नहीं मिल रहे है। जिससे बस सेवा बंदी की कगार पर आ गई है।

पिछले एक सप्ताह सवारियों की कमी से बस का संचालन ठप रहा। वहीं कुरुक्षेत्र व मथुरा के लिए जाने वाली बसें भी कम यात्रियों के साथ रवाना हो रही हैं। अयोध्या के लिए भेजी जाने वाली निगम की 3 बसें यात्री न मिलने पर एक माह से खड़ी हैं। वहीं फरवरी में खाटू श्याम के लिए प्रारंभ की गई बस का संचालन भी सवारियां न मिलने से संकट में आ गया है। यात्री न होने से पिछले एक सप्ताह से इसे निर्धारित मार्ग पर नहीं भेजा जा सका है। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि यात्रियों की संख्या बढ़ते ही बसों को फिर से भेजना शुरू किया जाएगा।

पूर्ति विभाग में लोगों को नहीं मिल रही सही जानकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

- नाम कटवाने और चढ़वाने के लिए करनी पड़ रही मशक्कत
- बोले अधिकारी-ऑनलाइन व ऑफलाइन होती है प्रक्रिया

अमृत विचार : रामपुर रोड स्थित पूर्ति विभाग के कार्यालय में प्रतिदिन दर्जनों लोग अपने राशन कार्डों में नाम चढ़वाने व कटवाने के कार्यों के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन विभाग के कर्मचारियों की ओर से सही जानकारी न देने लोग गुमराह हो रहे हैं। गुरुवार को पूर्ति विभाग के कार्यालय में देवलचौड़ बंदोबस्ती से आई दीपा देवी को जानकारी न मिलने के कारण बेरंग लौटना पड़ा।

उन्होंने बताया कि पिछले तीन माह से कार्यालय आ रही हैं, लेकिन विभाग के कर्मचारी सही जानकारी नहीं देते हैं। नए राशन कार्ड में बहू का नाम जुड़वाना है, लेकिन विभाग के कर्मचारी इसमें एक साल का समय लगने की बात कहते हैं। बताया कि बहू का नाम उसके मायके के राशन कार्ड से हटा दिया है, लेकिन यहां अधिकारी नाम नहीं हटने की बात कह रहे हैं।

पूर्ति निरीक्षक रेनू त्रिपाठी ने बताया कि ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन माध्यम से भी नाम हटवाना पड़ता है। जिस क्षेत्र से राशन कार्ड से ऑफलाइन नाम हटाया गया है, वहीं के पूर्ति विभाग कार्यालय की ओर से ऑनलाइन नाम हटाया जाता है। प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होती है।

प्राध्यापकों को दो साल से नहीं हुआ परीक्षा ड्यूटी का भुगतान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज के प्राध्यापकों को दो साल से परीक्षा ड्यूटी का पारिश्रमिक नहीं मिला है। पूर्व में विश्वविद्यालय की ओर से प्राध्यापकों सहित सभी कार्मिकों को समय पर परीक्षा ड्यूटी का भुगतान किया जाता था, लेकिन पिछले दो साल से यह भुगतान नहीं हुआ है।

प्राध्यापकों को पीजी कक्षा की कॉपी जांचने के लिए 10 रुपये प्रति कॉपी और यूजी कक्षाओं के लिए 5 रुपये प्रति कॉपी के अनुसार भुगतान किया जाता है। साथ ही कार्मिकों को प्रति परीक्षा 100 रुपये मिलते हैं। पूर्व में परीक्षाएं समाप्त होने के तुरंत बाद परीक्षा ड्यूटी का भुगतान कर दिया जाता था, लेकिन पिछले दो साल से भुगतान न होने से प्राध्यापकों व कार्मिकों में नाराजगी है।

एमबीपीजी कॉलेज के एक प्रोफेसर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्राध्यापकों सहित अधिकांश कार्मिक ड्यूटी करने के इच्छुक नहीं हैं। बताया कि एक तो विश्वविद्यालय समय पर भुगतान नहीं कर रहा है और दूसरा परीक्षा ड्यूटी की भुगतान राशि इग्नू और मुक्त विश्वविद्यालय से कम है। यही कारण है कि कार्मिक इग्नू और मुक्त विश्वविद्यालय में स्वैच्छिक तौर पर परीक्षा ड्यूटी करते हैं, जबकि कॉलेज में परीक्षा ड्यूटी करने के लिए कोई तैयार नहीं रहता है। बताया कि बाबू स्तर के कर्मचारियों से अनुरोध कर उन्हें परीक्षा ड्यूटी में लगाया जाता है।

कटौती का भी नहीं मिल रहा लाभ

हल्द्वानी : कुमाऊं विश्वविद्यालय कार्मिकों के परीक्षा पारिश्रामिक से 5 प्रतिशत की कटौती कर शिक्षक कल्याण कोष में जमा करता है। इस कोष का उद्देश्य दुर्घटना में घायल कार्मिकों और मृताश्रितों की मदद करना है, लेकिन हैरानी है कि एमबीपीजी कॉलेज के कार्मिकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। पूर्व कुलपति डॉ. डीके नौटियाल ने कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. एसके श्रीवास्तव की शिकायत पर इस कटौती को बंद करने का आदेश दिया था, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है।

नुपुर नृत्य कला केंद्र में पत्रकारों से वार्ता करते संस्था के पदाधिकारी।

वेदक 2024 में राष्ट्रीय स्तर के कलाकार देंगे प्रस्तुति

हल्द्वानी : नूपुर नृत्य कला केंद्र अपने संस्थापक स्व. वेद प्रकाश गुप्ता की स्मृति में वेदक 2024 का भव्य आयोजन करने जा रहा है। शनिवार व रविवार को आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर के कलाकार प्रस्तुति देंगे। गुरुवार को पत्रकार वार्ता में संस्था की निर्देशिका मीनू अग्रवाल बिष्ट ने बताया कि संस्था की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम किया जायेगा। जिसमें पहले दिन जूनियर ग्रुप की ओर से लोक नृत्य, वोकल और नूपुर के विद्यार्थी कृष्ण लीला का मंचन करेंगे। दूसरे दिन रामायण का भव्य आयोजन होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथक नृत्यांगना श्रुति सिन्हा की विशेष प्रस्तुति रहेगी। वार्ता के दौरान तरुण बंसल, साकेत अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, देवेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से निकाली निशान यात्रा

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : बाबा श्याम खाटू मन्दिर समिति व बाबा मोटेश्वर महादेव सेवा दल परिवार के तत्वावधान में खाटू श्याम के भक्तों ने नगर में भव्य ध्वज और निशान यात्रा निकाली। श्याम भक्त हाथों में भगवान का झंडा लेकर भजन कीर्तन की धुन के साथ नगर के मुख्य मार्गों में घूमे। निशान यात्रा श्याम खाटू मंदिर भवानी गंज से प्रारम्भ होकर पुलिस लाइन होते हुए मुख्य बाजार की गलियों से निकलकर रानीखेत रोड, कोसी रोड होते हुए पायते वाली रामलीला में जाकर समाप्त हुई। निशान यात्रा में भारी संख्या में लोग हाथों में ध्वज लेकर चल रहे थे।

देर रात्रि तक पायते वाली रामलीला में नंद किशोर नंदू भैया के साथ भजन गायिका दिशा अरोरा, वंशिका गुप्ता एवं भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी ने भजनों की प्रस्तुति दी। इसके उपरांत देर रात तक विशाल भंडारे में श्रद्धलुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्याम खाटू मंदिर समिति के गोपाल चंद्र, देवकी नंदन अग्रवाल, प्रेम जैन, धर्मेंद्र जैन, मुरली मारवाड़ी, पराग मारवाड़ी, बाबा मोटेश्वर सेवादल के सही अग्रवाल महंत, राम गर्ग, स्वास्तिक गुप्ता, अंशुल अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, आशीष, हर्षत अग्रवाल, सागर माहेश्वरी, पीयूष अग्रवाल, अविरल अग्रवाल, प्रसून अग्रवाल, प्रियांशु बंसल, नीमा मठपाल, भावना भट्ट मौजूद रहे।

निशान यात्रा में ध्वज के साथ शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

एसटीएच को मिला एनएबीएच प्रमाण पत्र

हल्द्वानी, अमृत विचार : डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) को एनएबीएच प्रमाण-पत्र मिला है। यह राज्य का पहला राजकीय चिकित्सालय है, जिसको एनएबीएच से गुणवत्तायुक्त चिकित्सकीय सुविधा देने पर प्रमाण-पत्र मिला है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स (एनएबीएच) भारत में एक स्वायत्त संगठन है। पिछले दो सालों में एनएबीएच के निरीक्षण दल ने कई बार अस्पताल का निरीक्षण किया। चिकित्सकीय सुविधाओं और कई बार कमियों को पूरा करने के लिए कहा। जिसके फलस्वरूप प्रमाण-पत्र जारी किया गया है।

गन्ना किसानों को नहीं हुआ सात करोड़ रुपये का भुगतान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गन्ना पेराई के बाद चीनी मिलों को बंद हुए एक माह से अधिक समय हो गया, लेकिन अब तक गन्ना किसानों को भुगतान नहीं हो पाया है। कई किसानों ने गन्ने की नई फसल भी लगा दी है।

किसानों की आय बढ़ाने के दावे अकसर होते रहते हैं, लेकिन उनकी उपज का उन्हें उचित मूल्य समय पर नहीं मिल पा रहा है। करीब 2000 गन्ना किसानों का चीनी मिलों पर 7.12 करोड़ रुपये का बकाया है। सितारगंज स्थित चीनी मिल ने जरूर चोरगलिया के किसानों का भुगतान कर दिया है, लेकिन किच्छा व बाजपुर चीनी मिलों के ऊपर अब भी किसानों का बकाया शेष है। लामाचौड़ निवासी किसान गुरमीत सिंह ने बताया कि उन्हें नई फसल बोने के समय भुगतान की उम्मीद थी, लेकिन अब तक पूरा भुगतान नहीं हो पाया है। बैलपड़ाव के किसान संजय धपोला ने बताया कि क्षेत्र के किसान बाजपुर स्थित चीनी मिल में गन्ना भेजते हैं। मिल ने बीती 17 जनवरी तक भुगतान कर दिया है। गन्ने की एमएसपी कम होने व समय पर भुगतान न होने से परेशानी हो रही है। इधर, गन्ना विकास समिति के सचिव आदित्य कुमार ने कहा कि मिलों की ओर से किसानों को समय पर भुगतान किया जाए, इसकी व्यवस्था की जा रही है।

राज्य कर विभाग की संयुक्त आयुक्त से मिलते टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

राज्य कर अधिकारियों से मिले टैक्स बार पदाधिकारी

हल्द्वानी : हल्द्वानी टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने गुरुवार को राज्य कर विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की। इसके साथ ही बार अध्यक्ष संजय पांडे के नेतृत्व में रुद्रपुर एडीशनल कमिश्नर, राज्य कर राकेश वर्मा से भी शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर टैक्स बार एसोसिएशन के सचिव अक्षय अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र आहूजा, विनय टंडन, सुमित कुमार गुप्ता, एनके जोशी, हिमांशु कोठारी, दिनेश चंदोला, महेंद्र सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

सार संक्षेप

टीडीसी में गेहूं बीज का अंत:ग्रहण शुरू

पंतनगर : उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम की ओर से किसानों को उच्चकोटि के बीज उपलब्ध कराने के लिए असंसाधित गेहूं बीजों का हल्दी, नगला, खटीमा व धनौरी (हरिद्वार) आदि संयंत्रों सहित परियोजना कार्यालय कोटाबाग व देहरादून आदि स्थानों पर अंत :ग्रहण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। निगम की ओर से कृषकों को असंसाधित बीज अंत :ग्रहण (इन्टेक) कराने की पूर्व की भांति सुविधा प्रदान की गई है। निगम इस वर्ष एचडी 2967, एचडी 3086, उन्नत पीबीडब्लू 343, डीबीडब्लू 303, पीबीडब्लू 1 जेडएन, उन्नत पीबीडब्लू 550, डीबीडब्लू 222, डीबीडब्लू 327, एचडी 3271 एवं पर्वतीय प्रजाति वीएल 967, वीएल 953, वीएल 3004 आदि प्रजातियों का अंत :ग्रहण किया जा रहा है। निगम ने इस वर्ष गेहूं बीज के अन्त :ग्रहण का लक्ष्य लगभग एक लाख क्विंटल निर्धारित किया है। निगम अपने बीज उत्पादको को गेहूं बीज का अग्रिम भुगतान 2330 .00 रुपये प्रति क्विंटल और एकमुश्त 2555 .00 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान कर रहा है।

भाजपा नेता गौरी ने राज्यसभा सांसद को दी बधाई

दिल्ली में राज्यसभा सांसद को बुके देते भाजपा नेता सुरेश गौरी व अन्य।

रुद्रपुर : दिल्ली में उत्तराखंड के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने राज्यसभा सांसद की शपथ ली। इस दौरान रुद्रपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गौरी सपरिवार वहां पहुंचे और शपथ ग्रहण समारोह के बाद राज्यसभा सांसद को बुके भेंट कर शुभकामनाएं दीं। भाजपा नेता गौरी ने कहा कि उत्तराखंड के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि जब महेंद्र भट्ट को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही राज्यसभा के सांसद के रूप में भी कार्य करने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता तरुण पंत, हरीश जोशी, वीरेंद्र कुमार, विनीत पंत आदि मौजूद थे।

समाजसेवी खरबंदा ने वितरित किया 73 क्विंटल गेहूं

विजेताओं को पुरस्कार के रूप में गेहूं देते समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा।

रुद्रपुर : लोकसभा चुनाव में रुद्रपुर के मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा ने अभियान चलाया था। इसके तहत 10 विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5-5 क्विंटल गेहूं एवं 23 विजेताओं को एक-एक क्विंटल गेहूं के रूप में द्वितीय पुरस्कार वितरित किया। समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा ने एक अभिनव पहल करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने का अभियान चलाया। साथ ही घोषणा करते हुए कहा कि नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र में कोई भी मतदाता जो मतदान कर उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से अमिट स्याही का निशान की फोटो भेजेगा उसे लक्की ड्रा के माध्यम से गेहूं वितरित किया जाएगा। इस दौरान नरेंद्र, सीए हरनाम चौधरी, अशोक सिंघल, समाजसेवी सुशील गाबा, मनीष अग्रवाल, हरीश ठुकराल, किशन ग्रोवर आदि मौजूद थे।

रेडक्रास शिविर में हो रहा मरीजों का उपचार

चैती मेले में लगे शिविर में उपचार को आए मरीज। ● अमृत विचार

काशीपुर : ऐतिहासिक चैती मेला परिसर में भारतीय रेडक्रास सोसायटी काशीपुर शाखा इकाई व स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में निशुल्क रेडक्रास शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में दूरदराज से आए विभिन्न रोगों से ग्रस्त रोगियों का चिकित्सीय उपचार किया जा रहा है। रेडक्रास सोसायटी के चिकित्सकों के साथ साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारायण नगर की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पूर्वी प्रजापति के नेतृत्व में 24 घंटे चिकित्सीय टीम रोगियों का उपचार कर रही है। वहीं रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार कर रहे डॉ. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि इस बार जुकाम, बुखार, गला दर्द, सिर दर्द, एलर्जी, डायरिया के साथ साथ पेट दर्द, दाड़ दर्द गम्भीर चोटों के रोगियों की संख्या अधिक है। शिविर के सुचारु रूप से संचालन में सचिव अरुण पंत, सरोज ठाकुर, कौशलेश गुप्ता, डॉ. अकील, डॉ. हिमांशु, अनीता पंत, डा. शेखर, जैड रहमान, महफूज आलम, नेहा लटवाल आयुषी आर्या निशा परवीन, दीपिका आदि शामिल हैं।

डायनेस्टी के 17 बच्चों ने पास की जेईई मेंस परीक्षा

खटीमा : डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के प्रियांशु पोखरिया 95 .61, आशीष कार्की 95, युगल भट्ट 94 .30, प्रथम भट्ट 91 .75, दिव्यांशु 90 .77, स्वीजल जोशी 90 .73, भूमित खनका 90 .41, निखिल महर 89 .66, आयुष भट्ट 87 .96, नरेंद्र रावत 87 .51, आयुष मल 86 .44, आशीष कन्याल 85 .56, सारांश भट्ट 85, रोहित मुरारी 83 .65, मेघा सामंत 82 .33, मो जावेद 82 .18, आयुषी 81 .11अंक प्राप्त कर जेईई मेंस प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन आदि ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

इधर नोजगे पब्लिक स्कूल हैप्पी मैम ने खाते हार्दिक अरोड़ा ने 97 .05 परसेंटाइल प्राप्त कर सफलता हासिल की है। प्रबंध निर्देशिका सुरेंद्र कौर और प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने हार्दिक की इस सफलता पर बधाई दी है।

मॉडलिंग व डांस प्रतियोगिता आज

काशीपुर : बाजपुर रोड स्थित गौतमी हाइट्स में मॉडलिंग व डांस प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। आयोजिका निशा शर्मा ने बताया कि मॉडलिंग व डांस प्रतियोगिता शाम तीन बजे से शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम मेहरोत्रा, विशेष अतिथि विधायक त्रिलोक सिंह चीमा होंगे।

चोरों ने उड़ाई लाखों की नगदी और जेवरात

खटीमा : इस्लामनगर में ग्राउंड फ्लोर पर किसी की मौजूदगी न होने का लाभ उठाते हुए चोरों ने घर का ताला तोड़कर सवा लाख की नकदी सहित लाखों के जेवरात उड़ा लिए। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौका मुयायना कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड संख्या तीन निवासी मो. राशिद के मकान से चोरों ने उस समय नकदी और जेवरात उड़ा ले गए जब घर के लोग पहली मंजिल पर सो रहे थे। गृह स्वामी मोहम्मद राशिद ने बताया कि परिवार के लोग पहली मंजिल पर सो रहे थे। रात्रि में चोर घर में घुसकर बैग में रखे एक लाख 25 हजार की नकदी के साथ अलमारी को तोड़कर उसमें से सात तोले सोने के जेवरात चुरा ले गए। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया।

मतदान के बाद सस्ता गल्ला दुकानों पर गिरी गाज

राशन वितरण धांधली की चल रही थी जांच, निलंबित दुकानें हुईं अटैच, एक पर लटकी तलवार, राशन माफियाओं में मचा हड़कंप

खबर का असर

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए हुए मतदान के बाद जिला पूर्ति विभाग ने आखिरकार जांच में दोषी पाई गईं चार सस्ता गल्ला की दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सस्पेंड कर दूसरे सस्ता गल्ला की दुकानों में अटैच कर दिया है, जबकि एक दुकान पर कार्रवाई की तैयारी चल रही है। वहीं विभाग की इस कार्रवाई के बाद सस्ता गल्ला वितरण में धांधली करने वाले राशन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। यदि विभाग ने बारीकी से जांच की तो अभी कई सस्ता गल्ला विक्रेता इसकी जद में आ सकते हैं।

अप्रैल माह में शहर के कई सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने नियम विरूद्ध पर्ची देकर कार्डधारकों को कई दिन का राशन नहीं देने, निर्धारित गल्ला अधिभार से कम राशन रखने, रिकॉर्ड को व्यवस्थित नहीं रखने के अलावा कार्डधारकों के बयान दर्ज किए। प्रारंभिक जांच में यह मामला पकड़ा गया कि गल्ला विक्रेता गोदाम से राशन तो मंगवा लेते हैं, लेकिन कार्डधारकों को सुचारू रूप से राशन का वितरण नहीं करते हैं। राशन वितरण में धांधली कर मोटा मुनाफा सस्ता गल्ला माफिया कमा रहे हैं। पूर्ति विभाग की टीम ने जब पड़ताल की तो मामला सही पाया गया।

> राशन वितरण धांधली प्रकरण की जांच करवाई गई थी। जिसमें पांच दुकानों के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर डीएम कार्यालय भेजी गई थी। जिस पर जांच रिपोर्ट पर डीएम द्वारा आदेश करने के बाद सलीम अहमद, सुरेश पाल, ईश्वर शर्मा और अतुल कुमार की दुकानों को सस्पेंड कर दूसरी दुकानों ने अटैच कर दिया है। इसके अलावा एक दुकान पर कार्रवाई की तैयारी चल रही है। राशन वितरण में धांधली करने वालों पर विभाग सख्त कार्रवाई करेगा।
> **-श्याम लाल आर्या, जिला पूर्ति अधिकारी, ऊधमसिंह नगर**

> राशन वितरण धांधली में मिल रही शिकायतों के आधार पर सस्ता गल्ला दुकानों की जांच की गई और मौका मुआयना कर कार्डधारकों के बयानों को दर्ज किया गया। जांच रिपोर्ट भेजने के बाद सस्ता गल्ला रंपुरा सुरेश पाल की दुकान सुमन गुप्ता, सतीश आर्या की दुकान को भी सुमन गुप्ता, सलीम अहमद की दुकान को कैला देवी खेड़ा, ईश्वर शर्मा भदईपुरा की दुकान को नरेश कुमार खेड़ा और गंगापुर अतुल कुमार की दुकान को राजेंद्र बांगा की दुकान में अटैच किया गया है।
> **-अनीता तिवारी, पूर्ति निरीक्षक, रुद्रपुर**

इसके आधार पर पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने रपुरा स्थित सुरेश पाल, सतीश आर्या, सलीम अहमद, ईश्वर शर्मा भदईपुरा और गंगापुर अतुल कुमार के खिलाफ जांच की और रिपोर्ट आला अधिकारियों को प्रेषित की। वहीं जिला पूर्ति अधिकारी श्याम लाल आर्य ने दो एआरओ से दुकान संचालकों की जांच करवाकर रिपोर्ट तैयार की और डीएम को प्रेषित कर दी। मगर लोकसभा चुनाव में व्यस्तता के चलते गल्ला माफियाओं पर कार्रवाई की तलवार कुछ दिन के लिए हट गई थी। मगर चुनाव से फुर्सत मिलने के बाद जिलाधिकारी ने पूर्ति विभाग द्वारा भेजी गई जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई पर मोहर लगा दी। इसके बाद सलीम अहमद, सुरेश पाल, ईश्वर शर्मा और अतुल की दुकानों को सस्पेंड कर अटैच कर दिया गया है, जबकि एक दुकान पर कभी भी कार्रवाई हो सकती है।

भागवत कथा से पूर्व महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

आयोजन

- **व्यास श्याम भाई महाराज के सानिध्य में दिनेशपुर के वार्ड-छह में कथा का शुभारंभ**

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व महिलाओं ने व्यास श्याम भाई महाराज के सानिध्य में वार्ड-छह से भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा का नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तत्पश्चात पूजन के साथ वेद मंत्रों के बीच कलश स्थापित कर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान- यज्ञ का शुभारंभ हुआ।

गुरुवार को नगर के वार्ड-छह निवासी दुर्गा पूजा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृत्युंजय सरकार के आवास पर श्रीमद् भागवत कथा आयोजित हुई। कलश यात्रा में महिलाएं हरे कृष्णा, हरे कृष्णा,हरे रामा, हरे रामा, हरे हरे हरे ... भजन गाकर माहौल भक्तिमय कर दिया।

इस मौके पर लक्ष्मी सरकार, मीना राय, सीमा सरकार, अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती, काजल राय, विश्वजीत सरकार, दीपांकर राय, अनिता मण्डल आदि मौजूद रहे।

दिनेशपुर में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

खटीमा के खेलड़िया गांव में लगा मेला। ● अमृत विचार

खेलड़िया में तीन दिवसीय अखंड महानाम संकीर्तन जारी

खटीमा : अखंड महानाम संकीर्तन कमेटी नारायण नगर, नगरा तराई, खेलड़िया के तत्वावधान में आयोजित 16 प्रहर व्यापी अखंड महानाम संकीर्तन और तीन दिवसीय विशाल भंडारे एवं मेले का आयोजन किया गया। संकीर्तन में अमृतोनगर दिनेशपुर मास्टर विश्वजीत, महाराष्ट्र से मास्टर विजय सरकार, गाजी नगर माला से मास्टर दीपक, छत्तीसगढ़ से मास्टर सिमरन ढाली और उड़ीसा से मास्टर सत्यजीत विश्वास की कीर्तन मंडली शामिल हुई। संकीर्तन में पड़ोसी देश नेपाल के लोग भी पहुंचे। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रश बवेश विश्वास, सचिन अनुकूल विश्वास, कार्तिक विश्वास, कार्तिक सरदार, विश्वनाथ मंडल, आनंद घोष, मोनू घोष, निर्मल बराल, गोपाल विश्वास, उज्जवल दास, शक्ति अड्डो, राकेश बडाल, कमलेश विश्वास आदि मौजूद थे।

एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए भूमि की दाखिल खारिज के निर्देश

पंतनगर : लगभग 10 साल से विस्तारीकरण की बाट जोह रहे पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार की एक बार फिर उम्मीद जाग उठी है। बीते बुधवार को उत्तराखंड शासन में नागरिक उड्डयन विभाग के सचिव ने डीएम को पत्र लिखकर एयरपोर्ट विस्तार के लिए आवश्यक भूमि नागरिक उड्डयन विभाग को जल्द से जल्द दाखिल खारिज करने के निर्देश दिए हैं। सचिव ने डीएम के 29 फरवरी 2024 के पत्र का हवाला देते हुए, जिसमें शासन के आठ सितंबर और चार जनवरी के मंत्रिमंडल के निर्णय के कम में पंतनगर एयरपोर्ट हवाई पट्टी के रनवे की लंबाई को 1372 मीटर से 3000 मीटर तक विस्तारित किए जाने के लिए 804 .0162 एकड़ (325 .5126 हेक्टेयर) भूमि की आवश्यकता के चलते अपेक्षित भूमि का अधिग्रहण कर नागरिक उड़डयन विभाग के नाम हस्तांतरित किए जाने की अनुमति प्रदान की गई थी। उड्डयन सचिव ने भूमि का अधिग्रहण करते हुए नागरिक उड्डयन विभाग के नाम भूमि हस्तांतरित करने के साथ ही दाखिल खारिज किए जाने के लिए अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए शासन को अवगत कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

छात्राओं को अपनी ताकत को पहचानने के लिए किया जागरूक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से छात्राओं के लिए विशेष रूप से चलाए जा रहे विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के पांचवें फेज के तहत उन्मुखीकरण सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का शुभारंभ कार्यक्रम के समन्वयक अखिलेश नेगी ने किया।

गुरुवार को कार्यक्रम में गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र के प्रो. डॉक्टर जितेंद्र क्वात्रा ने छात्राओं से उनकी कमजोरी व ताकत की पहचान करने के लिए जागरूक किया गया। वर्तमान दौर प्रतिस्पर्धा का दौर है जिसमें बने रहने के लिए स्वयं को अद्यतन करते रहना आवश्यक है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से महिलाओं के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में सफलता के प्रतिशत का उल्लेख किया। इस दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर के 18, जीजीआईसी फाजलपुर से 17, मॉडल स्कूल पंतनगर से 15 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं को स्टेम अर्थात साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स के क्षेत्र में उनकी रुचि और प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएनवी रुद्रपुर की प्राचार्या कंचन जोशी ने की। इस अवसर पर प्रो. संजय चौधरी, उप प्राचार्य पीके विद्यार्थी, हरीश, पूजा सुयाल, सौरभ बनकोटी, मोहन सुयाल, सुनील कुमार, ज्ञान प्रकाश, विनीत कुमार मिश्र आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

दुष्कर्म का आरोपी युवक किया गिरफ्तार

दिनेशपुर : शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बीते दिनों एक महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसका पति मानसिक रोगी है। वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती है। उसकी गैरमौजूदगी मे घर पर उसकी 18 वर्ष की पुत्री अकेली रहती है। उसका आरोप था कि पड़ोस में रहने वाले युवक ने उनकी पुत्री को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। आरोपी युवक ने सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसकी पुत्री से दुष्कर्म करता रहा।

भर्ती
35-सिक्योरिटी गार्ड
रामनगर, काशीपुर, नैनीताल
वेतन - 12,000-14,000
खाने, रहने, EPF, ESI
साप्ताहिक अवकाश
GK SECURITY & PALACEMENT SERVICES
(A PSARA Regd. Company)
रामनगर
Contact : 7088282000
7088283000, 9639571000

बार एसोसिएशन के दिवाकर अध्यक्ष बने

जश्न

- **सचिव सर्वेश सिंह, कोषाध्यक्ष पावेल ने की जीत दर्ज**
- **प्रत्याशियों की जीत पर समर्थकों ने मनाया जश्न**

संवाददाता,रुद्रपुर

दिवाकर पांडेय।

सर्वेश सिंह।

कृष्ण चंद्र।

पावेल कठायत।

अमृत विचार : जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर दिवाकर पांडेय ने जीत दर्ज की,जबकि सचिव सर्वेश सिंह व कोषाध्यक्ष पर पावेल कठायत विजयी घोषित हुए। देर शाम को आधिकारिक घोषणा के बाद समर्थकों में जश्न का माहौल हो गया।

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में बुधवार को 94 फीसदी मतदान कर अधिवक्ता मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। गुरुवार को मुख्य चुनाव अधिकारी सीपी जोशी ने सहायक चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र सिंह डंग व चंचल बाला की मौजूदगी में सुबह ग्यारह बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ हु आ। देर शाम बाद वोटों की गिनती हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के दिवाकर पांडे ने 308 मत पाए,जबकि प्रतिद्वंद्वी ने संजीव फौगाट को 127 मत पाए। जिसके आधार पर अधिवक्ता दिवाकर पांडेय ने 181 वोटो के अंतराल से तीसरी पर विजयी प्राप्त की। वही सचिव के सर्वेश सिंह को 261 मत मिले,जबकि प्रतिद्वंद्वी जसवंत सिंह ने 181 मत पाए। जिसके आधार पर सर्वेश सिंह 80 मतों से विजय प्राप्त की। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर पावेल कठायत ने 311,जबकि सर्वेश बाबू को 218 मत प्राप्त हुए। जिसके आधार पर पावेल कठायत ने 93 वोटों से विजय प्राप्त की। उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण चंद को 248 मत , जबकि प्रतिद्वंद्वी अखलाक अहमद को 161 प्राप्त प्राप्त हुए। कृष्ण चंद ने 87 मतों से विजय प्राप्त की। इसके अलावा कलेक्ट्रेट उपाध्यक्ष पर विष्णु कुमार मंडल,उप सचिव पर विकास तिवारी, पुस्तकालय अध्यक्ष पर गौरव मिढढा,लेखा परीक्षक पर आशीष त्रिपाठी के अलावा वरिष्ठ सदस्य पर अमित छाबड़ा, अखिलेश कुशवाहा और कनिष्ठ परविदर सिंह,जय प्रकाश गंगवार,संजीत बढ़ाई ने जीत दर्ज की। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में जश्न का माहौल देखने को मिला।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 9756032977, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

तैयारी परीक्षा के लिए रुद्रपुर में बनाये गये हैं 12 परीक्षा केंद्र, धारा 144 लागू

प्रयोगशाला सहायक की लिखित परीक्षा कल से

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड सचिव लोक सेवा आयोग हरिद्वार की ओर से प्रयोगशाला सहायक उच्च शिक्षा विभाग (समूह ग) लिखित परीक्षा आगामी 27, 28 व 29 अप्रैल को दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली 27 अप्रैल को 9 बजे से 11 बजे तक और द्वितीय पाली 2 बजे से 5 बजे तक होगी। 28 व 29 अप्रैल को प्रथम पाली 9 बजे से 12 बजे तक और द्वितीय पाली 2 से 5 बजे तक आयोजित होगी।

गुरुवार को इस संबंध में जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर उदयराज सिंह ने बताया कि लिखित परीक्षा के लिए आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पंतनगर, किसान इंटर कॉलेज लालपुर, विजडम पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल गंगापुर रोड, भंजुराम अमर इंटर कॉलेज भूरारानी, गर्ल्स इंटर कॉलेज फाजिलपुर महरौला, अटल उत्कृष्ट एएनझा राजकीय इंटर कॉलेज, रुद्रपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी भगवानपुर, आर्य कन्या इंटर कॉलेज काशीपुर बाईपास रोड, सुपर इंटर कॉलेज खेड़ा, सरस्वती शिशु मंदर इंटर कॉलेज कल्याणी व्यू, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आदर्श कॉलोनी, गोविंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी रुद्रपुर पर आयोजित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि एसडीएम मनीष बिष्ट की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लगा दी है। परीक्षा केंद्रों के चारों ओर 500 मीटर की दूरी के अंदर कोई व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। यह प्रतिबंध परीक्षा देने वाले छात्रों एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों, अधिकारियों, सुरक्षा बलों पर लागू नहीं होगा। कोई व्यक्ति नकल करने व कराने में मदद नहीं करेगा। कोई व्यक्ति शस्त्र आदि लाठी, चाकू व किसी प्रकार का हथियार व विस्फोटक पदार्थ नहीं जे जायेगा। यह प्रतिबंध पुलिस बल पर लागू नहीं होगा। पांच या अधिक व्यक्ति केंद्र की परिधि के अंदर या आसपास किसी समय परियोजन के लिए एकत्र नहीं होंगे। परीक्षा केंद्रों की परिधि के अंदर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं करेगा। आदेशों की अवहेलना करने वाला व्यक्ति धारा 188 दप्रसं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

अभद्र टिप्पणी पर मुकदमा दर्ज कराया

काशीपुर : फेसबुक अकाउंट पर भ्रामक जानकारियां फैलाये जाने पर एक समाजसेवी ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। विजयनगर निवासी गगन सिंह कांबोज ने बताया कि एक फेसबुक अकाउंट पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर आपत्तिजनक कैप्शन के साथ उनके बारे में भ्रामक जानकारियां फैलाई गई हैं। बताया कि इस तरह की भ्रामक पोस्टों से उनके मान सम्मान एवं प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंच रहा है। इसके चलते वह मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

पशुशाला से गाय चोरी

जसपुर : चोर बुधवार की रात्रि में कोतवाली अंतर्गत ग्राम सूरजपुर निवासी गोपाल की पशु शाला से एक गाय चोरी करके ले गये। इस दौरान परिवार के लोग शादी के कार्य कार्यक्रम में व्यस्त थे।

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने की कार्रवाई, चम्पावत का रहने वाला है पकड़ा गया आरोपी

1.362 किलो चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

खुलासा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से भारी मात्रा में चरस बरामद की गई है। बरामद चरस की कीमत अंतरराज्यीय बाजार में लाखों की आंकी गई है। एएनटीएफ ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गुरुवार को एएनटीएफ प्रभारी पावन स्वरूप ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पहाड़ी इलाकों में चरस तस्करी होने का इनपुट मिल रहा था। इस पर एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम सुरागरसी कर रही थी। बुधवार को सूचना मिली कि लोहाघाट इलाके से एक व्यक्ति भारी मात्रा में चरस की तस्करी करने की फिराक में है। इसके बाद सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के आदेश पर एएनटीएफ की टीम चम्पावत पहुंची और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना लोहाघाट के मन्नार बैंड खेतीखान के पास चेकिंग अभियान शुरू कर दिया।

रुद्रपुर में चरस तस्कर के साथ एएनटीएफ की टीम। ● अमृत विचार

पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा तो संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुकेश चंद्र सेल्ला निवासी गढकोट चम्पावत बताया। टीम ने आरोपी के कब्जे से 1.362 किलोग्राम चरस बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चरस को पहाड़ी, मैदानी और यूपी के सीमावर्ती इलाके में सप्लाई करता है। पुलिस ने बरामद चरस की अंतरराज्यीय कीमत पांच लाख रुपये से अधिक आंकी है।

पिछले पांच सालों से खुद ही तस्करी कर रहा था आरोपी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लोहाघाट चम्पावत का रहने वाला गिरफ्तार चरस तस्कर पिछले लंबे समय से चरस की तस्करी का धंधा करता है। बताया कि आरोपी नेटवर्क बनाने नहीं, बल्कि खुद ही सप्लाई करने पर विश्वास करता था। यही कारण है कि लंबे समय से चरस की तस्करी करने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ में कभी नहीं आया।

पूछताछ में आरोपी मुकेश चंद्र सेल्ला ने बताया कि गढकोट चम्पावत में कई साल बिताने के बाद उसने चरस तस्करी का धंधा शुरू करने की योजना बनाई। पहले थोड़ी-थोड़ी मात्रा में चरस सप्लाई की, लेकिन जब धंधा बढ़ने लगा तो उसने नेटवर्क खड़ा करने की बजाय गांव-गांव जाकर चरस की खेती करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि पिछले पांच सालों से वह घर-घर जाकर खुद चरस निकालकर एकत्रित कर रहा है। गांव वालों को मामूली दाम देकर भारी मात्रा में चरस एकत्रित करता है। उन्होंने बताया कि चरस को हल्द्वानी, रुद्रपुर के अलावा यूपी सीमावर्ती इलाकों में खुद आकर सप्लाई करता आ रहा है। पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया कि पांच सालों में वह कई बार तराई भाबर आ चुका है और भारी मात्रा में चरस की सप्लाई कर चुका है। नेटवर्क खड़ा करने के सवाल पर आरोपी का कहना था कि नेटवर्क के माध्यम से पकड़े जाने का खतरा ज्यादा होता है। इस कारण वह खुद ही चरस की सप्लाई करता रहा।

दिल्ली पुलिस की दबिश चीफ फार्मासिस्ट गिरफ्तार

रुद्रपुर : बहू को प्रताड़ित करने के आरोप में फंसे पशु चिकित्सालय के चीफ फार्मासिस्ट को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि चीफ फार्मासिस्ट पर बहू ने कई गंभीर धाराओं में दिल्ली में मुकदमा दर्ज करवाया था। गुरुवार की सुबह दिल्ली पुलिस की एक टीम कोतवाली पहुंची और कोतवाल धीरेंद्र कुमार से संपर्क कर अपनी आमद करवाई। इसके बाद दिल्ली पुलिस की टीम ने रुद्रपुर स्थित पशु चिकित्सालय जाकर दबिश दी और मौके से आरोपी चीफ फार्मासिस्ट सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी चीफ फार्मासिस्ट की बहू ने सागरपुर साउथ वेस्ट दिल्ली के थाने में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। कई बार बुलाने के बाद भी आरोपी नहीं पहुंचा तो पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। उधर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.एसबी पांडेय ने बताया कि विभाग के चीफ फार्मासिस्ट को दिल्ली पुलिस ने पारिवारिक विवाद के चलते पकड़ा है। मामले की जानकारी जुटाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नेता हो-हल्ला करते रह गए, अफसरों ने सुबह होते ही खुलवा दिया रेलवे ओवरब्रिज

काशीपुर में सात सालों से बन रहा ओवरब्रिज गुरुवार को यातायात के लिए अधिकारियों ने खोल दिया

जल्दबाजी

- सुबह चार बजे पहुंच गए थे ओवरब्रिज पर काम कर रहे कर्मी
- भाजपा-कांग्रेस के नेताओं में लगी थी ब्रिज खुलवाने की होड़

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर में सात सालों से बन रहा ओवरब्रिज खोलने को लेकर खूब हो हल्ला हुआ है। भाजपा व कांग्रेसी नेताओं में ओवरब्रिज खुलवाने की होड़ सी लगी रही। यहां तक कि भाजपाइयों ने पुल को जबरन खोलकर मिठाई तक बांट दी। कांग्रेसी भी ओवरब्रिज पर घंटों बैठे। अफसरों ने नेताओं के उठने से पहले ही ओवरब्रिज पर यातायात चालू करा दिया। इससे एनएच, प्रशासन व पुलिस अधिकारियों की लोग तारीफ करते दिखे।

ओवरब्रिज का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। हालांकि दो साल में पुल निर्माण के काम में सात साल लगा दिए। ओवरब्रिज को यातायात के लिए खोलने की तिथि स्पष्ट नहीं थी। लेकिन भाजपा और कांग्रेसी के नेता तिथि देते रहे। तर्क दिया कि संबंधित अधिकारियों से वार्ता हो गई है। यही वजह है कि 15 अप्रैल को भाजपा नेताओं ने ओवरब्रिज को जबरन खुलवा दिया। वहां अफसर मौजूद नहीं रहे। कुछ दिन दोपहिया वाहनों के लिए ओवरब्रिज खुलवाने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने बंद करा दिया। इसके बाद जसपुर के कांग्रेसी विधायक ओवरब्रिज का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अगले दिन ओवरब्रिज को खोलने का ऐलान कर दिया। कांग्रेसियों के घंटों पुल पर बैठने के बाद भी कोई अधिकारी नहीं आया। किरकिरी होने के बाद आश्वासन पर कांग्रेसी लौटे। गुरुवार की सुबह चार बजे ही ओवरब्रिज पर काम कर रहे कर्मी व अधिकारी पुल पर एकत्रित हो गए। एनएच के ईई प्रवीन कुमार ने बताया कि मानकों के अनुसार ही ओवरब्रिज को खोला गया है। सुबह सात बजे यातायात शुरू करा दिया गया। अब किसी भी दशा में यातायात को रोका नहीं जाएगा। बताया कि ओवरब्रिज पर यातायात संचालन के दौरान एसडीएम अभय प्रताप सिंह, एसपी सिटी अभय सिंह आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में ओवरब्रिज पर जाते वाहन। ● अमृत विचार

रोड मार्किंग का काम आज से होगा शुरू

काशीपुर : एनएच के ईई प्रवीन कुमार ने बताया कि ओवरब्रिज पर रोड मार्किंग, संकेत चिन्ह आदि का काम शुक्रवार से शुरू हो जाएगा। कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाने की वजह से ही ओवरब्रिज का काम लगभग पूरा होने को है। उन्होंने बताया कि भारी वाहनों के लिए भी पुल को खोलने पर विचार चल रहा है।

रामनगर रोड के ओवरब्रिज पर शुरू हुआ काम

काशीपुर : रामनगर रोड पर भी ओवरब्रिज का काम हो रहा है। एनएच के ईई प्रवीन कुमार ने बताया कि फ्लाइओवर में स्लीपें डल चुकी हैं। अब ओवरब्रिज बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। बताया कि जल्द ही काम पूरा कर लिया जाएगा।

भाजपाइयों ने फिर बांटी मिठाई

काशीपुर : अधिकारियों के गुरुवार की सुबह ओवरब्रिज को यातायात के लिए खोलने के बाद भाजपाई भी पहुंच गए। भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, गुरविंदर सिंह चड़ोक ने बताया कि पुल यातायात के लिए खुलने से जनता को राहत मिली है। बताया कि निर्माणदायी संस्था को दो सालों में निर्माण काम पूरा करने को कहा गया था। लेकिन सात सालों तक लोग पुल को लेकर परेशान रहे।

भाजपाई पीठ थपथपा रहे तो कांग्रेसी दबाव में ओवरब्रिज को खोलना बता रहे

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : सात साल के इंतजार के बाद यातायात के लिए खुले ओवरब्रिज को लेकर लोगों की अलग- अलग राय है। उनका कहना है कि दो साल में ओवरब्रिज को बनाना था, सात साल लग जाने से कइयों का रोजगार छिन गया। अब खुला है तो छोटे बड़े वाहनों के लिए हमेशा खुला रहना चाहिए। वहीं ओवरब्रिज खुलने को लेकर भाजपा नेता खुद की पीठ थपथपा रहे हैं तो कांग्रेसी भी दबाव बनाकर ओवरब्रिज को खोलने की बात कर रहे हैं।

ओवरब्रिज खुलने के बाद मिठाई बांटते भाजपाई। ● अमृत विचार

दो साल में ओवरब्रिज का काम होना था, लेकिन संबंधित ठेकेदार की मनमानी के चलते ओवरब्रिज जनता के लिए नहीं खुल सका। कई प्रयासों के बाद ओवरब्रिज पर यातायात सुचारू हो सका है। काशीपुर में जाम से लोगों को निजाम मिलेगी।

-गुरविंदर सिंह चड़ोक, प्रदेश मंत्री भाजपा।



जनता के लिए ओवरब्रिज की स्वीकृति कराई गई थी, लेकिन ठेकेदार ने जनता को परेशान करने का काम किया। अब ओवरब्रिज खुलने से लोगों की समस्याएं दूर होंगी। शहर का यातायात बेहतर हो सकेगा।

-खिलेंद्र चौधरी, प्रदेश महामंत्री, भाजपा।

सत्ता पक्ष के लोग ओवरब्रिज को खुलवाने के लिए कई बार प्रयास करते रहे। लेकिन उनके कहने से ओवरब्रिज पर यातायात सुचारू नहीं हो सका। जब हमने अधिकारियों से बात की तो निश्चित रूप से दवाब पड़ा।

-आदेश चौहान, विधायक जसपुर।

ओवरब्रिज को यातायात के लिए हमेशा खुला रखना चाहिए। बड़े वाहनों के साथ ही छोटे वाहन भी चलते रहे। ओवरब्रिज पर यातायात शुरू होने से आम जनता के साथ ही व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा। काशीपुर में जाम की समस्या दूर होगी।

-दीपक वर्मा, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष।

लिफ्ट लेकर बाइक स्वामी को पीटा

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: निजी कंपनी में ऑपरेटर पद पर कार्यरत कर्मचारी के साथ गांव के परिचित दो युवकों ने लिफ्ट के बहाने मारपीट की और उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों पर सोने की चेन, घड़ी तथा पर्स लूटने का आरोप लगाया है। घटना के बाद सभी आरोपी युवक को घायल अवस्था में खेत में छोड़कर फरार हो गए। राहगीरों ने युवक को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। कई महीने इलाज कराने तथा घटना के करीब साढ़े महीने बाद न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

न्यायालय के निर्देश पर

मामला

- 4 अक्टूबर को हुई घटना की अब 6 महीने बाद दर्ज हुई रिपोर्ट
- आरोपियों पर सोने की चेन, पर्स व घड़ी लूटने का आरोप

दर्ज रिपोर्ट में ग्राम खिरनी, पोस्ट मुड़िया नबी बख्श, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी राज मौर्य ने बताया कि वह कोतवाली अंतर्गत ग्राम लालपुर स्थित जी- हैक कंपनी में ऑपरेटर पद पर कार्यरत था। विगत 4 अक्टूबर 2023 को पीड़ित राज मौर्य अपने गांव स्थित निवास से मोटर साइकिल पर कंपनी में ड्यूटी करने जा रहा था। इसी दौरान ग्राम निवासी मंजेश मौर्य एवं सनी मौर्य ने रुद्रपुर जाने की बात कह कर पीड़ित से बाइक पर साथ ले जाने का आग्रह किया। परिचित होने के चलते पीड़ित ने दोनों युवकों को लालपुर तक बाइक पर बैठा लिया। किच्छा पहुंचने पर मंजेश मौर्य और सनी मौर्य ने पैसे देने की मांग की तथा पीड़ित के मना करने पर दोनों आरोपियों ने बेनी मजार के निकट जबरन बाइक को रुकवा कर पीड़ित की जेब से पैसे निकालने का प्रयास किया। पीड़ित के विरोध करने पर दोनों आरोपी पीड़ित को जबरन खींचते हुए खेत में ले गए और बुरी तरह मारपीट करने के बाद जान से मारने की नीयत से ईंट /पत्थर से वार कर पीड़ित को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में पीड़ित के माथे की हड्डी टूट गई तथा दोनों आरोपी गले में पड़ी सोने की चेन, पर्स तथा घड़ी लूटकर मौके से फरार हो गए।

काशीपुर में भैंस को तीन लोगों ने काटा, मुकदमा

काशीपुर : कुंडा थाना क्षेत्र में एक जिंदा भैंस को काटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने भैंस का कटा सिर, टांगें, 135 किलो मांस समेत तीन आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों पर पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है। गुरुवार को कुंडा थाना पुलिस ने ग्राम सरवरखेड़ा के आवासीय क्षेत्र में भैंस का मीट, मांस काटने वाले औजार समेत आरोपी मुनब्बर हुसैन समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यहां से 135 किग्रा भैंस का मांस, एक इलेक्ट्रानिक तराजू समेत भैंस का कटा सिर, खाल व चार पैर के अलावा मांस काटने में प्रयुक्त दो छुरी, दो कुल्हाड़ी, एक दराती, एक रस्सी बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मोहल्ला कुरेशियान फतेउल्लागंज ठाकुरद्वारा निवासी फईम व मोहल्ला गुलाबबाड़ी भोजपुर धर्मपुर मुरादाबाद निवासी कसीम बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

युवक पर बाइक सवार बदमाशों ने की फायरिंग

घटना

- बाल-बाल बचा युवक, पुलिस ने शुरू की जांच
- चार संदिग्धों से पूछताछ शुरू, देर रात की है घटना

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: बुधवार की देर रात कोतवाली इलाके में दवा लेने जा रहे एक युवक पर बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग में युवक बाल-बाल बच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और चार संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस तमंचे से फायर करने वाले युवक की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार बुधवार

स्कूटी सवार युवक पर चाकुओं से हमला कर किया अधमरा

रुद्रपुर : थाना ट्रांजिट कैंप में स्कूटी सवार युवक की घेराबंदी कर हमलावरों ने चाकुओं से गोदकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। आई ब्लॉक ट्रांजिट कैंप निवासी गौरव निषाद ने बताया कि वह 21 अप्रैल की रात को वह अपने दोस्त विनीत राय के साथ स्कूटी से मुखर्जी नगर से आवास विकास की ओर जा रहा था। अचानक पुल के समीप पहले से ही घात लगाए बैठे हेमंत कुमार, अभिजीत सिंह, सुखदेव सिंह, अमन कुमार ने उसे घेर लिया और अभद्रता करते हुए हमला शुरू कर दिया। आरोप था कि हमलावरों ने चाकू निकालकर उस पर ताबड़तोड़ प्रहार करना शुरू कर दिया। पेट व सिर पर गंभीर चोट लगने से युवक लहूलुहान होकर नीचे गिर गया। चीख पुकार सुनकर हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

की रात साढ़े 9 बजे के करीब बिलासपुर यूपी निवासी एक युवक रामपुर-उत्तराखंड के सीमावर्ती इलाके में स्थित मेडिकल स्टोर पर दवा लेने आया था। इस बीच कोतवाली इलाके की ओर से बाइक पर सवार तीन युवक आये और अचानक बाइक सवार एक युवक ने तमंचा निकाल कर युवक पर फायर झोंक दिया। तमंचे से निकली गोली युवक के गर्दन के करीब से निकल गई। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने घटना की जानकारी ली और बाइक सवार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित युवक यूपी का रहने वाला है और दवाई लेने कोतवाली सीमा स्थित मेडिकल स्टोर आया था। गोलीकांड की घटना कोतवाली इलाके के अंदर हुई है तो पुलिस ने चार संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस बाइक सवार उन आरोपियों की तलाश कर रही है। जिन्होंने तमंचे से युवक पर फायर किया है। उन्होंने बताया कि अभी घटना की तहरीर नहीं मिली है। बावजूद पुलिस मामले की जांच करेगी।

निर्देश जिलाधिकारी ने बैठक में दिए निर्देश, साप्ताहिक कार्य प्रगति का डाटा चार्ट कराएं उपलब्ध

बारिश से पहले पूरे कर लें सभी निर्माण कार्य

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने निर्माण संस्था पेयजल निगम खंड वर्ल्ड बैंक, पेयजल निगम खंड खेल विभाग, पेयजल निगम खंड निर्माण निगम, खंड अमृत योजना, खंड नमामि गंगे व जेजेएम योजना कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में गति लाकर कार्यों को पूर्ण करते हुए हस्तांतरित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को कार्यों में श्रमिकों व उपकरणों में वृद्धि कर समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी कार्यदायी संस्थाओं से साप्ताहिक कार्य प्रगति डाटा चार्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

जिला कार्यालय सभागार में बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जून से वर्षा काल प्रारंभ हो जाता है। दो माह में कार्यों में गति लाने के लिए मैनपावर व उपकरण बढ़ाकर कार्यों को पूरा करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, परियोजना निदेशक अजय सिंह, अधीक्षण अभियंता पेयजल मृदुला सिंह, अधिशासी अभियंता पीएन चौधरी, जल संस्थान तरूण शर्मा, खटीमा अजय कुमार, काशीपुर नरेंद्र रैखाड़ी, सहायक अभियंता एलएम पांडे, कमल किशोर मौजूद थे।

बुजुर्ग व युवक लापता

काशीपुर : अलग-अलग स्थानों से दो व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है। ग्राम कुंडेश्वरी निवासी अजय कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके 55 वर्षीय पिता राजेंद्र सिंह 23 अप्रैल को घर से सुबह बिना बताए कहीं चले गए जो वापस नहीं लौटे। उधर, मोहल्ला अल्लीखां निवासी आसमां परवीन ने बताया कि उसके 35 वर्षीय पति मोहम्मद मुस्तकीम 19 अप्रैल की सुबह घर में बिना किसी को बताए चले गए थे। पुलिस दोनों को तलाश में जुट गई है।

एक सट्टेबाज दबोचा

खटीमा : कोतवाली के उपनिरीक्षक चंचल सिंह ने गश्त के दौरान बुधवार रात्रि को इस्लामनगर में सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे वार्ड संख्या पांच इस्लामनगर निवासी रियाज को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक डायरी, बालपेन और 1270 रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नशेड़ियों का मंदिर में धावा हजारों रुपये का माल चोरी

कार्रवाई

- बुधवार की रात प्रीत विहार की है घटना
- मंदिर के पुजारी ने पुलिस को सौंपी तहरीर

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: रंपुरा चौकी इलाके में स्थित मंदिर पर नशेड़ियों ने धावा बोलकर हजारों रुपये का सामान व नगदी चुरा ली है। जानकारी होने पर मंदिर के पुजारी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार प्रीत विहार दो निवासी बाबूराम नाथ ने बताया कि वह कॉलोनी स्थित गोरखनाथ मंदिर का पुजारी है। बुधवार की शाम को पूजा पाठ करने के बाद वह कमरे पर चला गया। रात 12 बजे के करीब चोरों ने मंदिर के अंदर रखा 15 हजार कीमत का डेक, दान पात्र में पड़े 2500 रुपये चोरी हो गए।

पुजारी का आरोप था कि मंदिर के आसपास नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है और मना करने पर झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी मंदिर की मोटर, मोबाइल फोन भी चोरी हो गए हैं। पुजारी ने नशेड़ियों पर ही मंदिर में चोरी करने की आशंका जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राइमरी स्कूल से सिलेंडर, चावल और बर्तन चोरी

खटीमा : राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुर्जर बस्ती हल्दी घेरा के प्रधानाध्यापक दिनेश सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बृहस्पतिवार को जब वह स्कूल पहुंचे तो उन्होंने देखा की रसोईघर का ताला टूटा हुआ है। चोर एक सिलेंडर, पांच लीटर का कुकर, दो भगौने, बाल्टी और 25 किलो चावल उठा ले गए थे। उन्होंने घटना से विद्यालय प्रबंध समिति व ग्रामीणों को अवगत कराते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है।

सीतापुर खरमासी में पात्रों को दिए जाएं पट्टे

काशीपुर : ग्राम सीतापुर खरमासी में अतिरिक्त सीलिंग की भूमि को अपात्रों को पट्टों के सीमांकन करने का आरोप लगाया है। एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है।

गुरुवार को नितेश कुमार, मान सिंह, चंद्रहास गौतम के नेतृत्व में लोग उपजिलाधिकारी से मिले। उन्होंने कहा कि ग्राम सीतापुर खरमासी में अतिरिक्त घोषित सिलिंग की भूमि पर पट्टे आवंटिन के लिए सीमांकन का कार्य चल रहा है। बताया कि जिलाधिकारी को व्यक्तिगत मिलकर भी प्रकरण के सम्बन्ध में अवगत करा दिया गया है।

आरोप लगाया है कि अपात्रों को पट्टे संबंधित अधिकारियों ने आवंटित किए हैं। गांव के बाहरी व्यक्तियों पट्टों का सीमांकन करने लगे। कहा कि पात्रों को पट्टे वितरीत किए जाए।

56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आज से

पंतनगर: पंत विश्वविद्यालय की 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता (एथलेटिक मीट) का आयोजन शारीरिक शिक्षा अनुभाग में 26 से 28 अप्रैल तक किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान करेंगे।

मलेरिया की रोकथाम में आशा कार्यकत्रियों की अहम भूमिका

मलेरिया दिवस पर सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले सम्मानित, सीएमओ कार्यालय में हुई गोष्ठी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विश्व मलेरिया दिवस पर सीएमओ कार्यालय सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका विषय अधिक न्यायसंगत विश्व के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना रखा गया था। इस दौरान विगत वर्ष मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

गुरुवार को गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने जनपद में मलेरिया की रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। साथ ही कहा कि आने वाले दिनों में मलेरिया की रोकथाम में आशा कार्यकत्रियों की अहम भूमिका होगी। आशा कार्यकत्रियां प्रत्येक घर में सोर्स रिडेक्शन का कार्य करें। कहीं भी बुखार का मरीज मिलने पर उसकी स्लाइट बनाकर जांच के लिए जिला चिकित्सालय अथवा सीएचसी की लैब में भेजें और बुखार के मरीजों का सर्विलांस करें। इसकी तैयारी अभी से शुरू कर लें।

इस दौरान एपिडेमियोलॉजिस्ट आईडीएसपी डॉ. संतोष पांडेय ने मलेरिया उन्मूलन के लिए किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान काशीपुर के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, रुद्रपुर के डॉ. हर्षपाल सिंह चंडोक, एपिडेमियोलॉजिस्ट आईडीएसपी डॉ. संतोष पांडेय, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रुद्रपुर लक्ष्मी पोखरिया, आशा फैसीलेटर काशीपुर

बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित करते सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा।

खटीमा के राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में अपनी ड्राइंग के साथ बच्चे और शिक्षक।

राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यक्रम

खटीमा : विश्व मलेरिया दिवस पर राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में यूथ एंड ईको क्लब के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडे ने किया। इस मौके पर एकेडमिक हेड अजय पाल, योगेंद्र सिंह, रत्नाकर पांडेय, पूजा भट्ट मौजूद रहे। इधर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र दाह में डॉ. शैलजा ने मलेरिया के संबंध में बताते हुए लक्षण और उपचार की जानकारी दी। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर निर्मला, आरकेएसके काउन्सलर विजेता आदि रहे।

पूनम चंद्रा, खटीमा संध्या अधिकारी को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. डीपी सिंह, प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश आर्या, डॉ. हर्षपाल सिंह चंडोक, डॉ. संदीप रॉय, डॉ. शुभम, धनवीर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु मस्यूनी, निधि, तौफीक अहमद, मनोज कुमार आर्य, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

युवक पर धारदार हथियारों से किया जानलेवा हमला

काशीपुर: आपराधिक प्रवृत्ति के दो सगे भाइयों ने धारदार हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे चिंताजनक हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोहल्ला पक्काकोट निवासी कौसर पुत्री अब्दुल वाजिद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके पिता कैंसर रोग से पीड़ित हैं। मोहल्ले के दो भाई आपराधिक प्रवत्ति के हैं। उनके खिलाफ कई आपराधिक मामले चल रहे हैं। दोनों भाई उनके परिवार से रंजिश रखते हैं। 24 अप्रैल को उसका भाई कमल फैक्ट्री से ड्यूटी कर घर लौट रहा था। रास्ते में उसके भाई को दोनों ने रोककर मारा पीटा और धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। हमलावरों ने उसका मोबाइल व नकदी भी लूट ली। घायल कमल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कौसर का कहना है कि कुछ दिन पूर्व भी दोनों भाइयों ने उसके दूसरे भाई गुलाब के साथ मारपीट की थी। तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।

सार-संक्षेप

सेंट पीटर स्कूल में प्रतिभागियों के साथ प्रधानाचार्य फादर एलेक्सांडर मोंटेरो।

किच्छा के सेंट पीटर स्कूल में हुई हैंडबॉल प्रतियोगिता

किच्छा : नगर स्थित सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हैंडबॉल इंट्रा क्लास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगर के ग्राम किशनपुर स्थित सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हैंडबॉल इंट्रा क्लास प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर एलेक्सांडर मोंटेरो ने किया। उन्होंने टॉस उछाल कर मैच का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन कक्षा 7 के बालक – बालिकाओं के बीच रोमांचक मैच खेला गया। बालक वर्ग में कक्षा 7 वर्ग बी की टीम 2/0 तथा बालिका वर्ग में कक्षा 7 बी की टीम 3/0 से विजयी रही। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य सिस्टर लूसिया, शारीरिक शिक्षक संजय नेगी, प्रमिला पवार, हंसराज उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

गन्ना आपूर्ति में सर्वे नीति सर्वाधिक महत्वपूर्ण : चंद्र सिंह

काशीपुर : पेराई सत्र के लिये निर्गत गन्ना सर्वेक्षण नीति के कुशल क्रियान्वन को गन्ना किसान संस्थान के प्रेक्षागृह में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता आयुक्त चंद्र सिंह धर्मसक्तू ने की। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि गन्ना आपूर्ति में सर्वे नीति सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। सर्वे यदि समयानुसार होगा, तो चीनी मिलों को गन्ना की आपूर्ति मात्रा की जानकारी समय से सुनिश्चित की जा सकती है। इस दौरान जीपीएस सर्वे पर अजय कुमार, डायरेक्टर वाइब्रेंट आईटी सोलूशन्स ने प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में संयुक्त आयुक्त हिमानी पाठक, प्रचार एवं जनसम्पर्क अधिकारी नीलेश कुमार सहित सभी जिलों के सहायक गन्ना आयुक्त और गन्ना विभाग के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कपिल गुप्ता ने किया गया।

पंतनगर में जानकारी प्राप्त करते रूस के वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

रूस के वैज्ञानिकों ने किया विश्वविद्यालय में भ्रमण

पंतनगर : रूस की सेंट पीटरर्सवर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटनरी मेडिसिन एवं पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के मध्य हुए शोध करार (एमओयू) के अंतर्गत सेंट पीटरर्सवर्ग के वैज्ञानिक एवं वाइस रैक्टर डॉ. निकीटिन, जियोरजी एवं डा. ल्यूतिक सदस्य अन्तरराष्ट्रीय शिक्षा ने विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। उन्होंने महाविद्यालय में चल रहे शिक्षा, शोध एवं प्रसार कार्यक्रमों को देखा।

चयनित विद्यार्थियों के साथ अधिकारी। ● अमृत विचार

विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों का कंपनी में चयन

पंतनगर : सेवायोजन परामर्श निदेशालय में वेनेरा वीडियो टेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ऑनलाइन मेल के आधार पर साक्षात्कार में रिधिमा कोहली एवं अंकित कुमार चन्द्रमणि का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिवर्ष लगभग 6 से 7 .5 लाख का पैकेज व अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

दादा मियां, सूखा शाह की मजार, जहां होगा उर्स। ● अमृत विचार

पांच दिवसीय उर्स की तैयारियां तेज

बाजपुर : ईदगाह मुड़िया पिस्तौर वार्ड में स्थित दादा मियां, सूखा शाह मियां के 73वें पांच दिवसीय उर्स की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसमें एक मई से धार्मिक कार्यक्रम शुरू होंगे और पांच मई को कुल शरीफ के बाद उर्स का समापन किया जाएगा। गुरुवार को इस धार्मिक कार्यक्रम की जानकारी देते हुए दरगाह सेवादार मुजफ्फर अली ने बताया कि पांच दिवसीय उर्स की शुरुआत एक मई की प्रात: 7 बजे कुरान ख्वानी के साथ होगी। दूसरे दिन रात 9 बजे अजीमोशान जलसा होगा। तीसरे दिन की रात 9 बजे से महफिल ए कव्वाली का प्रोग्राम होगा।

120 आवास बनाने की प्रक्रिया शुरू

पहल

जनपद के 10 थानों में बनने हैं आवास, हो चुकी है टेंडर प्रक्रिया

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: जनपद के 10 थानों में 120 आवास बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

योजना के तहत गुरुवार को एसएसपी डॉ. मंजू नाथ टीसी ने बाजपुर में निर्मित होने वाले आवासों की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। इसमें अवगत कराया गया कि जनपद के खटीमा, सितारगंज, पुलभट्टा, किच्छा, ट्रांजिट कैंप, दिनेशपुर, गदरपुर, बाजपुर, आईटीआई, काशीपुर समेत 10 थानों में 12-12 आवास पुलिस स्टाफ के लिए बनाए जाएंगे।

बाजपुर में भूमि का निरीक्षण कर पैमाइश करवाते एसएसपी व अधिकारी-कर्मचारी।

कार्यदायी संस्था उत्तराखंड पेयजल निर्माण निगम देहरादून द्वारा टेंडर प्रक्रिया आदि का कार्य चुनाव से पहले ही कर लिया गया था। अब ठेकेदार द्वारा संबंधित आवासों का निर्माण शुरू किया जाना है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पुलिस विभाग के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक आवास योजना में स्वीकृत किए हैं। इस मौके पर एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, सीओ अन्नराम आर्य, कोतवाल मनोज रतूड़ी मौजूद रहे।

घर से ससुराल जा रहे युवक पर हमला

बाजपुर: घर से ससुराल जा रहे युवक पर दो बाइक सवार युवकों ने हमलाकर घायल कर दिया है। गुरुवार की सुबह साढ़े नौ बजे ग्राम विजय रम्पुरा निवासी गुरदास (35) पुत्र अमरीक सिंह बाइक पर घर से विराहा फार्म स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। कि इसी बीच लखनपुर स्थित एक चक्की के समीप पहले से घात लगाए बैठे दो बाइक सवार युवकों ने उस पर हमला कर दिया। इस बीच लोगों ने बीच बचाव कराया तथा घायल गुरदास को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरदास के परिजनों ने बताया कि उसका उसकी पत्नी ज्योति से काफी लंबे समय से विवाद भी चल रहा था। इस कारण वह अपने ससुराल जा रहा था।

ससुरालियों पर दामाद की साजिशन हत्या का आरोप

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: मकान बनवाने के लिए महिला ने अपने पति से चार लाख 65 हजार रुपये की रकम अपने माता-पिता और भाइयों को दिलवा दी। करीब डेढ़ वर्ष बाद जब उधारी के पैसे वापस मांगे तो ससुरालियों ने दामाद की घर में हत्या करने के बाद उसके शव को दुर्घटना दिखाने के लिए पुलभट्टा ओवरब्रिज के नीचे रख दिया। इसके बाद मृतक के भाई ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाते हुए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। फिलहाल न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने मृतक की पत्नी व सास-ससुर सहित आठ ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दर्ज रिपोर्ट में ग्राम पीपलसाना चौधरी, थाना भोजीपुरा, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी राजेंद्र बाबू ने बताया कि उसकी भाभी मीना पत्नी विनोद कुमार ने मकान बनवाने के लिए चार लाख 65 हजार रुपये की धनराशि मोहल्ला बंडिया, चीनी मिल, थाना किच्छा निवासी अपनी माता नन्हीं देवी, पिता रामचंद्र, भाई राकेश, रविंद्र, अन्नू, प्रदीप एवं भतीजे तरुण को करीब डेढ़ वर्ष पूर्व दी थी। पीड़ित के अनुसार परिवारजनों की मौजूदगी में उसके भाई विनोद कुमार ने ससुरालियों को एक वर्ष के लिए यह धनराशि दी थी।


कभी पशु तालाबों में पानी पीते थे और भीषण गर्मी से बचने के लिए नहाते थे। लेकिन आज के दौर में तालाब सूखते जा रहे हैं। इसके कारण पशुओं के सामने जल संकट पैदा हो गया है। अब पशु नहाने के बजाय सूखे तालाबों में उगी घास चर रहे हैं। ● सुशील चौहान, जसपुर

बेहतर स्वास्थ्य के नियमित व्यायाम जरूरी

प्राइम हॉस्पिटल क्वार्टर मैराथन दौड़ का आज करेगा आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: प्राइम हॉस्पिटल शुक्रवार को छह किलोमीटर तक क्वार्टर मैराथन रेस का आयोजन करने जा रहा है। मैराथन में 400 से अधिक खिलाड़ियों व शहर के लोग हिस्सा लेंगे। हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. अर्जुन सिंह बोहरा ने लोगों ने रेस में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित व्यायाम जरूरी है।

गुरुवार को प्राइम हॉस्पिटल में आयोजित प्रेसवार्ता में क्वार्टर मैराथन की जानकारी दी गई। बताया कि काशीपुर में पहली बार प्राइम हॉस्पिटल स्वास्थ्य को लेकर लोगों को जागरूक करेगा। अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अर्जुन सिंह बोहरा ने बताया कि 15 साल से अधिक के युवा मैराथन में हिस्सा लेंगे। सरवरखेड़ा पुलिस चौकी से क्वार्टर मैराथन रेस शुरू किया जाएगा। प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद टी-शर्टों पर नंबर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरवरखेड़ा पुलिस चौकी, डिजायन सेंटर, टांडा मोड़, क्षत्रिय चौराहा, चीमा चौराहा, स्टेडियम होते हुए मैराथन रेस में शामिल होने वाले लोग प्राइम हॉस्पिटल पहुंचेंगे। रेस में प्रथम आने वाले को 51 सौ, द्वितीय को 31 सौ और तृतीय को 21 सौ रुपये का इनाम दिया जाएगा। अन्य प्रतिभागियों की हौसलाअफजाई कर प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। इस दौरान स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। बताया कि मैराथन रेस के दौरान जगह-जगह पर पानी की व्यवस्था भी की गई है। ताकि गर्मी में कोई दिक्कत न हो। पुलिस भी सुरक्षा में तैनात रहेगी। पुलिस का पूरा सहयोग मिल रहा है। मैनेजिंग डायरेक्टर विमल बोहरा ने बताया कि पहली बार बड़े स्तर पर मैराथन रेस का आयोजन शहरवासियों के लिए खुशी की बात है। इसकी पूरी तैयारियां कर ली गई है। स्टेडियम के खिलाड़ी में उत्सुकता के साथ भाग ले रहे हैं। बताया कि रेस सुबह छह बजे से शुरू कर दी जाएगी। इस मौके पर तारा दत्त जोशी, विक्रम ठाकुर, काजल सिंह, प्रेरणा बिष्ट, विकास बेदी, प्रमोद कुमार, अनुज चौधरी आदि मौजूद थे।

मैराथन रेस की जानकारी देते प्राइम हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. अर्जुन सिंह बोहरा।

दुखद | महीने के 25 दिन में 27 घायल, एक की मौत

...कब लगेगा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश !

ओम प्रकाश मौर्य, खटीमा

अमृत विचार: ... कब लगेगा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश ! यह सवाल हर किसी की जुबान पर है लेकिन इसका जवाब किसी के पास नहीं है। पुलिस प्रशासन द्वारा लाखों के चालान काटने और मामले दर्ज करने के तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अप्रैल के 25 दिनों में जहां 27 लोग घायल हो चुके हैं वहीं एक युवक को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है।

दो अप्रैल को कार चालक ने टक्कर मारकर भूड़ महोलिया निवासी अशोक कुमार और अजय कुमार को घायल कर दिया था। उसी दिन चकरपुर पुलिस चौकी के सामने वहीं के निवासी गिरीश चंद को मैजिक चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था। छह अप्रैल को कैलाश रिवर बेड मिनरल्स कुटरी चेकपोस्ट चकरपुर के शशांक त्रिवेदी के पैर पर चालक ने डंपर चढ़ा दिया था। जिसकी रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने चालक रामतरण निवासी ताज होटल के पीछे टनकपुर चंपावत को गिरफ्तार कर लिया था। इधर 14 अप्रैल को विगराबाग में हाइवे पर आपस में होने वाली टक्कर को बचाने के प्रयास में ट्रक और बस के पलटने में दोनों के चालकों सहित बस में बैठे एक निजी संस्थान के दो प्रशिक्षक 15 प्रशिक्षणार्थी घायल हो गए थे। जहां घायलों को देखने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी अस्पताल पहुंचे थे। 20 अप्रैल को टनकपुर रोड पर स्थित प्रयास हॉस्पिटल के सामने कार सवार ने टक्कर मारकर बाइक पर सवार बरेली उत्तर प्रदेश निवासी मोहन स्वरूप गंगवार और तुलाराम राठौर को घायल कर दिया था। 20 अप्रैल की रात्रि को जगबूड़ा पुल के पास कार की चपेट में आकर आकर घसियारी मंडी टनकपुर चंपावत निवासी नीतीश बाल्मिकी घायल हो गया था जिसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया था। इधर आज बृहस्पतिवार को बाइकों की टक्कर में गिधौर निवासी बलजिंदर सिंह और स्कूटी फिसलने से नानकसागर निवासी कृष्ण कुमार घायल हुए हैं।

दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल

खटीमा : नेशनल हाईवे पर वृहस्पतिवार को अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मछली झाले के पास दो बाईकों की टक्कर में गिद्धौर निवासी बलजिंदर सिंह (35) गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि दूसरा बाइक सवार फरार हो गया। घायल को तत्काल नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इसी मार्ग पर एक अन्य घटना में नानकसागर के पास स्कूटी फिसलकर गिर जाने से स्कूटी सवार कृष्ण कुमार (20) पुत्र हरेंद्र कुमार निवासी नानकसागर घायल हो गया।

कनाडा क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष बने गुरदीप

बाजपुर: बाजपुर के गुरदीप सिंह को कनाडा क्रिकेट बोर्ड का उपाध्यक्ष चुना गया है। उनके चयन पर उनके सहपाठी रहे केशव पासी और विधायक अरविंद पांडे ने बधाई दी है।

बाजपुर के सीमावर्ती गांव बढ़पुरा शेखुपुरा निवासी गुरदीप सिंह क्लेर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अशासकीय इंटर कॉलेज बाजपुर में की थी। यहां भी वह अक्सर क्रिकेट खेला करते थे। इसके उपरान्त चंडीगढ़ में पंजाब यूनिर्वसिटी से बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल करने के लिए वे 1991 में बाजपुर से चले गए थे। 1998 में वह कनाडा चले गए।

आरएएन ने एसएस को हराया

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: एसएस पब्लिक स्कूल में इंटर वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में 11 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान फाइनल में आरएएन रुद्रपुर ने एसएस पब्लिक स्कूल को 2-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

गुरुवार को नगर स्थित एसएस पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ एसएस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डीपी सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। टूर्नामेंट में 11 टीमों ने प्रतिभाग किया।

टूर्नामेंट में आरएएन पब्लिक स्कूल, किड्स पैराडाइस दिनेशपुर, ब्लूमिंग डेल्स मॉडर्न स्कूल, सर्व संस्कृति पब्लिक स्कूल, विजडम पब्लिक स्कूल, रुद्रा पब्लिक स्कूल, श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, जेके कान्वेंट स्कूल, दशमेश पब्लिक स्कूल, न्यू एरा पब्लिक स्कूल और एसएस पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। विजेता खिलाड़ियों को एसएस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डीपी सिंह ने ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य परविंदर सिंह, उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रसाद, क्रीड़ा शिक्षक हरविंदर सिंह, कमलजीत सिंह, शुभम शुक्ला, गुरचरण सिंह, सुमित सिंह, अंजलि प्रियंका, पुलकेश विश्वास, संजय कुमार, त्रिलोक सिंह, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

एसएस पब्लिक स्कूल में विजेता टीम को ट्रॉफी देते प्रबंधक डीपी सिंह एवं अन्य।

एक नजर

व्यापार संघ का शपथ ग्रहण 28 को

अल्मोड़ा : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की नव निर्वाचित नगर व्यापार मंडल कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 28 अप्रैल को अल्मोड़ा में होगा। संगठन के जिलाध्यक्ष सुशील साह ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा नगर व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाएंगे। उन्होंने बताया कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने अधिक से अधिक व्यापारियों से इस कार्यक्रम में शिरकत करने की बात कही है।

निर्धन छात्रों की मदद के लिए बढ़ाया सहायता का हाथ

रानीखेत : स्थानीय मिशन इंटर कॉलेज रानीखेत के पूर्व छात्र-छात्राओं एवं परिवार वाले वर्तमान में विद्यालय में पढ़ने वाले निर्धन एवं कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए आगे आए। सरिता तिवारी की ओर से बच्चों के लिए 15000 रुपये भेजे गए हैं। जिससे निर्धन वर्ग के विद्यार्थियों को विद्यालय की यूनिफॉर्म दी गई। प्रधानाचार्य सुनील मसीह ने सरिता तिवारी एवं उनके परिवार का धन्यवाद किया। वहीं कैलाश पुजारी पुजारी जनरल स्टोर रानीखेत ने भी अपने पिता स्व. काशीराम पुजारी की स्मृति में विद्यालय के दो छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म दी।

छत से गिरकर घायल

टनकपुर : टनकपुर-चम्पावत हाईवे से लगे चल्थी निवासी एक व्यक्ति अपने घर की छत से गिर गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हुआ है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह टनकपुर चम्पावत हाईवे से लगे बगेडी, चल्थी निवासी 49 वर्षीय रेवाधर जोशी पुत्र देवी दत्त जोशी अपने घर की छत में टहल रहे थे। ग्रामीण दिनेश चंद्र जोशी ने बताया कि वह अचानक अनियंत्रित होकर छत से जमीन में जा गिरे। जिन्हें तुरंत उप जिला अस्पताल टनकपुर पहुंचाया गया। डॉ. उमर ने बताया कि घायल के सिर में गंभीर चोट लगी है।

सौ साल की हुई जागेश्वर की रामलीला

संसाधनों की कमी के बावजूद भी लगातार समृद्ध होती रही, 1925 से शुरू हुआ मंचन

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार : देवभूमि का कुमाऊं मंडल सांस्कृतिक गतिविधियों का ऐतिहासिक केंद्र रहा है। यहां की सांस्कृतिक गतिविधियों में रामलीला मंचन एक ऐसी परंपरा रही है जो सदियों से यहां निर्बाध गति से चली आ रही है। कुमाऊं में सबसे पहले रामलीला का मंचन प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में वर्ष 1860 में हुआ।

अल्मोड़ा से वर्ष 1925 में रामलीला मंचन की परंपरा विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम तक पहुंची। जागेश्वर धाम में रामलीला की परिकल्पना प्रसिद्ध नृत्य सम्राट उदयशंकर ने की थी जिसे प्रसिद्ध रंगकर्मी बिजेंद्र लाल साह के सहयोग से मूर्त रूप दिया गया। इस साल जागेश्वर धाम की यह रामलीला सौ वर्ष का सफर पूरा करने जा रही है। इसे लेकर आयोजकों में खासा उत्साह है। अल्मोड़ा के बद्रेश्वर में रामलीला की शुरुआत पहली बार हुई। इसके बाद यहां की रामलीला लगातार समृद्ध होती गई । जागेश्वर धाम मंदिर के 75 वर्षीय पंडा गोपाल दत्त बताते हैं कि पहली बार नृत्य सम्राट उदयशंकर ने नंदा देवी मंदिर में रामलीला के दौरान जागेश्वर धाम में रामलीला कराने की परिकल्पना की। तब रंगमच के क्षेत्र में काफी सक्रिय रहे बिजेंद्र लाल साह ने इस परिकल्पना का मूर्त रूप देने का बीड़ा उठाया। वर्ष 1925 में मंदिर के प्रबंधक शेर सिंह नेगी व हेड पंडा पीतांबर दत्त भट्ट समेत क्षेत्र के अनेक लोगों ने इस कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बहुताण गांव के पं. गंगा दत्त, खीमनाथ जोकर, केशव दत्त सोसलिस्ट, हरिराम, नारायण दत्त, बालकिशन भट्ट अल्मोड़ा के चिरंजी लाल साह आदि के सहयोग से 1925 में काफी कम संसाधनों के बीच पहली बार रामलीला का मंचन जागेश्वर धाम मंदिर के पास के प्रांगण में किया गया। वर्ष 1940 से 1960 के दौर में सीताराम बाबा, रामदत्त मास्साब, कलाकार रामचंद्र भट्ट, भवानी दत्त, पोस्टमैन चंद्रमणी, षष्ठी भट्ट ने भी पूरी शिद्दत के साथ रामलीला मंचन की इस परंपरा को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दिया। उस दौर में रामलीला का आयोजन काफी चुनौतीपूर्ण था लेकिन स्थानीय लोगों के सहयोग से यह आयोजन सफल रहा और यह परंपरा आगे बढ़ती चली गई। वर्ष 1965 के दौर में फुलई जागेश्वर के प्रधान केएन भट्ट ने इस परंपरा को आगे बढ़ाने में काफी बड़ा योगदान दिया। जैंती सालम के पुभाऊं निवासी पानदेव व प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र जोशी ने भी उनके इस प्रयास में उनका पूरा-पूरा साथ दिया। वर्ष 1975 से करीब वर्ष 2000 तक तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख रामचंद्र भट्ट ने भी मदद की। उस दौर में रामलीला का अवधी से हिंदी में अनुवाद भी जागेश्वर के दिगोली गांव के एक बुजुर्ग ने किया। वर्ष 2016 तक रामलीला मंचन में केवल पुरुष कलाकार ही भाग लेते थे। उसके बाद से अब तक महिलाएं भी रामलीला आयोजन में बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी करती हैं। इस वर्ष विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम की यह रामलीला अपने सौ साल पूरे करने जा रही है जिसे लेकर जागेश्वर धाम ही नहीं बल्कि देश विदेश के श्रद्धालुओं और रंगमंच से जुड़े लोगों में भी खासा उत्साह है।

भारी मात्रा में स्मैक के साथ खटीमा के दो युवक पकड़े

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : चम्पावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई है। स्मैक ला रहे ऊधमसिंह नगर जिले के दो युवकों को पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम ने शारदा बैराज के पास से दबोचा। मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

टनकपुर के थानाध्यक्ष बची सिंह बिष्ट और एसओजी प्रभारी मनीष खत्री के नेतृत्व में संयुक्त अभियान में भारत-नेपाल मार्ग पर शारदा नहर सिल्ट इजेक्टर के पास मोटरसाइकिल से शारदा बैराज की तरफ आ रहे दो आरोपियों को स्मैक संग दबोचा। ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा के रघुलिया गांव के अमरजीत सिंह (33) और नानक सिंह (23) को 185.15 ग्राम स्मैक ले जाते हुए गिरफ्तार किया। अमरजीत सिंह से 80.12 ग्राम और नानक के पास 100 ग्राम स्मैक मिली।

स्मैक के साथ गिरफ्तार आरोपी।

बरामद स्मैक की कीमत करीब 18 लाख रुपये आंकी गई है। टनकपुर कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने नवाबगंज, फहेतगंज, बरेली आदि जगहों से सस्ती स्मैक लाकर पीलीभीत, न्यूरिया, मझौला, खटीमा, बनबसा, टनकपुर, चम्पावत, लोहाघाट और नेपाल के कई जिलों में बेचने की बात कही है।

नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले रहा युवक दबोचा

अल्मोड़ा : जिले की देघाट पुलिस ने एक नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जा रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को देघाट निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर दी कि एक युवक उनकी नाबालिग बेटी बहलाफुसला कर अपने साथ भगाकर ले गया है।

जिसके बाद पुलिस ने आरोपित युवक सूरज सिंह मनराल (22) पुत्र मदन सिंह मनराल निवासी ग्राम उदयपुर, देघाट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

थानाध्यक्ष देघाट राहुल राठी ने टीम गठित कर नाबालिग और आरोपित की खोजबीन शुरू कर दी। करीब छह घंटे के बाद पुलिस टीम ने युवक को मोहान चेक पोस्ट पर पकड़ लिया और नाबालिग को आरोपी युवक के कब्जे से छुड़ा लिया। आरोपी युवक से पूछताछ के बाद उस पर पॉक्सो एक्ट समेत अन्य अनेक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

बिजली के बढ़े बिल देख भड़के उपभोक्ता, प्रबंधक को दिया ज्ञापन

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : बढ़े हुए बिजली बिलों के विरोध में पूर्व छात्र संघ सचिव नवीन सुनेजा के नेतृत्व में लोगों ने यूपीसीएल के प्रबंधक को संबांधित ज्ञापन बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को सौंपा। उन्होंने अभियंता का घेराव कर रोष भी प्रकट किया।

कहा कि बिजली के बिलों में प्रति यूनिट की गई वृद्धि से लोगों में खासा रोष है। विभाग द्वारा सिक्योरिटी मनी के नाम पर उपभोक्ताओं से जो वसूली की जा रही है, वह सरासर गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा बिल के अतिरिक्त सिक्योरिटी मनी के नाम पर जो भुगतान लिया जा रहा है, उसकी रसीद तक नहीं दी जा रही है, जो अवैध वसूली की श्रेणी में आता है। उन्होंने तारों को सिंगल लाइन में डालने की मांग की। जिस पर अधिशासी अभियंता ने कहा कि स्थानीय स्तर पर जो समस्या उनके अधिकार क्षेत्र में होगा, उसका निदान किया जाएगा। इस दौरान नवीन सुनेजा, चंदन सिंह रावत, राधा बल्लभ पांडे, जीवन सिंह बिष्ट, बेबी, बबीता आदि मौजूद रहे।

ओवरटेक के चक्कर में कैंटर में घुसी कार, छह घायल

लालकुआं : हाईवे में बबूर गुमटी स्थित आईओसी के पास कैंटर व कार भिड़ंत में छह लोग जख्मी हो गए, जिसमें सास व बहू को गंभीर चोटें आई हैं। तेल डिपो की ओर बिना लाइट दिए मुड़ रहे कैंटर के पीछे से आ रही कार ओवरटेक करने के चक्कर में कैंटर में जा घुसी। दुर्घटना इतनी तेज थी कि कार के एयरबैग खुल गए और उसमें सवार बच्चों सहित आधा दर्जन परिजनों को चोटें आ गयी। कार व्यवसायी मनोज अग्रवाल के पुत्र राघव चला रहे थे, पीछे की सीट में व्यवसायी की पत्नी सीमा एवं पुत्रवधू दिव्या, उनकी बेटी साक्षी और उसकी गोद में उनका एक वर्ष का पुत्र बैठे हुए थे। दुर्घटना में सास सीमा और पुत्र वधू दिव्या गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि अन्य को मामूली चोट आई हैं। सभी घायलों को कोतवाली पुलिस एवं प्रत्यक्षदर्शियों ने एंबुलेंस से हल्द्वानी चिकित्सालय भिजवाया गया।

रानीखेत में ड्रग फैक्ट्री के जंगलों में लगी आग

रानीखेत : क्षेत्र में जंगलों में आग लगने का सिलसिला थम नहीं रहा है। विगत दिवस गनियादयोली के पास स्थित ड्रग फैक्ट्री से जुड़े जंगल में अचानक आग लग गई। जंगल से जुड़े आवासीय परिसर में आग बढ़ने लगी जिससे अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर अग्निशमन दस्ती के जवानों ने मौके पर पहुंचकर बड़ी मशक्कत के बाद 3 घंटे में आग पर काबू पाया। बुधवार को दोपहर के समय ड्रग फैक्ट्री से लगे जंगलों में अचानक आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग आवासीय भवनों की ओर बढ़ने लगी।

एनसीसी कैडेट जिम्मेदारी से करें कर्तव्यों का निर्वहन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : एसएसजे परिसर अल्मोड़ा में स्थापित 24 वीं यूके गर्ल्स बटालियन का गुरुवार को ग्रुप कमांडर नैनीताल राजेश सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बटालियन की एएनओ लेफ्टिनेंट डा. ममता पंत ने उन्हें 24 वीं वाहिनी गर्ल्स बटालियन के कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारियां दी। दोनों ही अधिकारियों ने कैडेट रिया जोशी को सीनियर अंडर ऑफीसर की रैंक प्रदान की। ग्रुप कमांडर ने 24 वीं वाहिनी की ए.एन.ओ लेफ्टिनेंट डा.पंत की सराहना की और उन्हें जुझारू अधिकारी बताया।

परिसर में स्थापित एनसीसी बटालियन और कार्यालय के निरीक्षण के दौरान परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, एनसीसी 24 यूके गर्ल्स बटालियन एनसीसी के कमांडिंग अफसर एनके कांडपाल, कार्यकारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. गीता खोलिया, तरदीप कौर, लेफ्टिनेंट कर्नल आर पवार, सूबेदार मेजर दीपेंद्र सिंह , एनए राजेंद्र सिंह, कनिका भट्ट, दीपिका पिलख्वाल सहित एनसीसी के कैडेट्स उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन की जिलाधिकारी आज लेंगे बैठक

अल्मोड़ा : आगामी मानसून अवधि में संभावित आपदाओं के दृष्टिगत उनकी रोकथाम और बचाव से संबंधित जनपद स्तर पर की जाने वाली तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी विनीत तोमर ने शुक्रवार को नवीन कलक्ट्रेट में अधिकारियों की एक बैठक आहूत की है। जिलाधिकारी तोमर ने कहा है कि जिला स्तर के सभी अधिकारी इस बैठक में आपदा से संबंधित अपने अपने विभागों के एजेंड़े के साथ अनिवार्य रूप से इस बैठक में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। ताकि मानसून अवधि में की जाने वाली कार्रवाई की रणनीति तैयार की जा सके।

चम्पावत की वादियां जम्मू कश्मीर के समान हैं खूबसूरत

चम्पावत में बालेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करते पर्यटक। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

चम्पावत में चाय बागान के दीदार करते सैलानी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद आईआरसीटीसी की ओर से राज्य के मानसखंड मंदिरों के दर्शनों के लिए पुणे से पहली बार शुरू की गई मानसखंड एक्सप्रेस भारत गौरव पर्यटन ट्रेन से चम्पावत पहुंचे देश भर के पर्यटकों को यहां की प्राकृतिक खूबसूरती ने खूब लुभाया है। पहली बार यहां आए पर्यटक बोले चम्पावत की वादियां जम्मू कश्मीर की वादियों के समान खूबसूरत हैं। पर्यटकों ने शिलिंगटाक स्थित चाय विकास बोर्ड की ओर से विकसित किए गए चाय बागान की खूबसूरती का दीदार किया तो चन्द शासकों की ओर से निर्मित बालेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की।

इसके अलावा उन्होंने लोहाघाट के मायावती में स्वामी विवेकानंद की ओर से स्थापित अद्धैत आश्रम और धर्मार्थ चिकित्सालय का भ्रमण भी किया। जिला पर्यटन विकास अधिकारी अरविंद गौड़ ने बताया कि ट्रेन में आए 280 पर्यटकों को विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है।

महिला थाने में मारपीट सिपाही की फाड़ी वर्दी

संवाददाता, अल्मोड़ा

- विवाद को लेकर दंपति अपने बच्चों के साथ पहुंचा था थाने
- आरक्षी की रिपोर्ट पर कोतवाली में मुकदमा हुआ दर्ज

अमृत विचार : नगर के महिला थाना अल्मोड़ा में एक व्यक्ति द्वारा थाने में तैनात एक सिपाही के साथ मारपीट करने और उसकी वर्दी फाड़ने का मामला सामने आया है। इस मामले में सिपाही की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ अल्मोड़ा कोतवाली में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आरक्षी राकेश भट्ट बुधवार की रात एनटीडी कोतवाली में तैनात थे। देर रात करीब एक से डेढ़ बजे के आसपास जिला नियंत्रण कक्ष में सूचना मिली कि महिला थाने में किसी विवाद को लेकर एक दंपति अपने बच्चों के साथ पहुंचा है।

साथ ही पति और पत्नी में जमकर विवाद हो रहा है। सूचना मिलने के बाद आरक्षी राकेश भट्ट महिला थाने पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि शैल निवासी प्रवेश लाल अपनी पत्नी से झगड़ा कर रहा है और उसने थाने में हंगामा मचा रखा है। थाने में प्रवेश लाल की पत्नी उसके खिलाफ शिकायत लेकर आई थी। मामला समझने के बाद आरक्षी राकेश भट्ट ने प्रवेश लाल को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन प्रवेश लाल गाली गलौच करता रहा। सिपाही राकेश ने उसे कई बार उसे समझाने का प्रयास किया। लेकिन प्रवेश लाल नहीं माना।

उल्टा प्रवेश लाल ने सिपाही राकेश भट्ट के साथ मारपीट शुरू कर दी और उनकी वर्दी भी फाड़ दी। मौके की गंभीरता को देखते हुए महिला थाने की ओर से पुलिस बल मंगाया गया। जिसके बाद आरोपी पर बमुश्किल काबू पाया जा सका। बाद में पुलिस की टीम प्रवेश लाल को मेडिकल के लिए अस्पताल ले गई। कोतवाल जगदीश सिंह देऊपा ने बताया कि सिपाही की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा पैदा करने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

वर्ग पहेली-51

बाएं से दाएं

1.1. जिसके सिर पर बहुत बाल हो, झोंटेवाला 2. जटाधारी।

2.1. किसी चीज़ के रगड़ जाने से या छिलने से बनने वाला चिह्न या निशान, खरोंच 2. ख़राश।

5.1. दुकान में चीज़ें बेचने वाला व्यक्ति 2. दुकान का मालिक 3. व्यवहार में मोल-भाव करने वाला व्यक्ति।

6.1. दुष्ट 2. ढीठ।

7.1. फ़ारस की प्रसिद्ध लोककथा 'लैला-मजनूं' की नायिका और कैस (मजनूं) की प्रेमिका 2. प्रेयसी।

8.1. भारत एक प्राचीन राजवंश 2. प्राचीन शैव संप्रदाय जिसके अनुयायी सिर पर शिव की मूर्ति रखा करते थे।

ऊपर से नीचे

1.1. पास-पास उगे हुए कई पेड़ या झाड़ियां जिनकी डालियां आपस में मिली हुई हों 2. बहुत लोगों का समूह, गिरोह 3. चादर या किसी कपड़े से शरीर को पूरी तरह ढक लेने की क्रिया 4. बच्चों का एक खेल जिसमें वे घेरा बनाकर नाचते हैं।

3.1. अंधकार में अथवा स्पष्ट दिखाई न देने पर किसी चीज़ के आकार-प्रकार

4.1. जहां बिल्कुल भी प्रकाश न हो, अंधेरा, अंधियारा, तिमिर, तम 2. तामस, कलुष 3. निराशा, हताशा, अज्ञान। (मु.) -नज़र आना : कोई उपाय न सूझना, निराशापूर्ण हालात में फंसना। -दूर होना : ज्ञान या बुद्धि प्राप्त होना। 5. दूना, दो गुना।



वर्ग पहेली -50 का हल

		1 पू		2 आ		
	3 का		छ		धू	
	रों		4 ता	5 क	त	
	6 छ	का	छ	क		7 म
8 मो				9 ह	ड़	हा
10 ह	र	शे	ख	रा		श
नी						य

सुडोकू -130

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3		5				
6			4			9		
	4				3			8
9					5			
8		6			1	3		5
			2					4
5			1	3			2	
	7	1			4			9
			5	9		6		

सुडोकू -129 का हल

3	2	5	9	6	8	1	4	7
4	8	7	2	1	3	9	5	6
9	6	1	7	4	5	8	3	2
8	5	6	3	2	9	4	7	1
2	1	4	8	7	6	3	9	5
7	3	9	4	5	1	2	6	8
6	7	2	1	9	4	5	8	3
1	9	3	5	8	7	6	2	4
5	4	8	6	3	2	7	1	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 07 .45 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अनुराधा 03 .40 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज घर में अकेलापन और बोरियत महसूस होगी। गर्मी से बचकर रहें और पानी भरपूर पियें। दूसरों पर ज्यादा दबाव डालने से आपको बचना चाहिए। शाम को कहीं घूमने जा सकते हैं। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। ज्यादा भागदौड़ के कारण पैरो में दर्द हो सकता है।

वृष — आज वैवाहिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। रियल एस्टेट से आपको धन लाभ होगा। कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। आपके सभी काम समय पर पूर्ण होंगे। किसी बड़े प्रोजेक्ट्स पर आप धन निवेश कर सकते हैं।

मिथुन — आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पायेंगे। दोस्तों की मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे। अपनी कार्यशैली में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। ससुराल में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

कर्क — आज परिवार के साथ सुखद समय बितायेंगे। आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे। अपनी सेहत का ध्यान रखें। आज आपको अपच की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे। विद्यार्थियों की नए विषयों के अध्ययन में रुचि होगी।

सिंह — आज कार्यक्षेत्र का तनाव आपके घर पर भी प्रभाव डाल सकता है। भरोसेमन्द लोग ही आपको धोखा दे सकते हैं। इसीलिए किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जाने का विचार बनायेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

कन्या — आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी संबंध मधुर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। नए मित्र बन सकते हैं।

तुला — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहने वाली है। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर चिन्तित रहेंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

वृश्चिक — आज आप अपने घर पर आराम करने की योजना बना सकते हैं। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यवसाय में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

धनु — आज अति आत्मविश्वास के कारण आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। गलत खान पान के कारण सेहत खराब हो सकती है। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। विदेश में रह रहे लोगों को वीजा आदि को लेकर कुछ समस्या होगी।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। जरूरतमन्द लोगों की सेवा में मन लगायेंगे। अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे।

कुंभ — आज आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ायेंगे और किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। संतान को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। बहु प्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है।

मीन — आज बिना मांगे किसी को राय न दें। अधिकारी वर्ग के लोग आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे। पुराना लोन आज चुकाने की कोशिश करेंगे। आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	इंसान सुबह : 11.50	SONY PIX	द वॉटर हाउस सुबह : 11.24
	पार्टनर शाम : 05 .57		ज़ोम्बीलैंड शाम : 06 .26
&pictures	कूगल कुट्टप्पा सुबह : 11.14	ZEE CINEMA	राम लखन सुबह : 08 .45
	साइना रात : 08 .00		तैश रात : 08 .45
		colors CINEPLEX	सपने साजन के सुबह : 11.00
			देवदास शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात :08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पिता- बेटा जरा अपना मोबाइल देना।

बेटा- 1 मिनट ऑन करके देता हूं।

वीडियो डिलीट...फोटोज डिलीट... मैसेजेस डिलीट लीजिए पापा ऑन हो गया..

पापा- रहने दो, मुझे तो बस टाइम बता दे।

पापा की बात सुनकर सन्न रह गया बेटा।

कल तुम्हें फांसी होगी... बताओ तुम्हारी अंतिम इच्छा क्या है?

कैदी- मैं तरबूज खाना चाहता हूं.

जेलर- लेकिन ये तरबूज का मौसम नहीं है।

कैदी- कोई बात नहीं

कैदी- कोई बात नहीं, मैं इंतजार कर लूंगा।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा -पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान -सम्मान पाता है।

संपादकीय

दूसरे चरण में चुनाव

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में धर्म का मुद्दा आगे हो गया है। भाजपा ने अपने दस साल के कार्यकाल के दौरान अधिकतर विकास, 5वीं से तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंततः 2047 तक 'विकसित भारत' की बात कही। 2024 का जनादेश 'विकसित भारत' का संकल्प हासिल करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए मांगा जा रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि अचानक यह बदलाव क्यों आया कि प्रथम चरण के कम मतदान के बाद प्रधानमंत्री के तेवर बदल गए। विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजस्थान में विभाजनकारी और अपमानजनक भाषण देने का आरोप लगाया। हालांकि भाजपा अब भी दौड़ में सबसे आगे है। कई सीटों पर मुकाबले कांटेदार हैं। परंतु मतदान अब भी कम हो सकता है, क्योंकि दूसरे चरण की जिन 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है, उसमें कमोबेश 30 सीटों पर लू का मौसम होगा। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और करीब 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में प्रचार के दौरान बाकी सब मुद्दे पीछे छोड़ते हुए भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उस पर तुष्टिकरण करने का आरोप लगा दिया। गुरुवार को चुनाव आयोग ने किसी प्रधानमंत्री के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप पर पहली बार संज्ञान लेते हुए भाजपा से विपक्षी दलों द्वारा दायर शिकायतों का जवाब देने को कहा है। चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को जारी नोटिस का 29 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश जारी किया है। आयोग ने इसी तरह का एक पत्र कांग्रेस अध्यक्ष को भी लिखा है जो उनके और राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है।

चुनाव आयोग को अपनी शिकायत में कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में आरोप लगाया था कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति को मुसलमानों में फिर से बांटना चाहती है और विपक्षी दल महिलाओं के 'मंगलसूत्र' को भी नहीं बख्शेगा। महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग ने स्टार प्रचारकों पर लगाम लगाने के पहले कदम के तहत पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जनप्रतिनिधि कानून के प्रावधानों का इस्तेमाल किया है। गौरतलब है कि 2019 के आम चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ छह शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें 'क्लीन चिट' दे दी। इस पर चुनाव आयोग की तीखी आलोचना की गई थी। हालांकि मतदान और मतदाता से जुड़े 'भारतीय जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951' में ऐसी धाराएं भी हैं, जिनके तहत ऐसी शिकायतों पर दंडनीय कार्रवाई की जा सकती है। आयोग की यह कार्यवाही उसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता से जुड़ी है।

लोकसंस्कृति समझने को गणगोत्र का जानना जरूरी



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवा न और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी सामान्य पशुपक्षी नहीं है, वहां उनका अर्थ कुछ गहरा है, जिसे हम गणगोत्र के सूत्र से समझ सकते हैं। टोटम का इतिहास मानवीय धारणाओं, देवताओं और जन जातियों की युग यात्रा और सामाजिक विकास की आत्मकथा है, जिसको हम भारतीय संस्कृति कहते हैं, वह वास्तव में समुद्र की भांति है, जिसमें संस्कृतियों की अनेक धाराएं समाई हुई हैं।

रांगेयराघव ने "महायात्रा गाथा" में टिप्पणी की है कि भारतीय पौराणिक-जीवन की अनेक समस्याएं प्राचीन जातियों के "टोटम" में ही छिपी हुई हैं। आचार्य क्षितिमोहनसेन और डा.रामविलास शर्मा ने भी टोटम या गणगोत्र के सिद्धांत के प्रकाश में पुराकथाओं की समीक्षा की है। एक युग था, तब वर्ण नहीं था, जाति नहीं थी, कबीले थे। किसी का गणगोत्र (टोटम) नाग था, कोई सुपर्ण था, कोई जटायु था, मत्स्य, कूर्म, गज, सिंह, महिष, मयूर, अश्व, हंस, शुक, काक, नंदी, वाराह आदि हजारों गणगोत्र थे।

रांगेयराघव ने लिखा है कि भय भूख और आवश्यकता ने टोटम को जन्म दिया उन्होंने लिखा है कि संसार में एक लंबा समय टोटम का रहा है। केवल भारत में ही नहीं, मिस्र में थोट देवता गरुडमुखी है, चीन में ड्रेगन की कथाएं हैं। बैबीलोनिया में जू गरुड़ देवता है। भरतीय पुराकथाओं में जनमेजय का नागयज्ञ, गज-ग्राह युद्ध और नाग-गरुड़-युद्ध प्रसिद्ध हैं।

युगांत प्रलय के समय मत्स्य (विष्णु के प्रथम अवतार) का प्रादुर्भाव हुआ। यह नौका पर बैठे मनु की कथा है, मत्स्य पुराण भी है। मत्स्यकन्या की कथा में मल्लाहों ने मछली का पेट चीर कर एक कन्या और बालक को निकाला था। वह उपरिचर वसु का वीर्य था। पुराण की कथा है कि अमृत प्राप्त करने के लिए देवता और दैत्य समुंद्र मंथन करने लगे उस समय भगवान विष्णु ने कछुआ (कच्छप या कूर्म अवतार) का रूप धारण किया। समुद्र में प्रवेश करके मंदराचल को पीठ पर धारण किया। कुर्मी नाम का एक जनसमूह अभी भी

> रांगेयराघव ने "महायात्रा गाथा" में टिप्पणी की है कि भारतीय पौराणिक-जीवन की अनेक समस्याएं प्राचीन जातियों के "टोटम" में ही छिपी हुई हैं। आचार्य क्षितिमोहनसेन और डा.रामविलास शर्मा ने भी टोटम या गणगोत्र के सिद्धांत के प्रकाश में पुराकथाओं की समीक्षा की है। एक युग था, तब वर्ण नहीं था, जाति नहीं थी, कबीले थे। किसी का गणगोत्र (टोटम) नाग था, कोई सुपर्ण था, कोई जटायु था, मत्स्य, कूर्म, गज, सिंह, महिष, मयूर, अश्व, हंस, शुक, काक, नंदी, वाराह आदि हजारों गणगोत्र थे। रांगेयराघव ने लिखा है कि भय भूख और आवश्यकता ने टोटम को जन्म दिया उन्होंने लिखा है कि संसार में एक लंबा समय टोटम का रहा है। केवल भारत में ही नहीं, मिस्र में थोट देवता गरुडमुखी है, चीन में ड्रेगन की कथाएं हैं। बैबीलोनिया में जू गरुड़ देवता है।

है। इसका संबंध कूर्म गणगोत्र से है। वाराह पुराण की कथा के अनुसार जब हिरण्याक्ष धरती की चटाई कर के पाताल ले गया, तो वाराह भगवान ने हिरण्याक्ष का वध किया और अपने एक ही दंष्ट्र पर धारण करके पृथ्वी का उद्धार किया और उसे शेषनाग के फण पर प्रतिष्ठित किया। इस प्रकार विष्णु के दस अवतारों में से प्रथम तीन अवतार मानवेतर हैं। मथुरा को आदिवाराह क्षेत्र माना जाता है। सोरों शूकर क्षेत्र है। विष्णु के चौथे अवतार नृसिंह का स्वरूप अर्द्धमानुषी है अर्थात आधा शरीर मनुष्य का और आधा सिंह का। नृसिंह की तरह और भी देवता हैं, जिनका रूप अर्द्ध-मानुषी है। हयग्रीव-अवतार (चौबीस अवतारों में) है -हयग्रीव (मुख घोड़ा का, शरीर आदमीका) हनुमान (मुख वानर का, शरीर आदमी)। गणेश (हाथी जैसा मुंह बाकी शरीर मनुष्य जैसा), और हनुमान (मुख और पूंछ बंदर की तथा शेष शरीर मानवीय) प्रमुख है। चीन, जापान और तिब्बत में भी नागकन्या का आधा रूप सर्प का तथा आधा मनुष्य जैसा है। गरुड़ के संबंध में पुराणों में बताया गया है कि उसका मस्तक गरुड़ पक्षी के समान तथा शरीर और इंद्रियां मनुष्य-जैसी थी।

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवा न और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे। पार्वती सो गईं। तोता हूंकरा देने लगा। शिव ने देखा तो त्रिशूल ले कर दौड़े। शुक उड़ा, व्यास पत्नी जंभाई ले रही थीं। शुक व्यास पत्नी के गर्भ में चला गया। शुकदेव जब रावण सीता का अपहरण करके ले जा रहा था तो जटायु ने रावण को वेदतत्व का प्रमाण देते हुए पर स्त्री हरण का निषेध किया था और जब रावण नहीं माना तो इसने रावण को घायल कर दिया। राम को सीता हरण की प्रथम सूचना जटायु से ही मिली थी। इतना ही नहीं, जटायु ने राम को बताया कि सीता का हरण 'बिंद' मुहूर्त में हुआ है, इसलिए वह तुम्हें अवश्य प्राप्त होगी। स्पष्ट है कि वेद का प्रमाण और ज्योतिष का संदर्भ देना किसी भी पक्षी के वश की बात नहीं हो सकती। जटायु गृद्ध गणगोत्र का था।

यों तो गरुड़ पक्षी का ही नाम है, विष्णु का वाहन! लेकिन वेद और पुराकथाओं में जिस गरुड़ की कहानियां हैं, वह गणगोत्र अथवा टोटम-जाति अथवा कबीला है।

रांगेयराघव ने महायात्रा गाथा में एक पूरे अध्याय में नाग और गरुड़ के संघर्ष का वर्णन किया है। वेद में वह श्येन का पुत्र है। पुराकथाओं में कश्यप और विनता का पुत्र और अरुण का भाई है। गरुड़ की दो बातें ध्यान देने लायक हैं, पहली बात यह कि उसकी मां अपनी ही सौत कद्रू की दासी है। गरुड़ उसे दासता से मुक्त करने के मिशन पर लग जाता है, उसे निषादों, गजों, कच्छपों, और अन्य कितने ही गणगोत्रों से युद्ध करना पड़ता है। वह यक्ष, गंधर्व और देवों से भी युद्ध करता है। अंत में यह अपनी मां को दासता से मुक्त करता है। बालखिल्य उसका अभिषेक करते हैं। दूसरी महत्व की बात है कि-यह स्वर्ग से अमृत ले कर आया था। बाद में नाग और गरुड़ दोनों की अन्तर्भुक्ति विष्णु में हो जाती है। तैत्तिरीय उपनिषद का तीतर गणगोत्र है।

डॉ. कामिल बुल्के ने स्पष्ट बताया था कि हनुमान वास्तव में वानर गोत्रीय आदिवासी थे। इसी प्रकार जिस ऋक्षराज जांबवान से कृष्ण का अट्ठाईस दिनों तक युद्ध चला था और जिसकी कन्या जांबवती कृष्ण की आठ पटरानियों में से एक थी, वह रीछ नहीं हो सकता। महिष भी गणगोत्र है। महिकासुर ब्रज में भी लोकदेवता है। महिषासुर के जन्म की कथा में उल्लेख है कि रंभासुर ने महिषी को गर्भ प्रदान किया था।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी पात्रों का एक तीसरा रूप देवता के वाहन रूप में है जैसे ऐरावत हाथी (इंद्र का वाहन), गरुड़ (विष्णु), सिंह (दुर्गा), हंस (ब्रह्मा तथा सरस्वती), बैल (शिव), कुत्ता (भैरव), मूषक (गणेश), मयूर (कार्तिकेय स्वामी), महिष (यमराज तथा शनि), उल्लू (लक्ष्मी का वाहन)। देवताओं के वाहनों से जुड़े अभिप्राय वास्तव में गणगोत्र जातियों की अन्तर्भुक्ति की कथाएं हैं। नरक चतुर्दशी को यमराज का तर्पण करके दीप जलाकर कुत्ते की पूजा की जाती है। भागवत में पंचम स्कंध में, कंक गिद्ध बगुला और बटेर जैसे देवताओं का उल्लेख है, भागवत 5-14-29।

भारत के लोकजीवन के विश्व बोध में, आचार-प्रणाली और विश्वासप्रणाली में गणगोत्र तत्त्व समाया हुआ है। भारत के जनगण को और भारत की लोकसंस्कृति को समझने के लिए गणगोत्र को समझना अनिवार्य है, नहीं तो अध्ययन के निष्कर्ष गलत ही निकलेंगे।

प्रसंगवश

चुनाव और विदेशी मेहमान

संसदीय आम चुनाव 2024 को नजदीक से जानने समझने के लिए भाजपा ने विश्व की तमाम सत्ताधारी तथा विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है, सिवाय चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के। भाजपा के विदेश विभाग के प्रवक्ता अनुसार ब्रिटेन की कंजरवेटिव तथा लेबर पार्टी, जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स तथा सोशल डेमोक्रेट्स एवं यूएस की डेमोक्रेट्स तथा रिपब्लिकन पार्टियों को बुलावा भेजा जा चुका है।

डॉ. सुभाष चन्द्र
एमजेपीआरयू, बरेली

पड़ोसी देश नेपाल में सत्तारूढ़ दल की सहयोगी सभी पांच पार्टियों को भी आमंत्रण भेजा गया है। इस तरह लगभग दो दर्जन पार्टियों को आमंत्रित किया जा चुका है। गत वर्षों में भाजपा ने देश के अलग-अलग हिस्सों (यथा गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश विधानसभा) में संपन्न चुनावों को जानने समझने के लिए डिप्लोमेट्स को भेजा था। भारत यह दिखाना चाहता है कि देश में सफल चुनाव कैसे कराए जाते हैं तथा लोकतंत्र का उत्सव कैसे मनाया जाता है। ब्रिटिश एमपी एवं पद्म पुरस्कार प्राप्तकर्ता बॉब ब्लैकमेन अनुसार 'भारतीय आम चुनाव बड़े स्तर पर आयोजित किए जाते हैं तथा यह विश्व के किसी भी प्रजातंत्र के मुकाबले बहुत बड़ा आयोजन है।' भाजपा के विदेश विभाग द्वारा प्रवासी मित्रों को सूचना भेजी जा रही है कि वे कम से कम दो हफ्तों के लिए भारत में प्रवास करें तथा ऐसी जगहों पर भ्रमण करें जहां से वे पूरी तरह वाकिफ हों। हालांकि इनमें केवल उन्हें ही शामिल नहीं किया गया है जो कि भाजपा के प्रति सहानुभूति रखते हैं अपितु भारतीय मूल के शिक्षाविदों को भी शामिल किया गया है। पैनल फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इलेक्शन्स-2024 के मुखिया प्रो. राहुल मुखर्जी (हेडलबर्ग यूनिवर्सिटी, जर्मनी) ने भारतीय चुनाव आयोग को बता दिया है कि निष्पक्ष भाव से चुनावी प्रक्रिया को हम समझेंगे तथा अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। इस प्रक्रिया में हम राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों तथा दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे तथा स्वतंत्रता पूर्वक अपना कार्य करेंगे।' भाजपा एवं कांग्रेस दोनों पार्टियों द्वारा विगत वर्षों के दौरान आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विदेशी नेताओं को आमंत्रित किया जाता रहा है। इस आम चुनाव में विदेशी मेहमानों का वृहद् स्तर पर भाग लेना संभावित है।

चुनौती बनता इलेक्ट्रॉनिक कचरा

वर्तमान तकनीकी और डिजिटल युग में ई-कचरा (ई-वेस्ट) पूरी दुनिया में एक चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। हम सभी के पास मोबाइल फोन, टीवी, लैपटॉप और भी बहुत से ऐसे इलेक्ट्रॉनिक सामान हैं जो कि हर रोज इस्तेमाल होते हैं। लेकिन नए स्मार्टफोन, टीवी या फिर लैपटॉप खरीदने के बाद पुराने को हम कचरा समझकर फेंक देते हैं। आज जिस तरह से देश दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक सामान की चाहत बढ़ती जा रही है वही सामान (गैजेट्स) जहर बनकर अब हमारे वातावरण का गला घोंट रहे हैं। ई-कचरे पर यूनाइटेड नेशन की 'द ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनीटर 2024' रिपोर्ट जारी हुई है। जिसमें ई-कचरे वाली सुनामी का जिक्र है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर सालाना 6.2 करोड़ टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा हो रहा है। 2010 के बाद से इस कचरे में 82 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार ई-कचरा अगर ऐसे ही बढ़ता रहा तो वर्ष 2030 तक 32 फीसदी की वृद्धि के साथ बढ़कर 8.2 करोड़ टन पर पहुंच सकता है। ई-कचरे का वार्षिक उत्पादन 23 लाख टन प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रहा है। जिन इलेक्ट्रॉनिक सामानों ने हम सभी की जिंदगी को आसान बनाया है वही सामान अब हमारी जिंदगी में ज़हर घोल रहे हैं।

आमतौर पर हम अपने घरों और दफ्तरों में जिस मोबाइल, लैपटॉप, टीवी, टैबलेट, स्मार्ट-फोन समेत दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सामानों (गैजेट्स) और दूसरे अन्य उत्पादों को इस्तेमाल के बाद फेंक देते हैं। वही बेकार फेंका हुआ कचरा इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट (ई-वेस्ट) यानी कि ई-कचरा कहलाता है लेकिन ई-कचरे की असली समस्या तब शुरू होती है जब इस कचरे का सही तरीके से संग्रहण (कलेक्शन) और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) नहीं होता है।

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

> जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है।

जिससे मिट्टी, पानी और हवा जहरीली हो रही है। यूएन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में यूरोप, ओशिनिया देशों और अमेरिका ने प्रति व्यक्ति सबसे ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा किया। इस कचरे में यूरोप प्रति व्यक्ति 17.6 किलोग्राम के हिसाब से सबसे आगे है। इसके बाद ओशिनिया ने प्रति व्यक्ति 16.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया। ओशिनिया ऐसे द्वीपों के समूहों को कहा जाता है जो कि प्रशांत महासागर में फैले हुए हैं। जबकि अमेरिका ने 14.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया था। इन देशों में ई-कचरे को इकठ्ठा करने और पुनर्चक्रण के साधन मौजूद हैं। इसीलिए इन देशों में ई-कचरे की पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) दर भी ऊंची है। लेकिन बहुत से ऐसे देश हैं जहां ई-कचरा बड़ी मात्रा में निकलता है। लेकिन ना तो ऐसे देशों में इस कचरे को इकठ्ठा करने के पर्याप्त संसाधन हैं और न ही पुनर्चक्रण के लिए कोई उचित प्रबंधन है।

जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। पूरी दुनिया में ई-कचरे की मात्रा कितनी ज्यादा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर इस इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-कचरे) को 40 मीट्रिक टन क्षमता के ट्रकों में भरा जाए तो इसके लिए करीब 15.5 लाख से ज्यादा ट्रकों की जरूरत पड़ेगी। इन ट्रकों को यदि एक के पीछे एक लगाया जाय तो ये भूमध्य रेखा के चारों और एक लाइन बना सकते हैं। ई-कचरा राकेट की रफ़्तार से बढ़ रहा है। जबकि पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर अभी भी बहुत कम है। वैश्विक स्तर पर पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर सिर्फ 12 फ़ीसदी दर्ज की गई है। ऐसे में बहुत बड़ी मात्रा में ई-कचरा नदियों में बहा दिया जाता है। बडे-बड़े गोदामों में ई-कचरा पड़ा रहता है या फिर इसे समुद्र में फेंक दिया जाता है। जिससे पर्यावरण के साथ-साथ जीव जंतुओं को भी नुकसान हो रहा है।

भारत पूरी दुनिया में ई-कचरा पैदा करने में तीसरे नंबर पर है। वर्ष 2021 से 2022 में 1.6 मिलियन टन ई-कचरा भारत में पैदा हुआ था। वर्ष 2030 तक भारत में 14 मिलियन टन ई-कचरा होने का अनुमान है। हालांकि भारत ने इस समस्या से निपटने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में नई स्क्रैप पॉलिसी के तहत सरकार ने वर्ष 2022 में मोबाइल फ़ोन, लैपटॉप, फ्रिज, टीवी, एसी समेत 134 इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की तिथि (एक्सपायरी डेट) तय कर दी थी। यानी एक निश्चित समय के बाद घर में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक सामान कबाड़ (स्क्रैप) हो जाएंगे। और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ेगा। ये बिलकुल वैसे ही है जैसे भारत में वाहनों की परिचालन की समय सीमा (एक्सपायरी डेट) 15 साल होती है। जिसके बाद वाहनों को सड़कों पर चलाने की अनुमति नहीं मिलती है और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ता है। उसी तरह से अब इलेक्ट्रॉनिक सामान को भी एक निश्चित समय के बाद 'स्क्रैप' करना होगा।

सोशल फोरम

अच्छे दिन

एक किसान मेले से बकरी खरीद कर घर लौट रहा था। राह में चार ठग मिले। बकरी देख उनकी जीभ लपलपाने लगी। फिर कुछ आपस में राय विचार कर चारों चार जगह खड़े हो गए।

राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"

> राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"

थोड़ी दूर जाने के बाद दूसरा ठग मिला और कहा, "भाई कुत्ता तो तुम्हारा बहुत सुंदर है। मेला में लिए क्या?" किसान ने गुस्से में कहा, "ये कुत्ता नहीं, बकरी है।" लेकिन उसके मन में एक शंका सी खड़ी हो गई।

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कुछ दूर आगे उसे तीसरा ठग मिल गया जिसने छूटते ही पूछा, "भाई, ये कुत्ता तो विदेशी नस्ल का लगता है। कितने में मिला?" किसान बिल्कुल चिंतित हो गया और बोला, "भाई साहब, आपको गलतफहमी हुई है ! यह कुत्ता नहीं, बकरी है।" ठग किसान को बार-बार आंख फाड़ कर देखते और जोरों से हंसते हुए वहां से चला गया। ठग के जाने के बाद किसान बकरी को बार-बार जांचने परखने लगा और अपने से ही कहा कि नहीं, यह तो बकरी ही है।

कुछ दूर ही आगे चौथा ठग किसान का इंतजार कर रहा था। किसान को देखते ही बोला, "क्या गजब का बढ़िया कुत्ता है, भाई! इतना सुंदर कुत्ता अपनी जिंदगी में पहली बार देख रहा हूं।"

किसान का आत्मविश्वास अब खत्म हो चुका था। बकरी को वहीं छोड़ वह अपने गांव की ओर चल पड़ा। झूठ को बार-बार दुहरा कर इसी प्रकार ठग लोगों की मति फेर देते हैं और अपने लिए अच्छे दिन लाते है।

- फेसबुक वॉल से

शिफ्ट्स में सत्ता या सत्ता में शिफ्ट

'शिफ्ट' को मैं बदलाव नहीं कहूंगा। यह ऐसा भी नहीं है थक जाने के बाद अपने कंधे का बोझ दूसरे पर लादना। बल्कि कहूंगा कि भारत में सत्ता में ड्रिफ्ट और शिफ्ट दोनों हैं। कांग्रेस में ड्रिफ्ट अधिक है लेकिन लोग शिफ्ट भी चाहते हैं। बहुतों को मालूम नहीं है कि सत्ता में शिफ्ट क्या होता है। उन्हें सभी पॉलिटिशियन एक जैसे दिखाई नहीं देते हैं। जब अलग दिखाई देते हैं तो उनमें 'अपना' ढूंढने की चाहत अधिक होती है। बेशक वह एक नंबर का बदमाश या परले दर्जे का धूर्त और अनपढ़ है।

हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं। अधिकांश के बारे में तो मीडिया के जरिये। मूविंग विजुएल्स अर्थात विडियोग्राफ्ड एविडेंस सबसे विश्वसनीय होता है अगर डॉक्टर्ड न हो या कहें तो मनमुताबिक छेड़खानी न की गई हो।

दिए गए वक्तव्यों से व्यक्ति के चिंतन स्तर और विषय के बारे में उसकी समझ मालूम होती है। सत्ता, व्यक्ति को मदहोश रखती है और वह कब वाहियात या अशोभनीय बोल गया है, इसे खुद मालूम नहीं पड़ता। सत्ता, आनी-जानी होती है। लेकिन घृणा और बदले

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं।

की भावना पॉलिटिक्स में नहीं होनी चाहिए और पॉलिटिकल में अतिवाद के लिए भी जगह नहीं होती। अफसोस की बात है कि भारत में स्टेट्समैन और पॉलिटिकल थिंकर्स की कमी है। कोई है, मुझे अभी नज़र नहीं आ रहा।

कांग्रेस जैसी बड़ी पॉलिटिकल पार्टी ने अपना नाश खुद परिवारवाद में घुसे रहकर किया। रहा-सहा नाश उन रीढ़ हीन व्यक्तियों ने किया जो अनुभवी होकर भी कुटिलतापूर्वक आवश्यकता से अधिक धन के संग्रहकर्ता बने, देश के लिए क्रिटिकल वक्त पर सही निर्णय न ले पाए, देश की सुरक्षा और प्रभुसत्ता के सामने निजी स्वार्थों और अपने अन्दर के भय को जीत न पाए, सही नीतियां न बनाकर देश के मेहनतकशों के साथ धोखा करते रहे, पूंजीवादियों (उद्योगपति नहीं) और बदमाश पृष्ठभूमि के लोगों को सत्ता-संरक्षण देते रहे, सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते रहे और विवश आमजन को हमेशा पददलित करते रहे।

रही बीजेपी की बात तो इनके लिए अंग्रेजी में एक शब्द है 'पर्सनल वेंडेटा', जिसे एक वाक् अस्त्र बनाकर ये लोग अपने पैर ही कुल्हाड़ी चला रहे हैं। सत्ता का दुरुपयोग कौन नहीं करता और किसने एक ऋषि-मुनि, मनीषी सरीखा व्यवहार किया है। देश के लोगों को भयभीत करके, ओछे तर्क देकर और व्यक्तिगत ईर्ष्या से सराबोर होकर चुनाव जीतना बेमानी है। देश के नेताओं में अनुभव और अनुभवहीनता, अशिक्षितपन और विद्वत्ता में कोई फर्क कर पाए ऐसी हालत नेताओं ने नहीं छोड़ी। पॉलिटिक्स में नेहरु जैसी ऊंचाई किसी में नहीं दिख रही और जिनमें होगी वे पॉपुलिस्ट किस्म के बयानबाजियों के ताली ढकी-छिपी रहती है। देश में टेलेंट की क्या कमी है?

बहुत पहले एक भविष्यवाणी खुद को समझाने के लिए की थी कि सन 2024 तक 'पैटी-पॉलिटिक्स' को पैसे वाले हथिया लेंगे। तत्पश्चात सत्ता के सौदागर होंगे टेक्नोक्रेट्स और साइंटिस्ट्स। 'शिफ्ट इन इन सेंटर्स ऑफ़ पॉलिटिकल पॉवर' की थ्योरी के अनुसार यह शिफ्ट क्षत्रिय का हाथ से निकलकर ब्राहमण या बनिए के पास नहीं बल्कि कर्मयोगियों के पास होनी चाहिए लेकिन दैवयोग से देखने पर यह किसी और के पास अनापेक्षित रूप से खिसकी है। इसके लिए राजनैतिक शक्ति से वंचित या हाशिये पर रही कम्युनिटीज के पास यह धीरे-धीरे खिसकी है। थ्योरेटिकली देखें तो पॉलिटिकल चिंतन विहीन वर्ग के पास यह केन्द्रित होने की प्रवृत्ति दिखा रही है। देश में अकादमीय विद्वत्ता की कमी नहीं, लेकिन सत्ता ऐसे लोगों के हाथ में चली गई है जिनका लक्ष्य रहा स्वार्थ और बेशुमार अमीरी। पॉलिटिक्स ही ऐसा आसान रास्ता ही जिससे बिना कुछ योगदान के बेशुमार समृद्धि और अमीरी कमाई जा सकती है। दुनिया में इसी चलन का बोलबाला है। भारत की स्थिति अगले 30 साल इस मामले में अभी और बिगड़ेगी। पिछले 15 साल में, खासतौर से सन 2017 में बराक ओबामा के जाने के बाद अमरीका की पॉलिटिकल हालत प्रशंसनीय नहीं कही जा सकती। मुझे लगता है कि अगले बीस साल संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त पिछड़ी जातियों की तरफ सत्ता के शिफ्ट होने के आसार अधिक हैं।

सैम पित्रोदा का प्रलाप

कांग्रेस के ओवरसीज यानी समुद्र पार क्षेत्र के अध्यक्ष और राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने अपने एक बयान द्वारा भारत में अमेरिका की तर्ज पर उत्तराधिकार टैक्स लगाने की वकालत की है। इसके अनुसार किसी के मरने पर उसकी धन सम्पत्ति का 55 प्रतिशथ सरकार को चला जाता है और शेष 45 प्रतिशत उसके वारिसों को। इसके द्वारा उनके अनुसार धन संपत्तियों के पुनर्वितरण करने में सहूलायत होगी। चूंकि भारतीय जन मानस की भावनावों के यह अनुरूप नहीं है, अतः बीजेपी ने इसे तुरंत लपक कर मुद्दा बना लिया और चुनावी लाभ लेने में जुट गई।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हालांकि समय रहते कांग्रेसी चेत गए और सैम के इस बयान से किनारा करते हुए इसे उनका निजी बयान बता दिया। वैसे भी कोई पार्टी सत्ता मे आने पर क्या करेगी, यह उसके चुनावी घोषणा पत्र यानी मैनीफेस्टो से शासित होता है, न कि नेताओं के फुटकर बयानों से, जो हर पार्टी के बड़बोले कहते ही रहते हैं। आपको याद होगा कि कुछ महीने पहले इन्हीं पित्रोदा ने कहा था कि बैलट से चुनाव कराने की मांग की जाएगी। यदि यह न माना जाएगा, तो विपक्ष चुनाव का बहिष्कार करेगा। यह कहां कार्यान्वित हुवा? चुनाव मशीनों से ही हो रहे हैं और विपक्ष भाग ले रहा है। जब भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाई और लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण की भूमि तैयार की, तो पार्टी लाइन से हटकर उमा भारती ने इसमें पिछड़े वर्ग की महिलाओं का आरक्षण डालने की बात कही और बयान दिया। किंतु यह उनकी निजी राय ही मानी गई। पार्टी ने इसकी अनसुनी की। सुब्रह्मण्यम स्वामी अक्सर पार्टी लाइन से हटकर बयान देते रहते हैं, जिनका विशेष प्रभाव नहीं होता है, हालांकि बहुधा उनमें दम होता है।

ऐसा भी हो सकता है कि भाजपा ने पित्रोदा को मिलाकर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करने के लिए यह बयान दिलवा दिया हो, क्योंकि इन दिनों तमाम विपक्षियों और कांग्रेसियों को भाजपा अपने पाले में खींच रही है, और यह उसकी रणनीति का हिस्सा हो। जो भी हो, सैम पित्रोदा का यह बयान भारतीय परिवेश के प्रतिकूल और सम्प्रति प्रलाप मात्र है। संपत्ति का अधिकार तो संविधान में मूलभूत अधिकारों के रूप में समाविष्ट है।

सत्ता विरोधी लहर

डूबेंगे या पार लगेंगे पटनायक

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ हो रहे हैं। राज्य की 21 लोकसभा सीटों और 147 विधानसभा सीटों के लिए 13 मई से 1 जून के बीच चार चरणों में वोट डाले जाएंगे। पहले चरण के लिए 13 मई, दूसरे चरण में 20 मई, तीसरे चरण में 25 मई और चौथे चरण में पहली जून को जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। 13 मई को चार लोकसभा सीटों कालाहांडी, नवरंगपुर, बेरहमपुर और कोरापुट में वोटिंग होगी तो 20 मई को बारगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का लोकसभा सीट पर मतदान होगा। 25 मई को छह लोकसभा सीटों संबलपुर, क्योंझर, ढेंकनाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर में मतदाता वोट डालेंगे। पहली जून को राज्य की बची छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर में वोटिंग होगी। इसी तरह चार चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए 13 मई को 28 विधानसभा सीटों पर वोटिंग तो 20 मई को 35 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। 25 मई को 42 सीटों और पहली जून को राज्य की शेष बची 42 विधानसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे। लोकसभा में जहां 60 फीसदी सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस में त्रिकोणात्मक संघर्ष की तस्वीर उभर रही है, वहीं विधानसभा की लगभग 50 फीसदी सीटों पर बीजेडी और भाजपा के सीधे संघर्ष में कांग्रेस तीसरा कोण बनाती नजर आ रही है। राज्य में यह पहला मौका है, जब पिछले पांच बार से चुनाव जीत रही बीजेडी को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा है। भाजपा लोकसभा की ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के साथ विधानसभा चुनाव में भी पार्टी के लिए कड़ी चुनौती पेश कर रही है, तो कांग्रेस इस लड़ाई में अपने लिए बाजीगर जैसी भूमिका तलाश रही है।

3.32 करोड़ कुल मतदाता
1.68 करोड़ पुरुष मतदाता
1.64 करोड़ महिला मतदाता
7.54 लाख फर्स्ट टाइम वोटर

2019 लोकसभा चुनाव में दलीय परिणाम

पार्टी	सीट	वोट
बीजेडी	12	1,01,74,021
भाजपा	08	91,30,768
कांग्रेस	01	32,85,339



विधान सभा चुनाव- 2019 परिणाम



पिछले चुनाव में सिर्फ 4.4 % वोटों से पिछड़ गई थी भाजपा

ओडिशा लोकसभा में 21 सांसद भेजता है। इन 21 लोकसभा सीटों में तीन एससी और पांच एसटी के लिए आरक्षित हैं। बीजेडी 2009 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग हो गई थी। इस बार पार्टी ने चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए भाजपा के साथ हाथ मिलाने के लिए कोशिश की पर समझौता परवान नहीं चढ़ पाया।

2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेडी ने 42.8 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए राज्य की 21 में से 12 सीटें जीत ली थीं। भाजपा ने आठ सीटों पर कमल खिलाया था। पार्टी को 38.4% वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस एक सीट ही जीत पाई थी। उसने 13.4% वोट प्राप्त किए थे। इस बार भी ओडिशा में यही तीन पार्टियां चुनावी लड़ाई में आमने-सामने हैं। लोकसभा की एक दर्जन सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय टक्कर मानी जा रही है, जबकि नौ सीटों पर मुकाबला बीजेडी और भाजपा के बीच सीधे संघर्ष में सिमटता नजर आ रहा है।

भाजपा ने इस बार अपने चार सांसदों को दोबारा मौका नहीं दिया है। संबलपुर से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस के दुलाल चंद्र प्रधान और बीजेडी के प्रणब प्रकाश दास की चुनौती है। पुरी से भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के सामने बीजेडी ने मौजूदा सांसद पिनाकी मिश्र की जगह पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण पटनायक को उतारा है, कांग्रेस ने सिद्धार्थ राउत्रे को टिकट दिया है। केंद्रपाड़ा से भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा किस्मत आजमा रहे हैं। यहां उनके मुकाबले में बीजेडी के अंशुमन मोहंती हैं। भुवनेश्वर से अपराजिता सारंगी दोबारा मैदान में हैं, यहां उनका मुकाबला बीजेडी के मन्मथ राउद्रे से है। सुंदरगढ़ से जुएल उरांव जैसे पुराने नेता पर दांव खेला है। पार्टी ने बीजेडी छोड़कर आए कटक के मौजूदा सांसद भर्तृहरि महताब को कटक से ही उतारा है।

गठबंधन भाजपा और बीजेडी की मजबूरी थी पर सीट शेयरिंग की जिद व कार्यकर्ताओं में दूरी थी

- लोकसभा और विधानसभा चुनाव के रण में बीजेडी और नवीन पटनायक पर जमकर हमले करने के बाद भी भाजपा ने चुनाव बाद बीजेडी के साथ अनौपचारिक समझौते का द्वार खुला रखा है। दोनों दलों में गठबंधन और सीट समझौता टूटने के बाद भी पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीय महत्व के कई मामलों में मोदी सरकार को समर्थन देने के लिए पार्टी ने बीजेडी के प्रति आभार जताया था। रणनीति के तहत ही समझौते की बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो बार ओडिशा आए पर नवीन पटनायक या उनकी सरकार के बारे में एक शब्द नहीं कहा। उल्टा नवीन को "मेरे मित्र" कहकर संबोधित किया और "लोकप्रिय मुख्यमंत्री" बताया था। दरअसल दोनों पार्टियों के बड़े नेता तो गठबंधन के लिए उत्सुक थे जबकि आम कार्यकर्ता इससे नाराज़ थे। भाजपा "अबकी बार, 400 पार" लक्ष्य के साथ राज्य सरकार में भागीदारी के लिए गठबंधन चाहती थी, तो बीजेडी भी समझ रही थी कि इस बार के चुनाव में पार्टी की स्थिति पहले जैसी नहीं है। लेकिन लोकसभा में भाजपा के ज्यादा सीट मांगने के कारण बात परवान नहीं चढ़ पाई।

राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी समर में बीजेडी ने सबसे ज्यादा 10 को दिया है मौका

- ओडिशा के चुनाव में इस बार राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने उतरे हैं। प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी बीजू जनता दल ने सबसे ज्यादा सात शाही परिवार के सदस्यों को टिकट दिया है। भाजपा ने चार और कांग्रेस ने एक राजघराने के सदस्य को चुनावी समर में उतारा है। राजघरानों के 10 सदस्य विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि दो लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे हैं। बीजेडी से धाराकोटे शाही परिवार के दिग्गज नेता स्व. एएन सिंहदेव की 28 वर्षीय पौत्री सुलक्षणा गीतांजलि देवी सनाखेमुंडी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक रमेश चंद्र जेना से है। चिकिती विधानसभा से चिकिती के शाही परिवार की वंशज उषा देवी के बेटे चिन्मयानंद श्रीरूप देब भी बीजेडी से मैदान में हैं। अभी इस सीट से उनकी मां उषा देवी विधायक हैं। बीजेडी से ही देवगढ़ के राजा और भाजपा के संबलपुर सांसद नितेश गंगा देव की पत्नी रानी अरुंधति देवी देवगढ़ विधानसभा सीट से प्रत्याशी हैं। बीजेडी के टिकट पर चुनावी समर में औल शाही परिवार के सदस्य प्रताप देब औल सीट से तो नयागढ़ विधानसभा सीट से प्रत्यूषा राजेश्वरी उतरी हैं। इसी तरह पुष्पेंद्र सिंह देव धर्मगढ़ विधानसभा सीट और अंगुल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक शाही परिवार के रजनीकांत की पत्नी संजुक्ता सिंह उम्मीदवार हैं। बोलांगीर से दो बार के सांसद कलेश नारायण सिंह देव भी बीजेडी से इस बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने बोलांगीर लोकसभा सीट से यहां के शाही परिवार की मौजूदा सांसद संगीता कुमारी सिंह पर फिर से दांव लगाया है। संगीता चार बार इस सीट को जीत चुकी हैं। उनके पति केवी सिंह को भाजपा ने पटनागढ़ विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। पार्टी ने कालाहांडी लोकसभा सीट से शाही परिवार के पूर्व सांसद केशरी देव की पत्नी मालविका केशरी देव को टिकट दिया है।

2014 में दलीय परिणाम और वोट

पार्टी	सीट	वोट
बीजेडी	20	94,91,497
भाजपा	01	46,38,619
कांग्रेस	00	55,93,123
अन्य	00	18,09,036



400 पार जीतेंगे : नई दिल्ली में भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने मोती नगर में रोड शो करने के दौरान जब अपने तेवर और अंदाज दिखाए तो लोगों के बीच बरबस ही उनकी मां भाजपा की वरिष्ठ नेता रहीं स्व. सुषमा स्वराज की यादें ताजा हो गईं।

राजस्थान में पांच सीटों पर भाजपा का कड़ा इम्तिहान

जयपुर। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राजस्थान में 13 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। इनमें पांच सीटों पर सभी की नजर लगी है। जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत का मुकाबला कांग्रेस के करण सिंह उजियारा से हो रहा है। दोनों के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है। कोटा-बूंदी सीट पर भाजपा के ओम बिरला और कांग्रेस के प्रहलाद गुंजल के बीच भी संघर्ष बताया जा रहा है। जालोर-सिरोही सीट पर कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत का चैन भाजपा के लुंबाराम चौधरी ने छीन रखा है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट भी चर्चा में है। यहां भाजपा के महेंद्रजीत सिंह मालवीय की बाप पार्टी के राजकुमार रोत से टक्कर है। राजकुमार को कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। सबसे चर्चित सीट बाड़मेर-जैसलमेर है, जहां त्रिकोणीय मुकाबले में सबकी निगाह निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र सिंह भाटी पर है, जिन्होंने भाजपा-कांग्रेस दोनों की नींद उड़ा रखी है।

छठवीं बार मुख्यमंत्री बनने में 'एंटी इनकंबेंसी' बन रही कठिन चुनौती

विधानसभा चुनाव में बीजू जनता दल (बीजेडी) के सामने लगातार छठी बार बहुमत हासिल करने की चुनौती है। अगर इस बार भी बीजेडी चुनाव जीतती है, तो राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक चार माह बाद सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पछाड़ कर सबसे लंबे समय तक सरकार चलने के मामले में पहले नंबर पर आ जाएंगे। इसके साथ ही लगातार छठी बार विधानसभा चुनाव जीतने का अनोखा रिकॉर्ड भी उनके नाम हो जाएगा। लेकिन पिछले पांच बार आसानी से चुनाव जीतने वाले नवीन पटनायक इस बार अपने राजनीतिक जीवन की सबसे कठिन चुनौती का सामना कर रहे हैं। 24 साल में पहली उन्हें और उनकी पार्टी बीजेडी को राज्य में 'एंटी इनकंबेंसी' से जूझना पड़ रहा है। हालांकि पटनायक की लोकप्रियता में खास कमी नहीं आई है, लेकिन लगातार सत्ता में रहने के कारण उनके विधायक और सांसद अपने क्षेत्रों में लोगों की आंकक्षाओं पर खरे नहीं उतरने के कारण और स्थानीय समस्याओं के चलते भरोसा और समर्थन खोते नजर आ रहे हैं।

- **विधान सभा चुनाव जीतने पर देश में सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने के मामले में पहले नंबर परआ जाएंगे नवीन पटनायक**

इस 'एंटी इनकंबेंसी' से निपटने के लिए बीजेडी ने चेहरे बदलने का खेल खेला है। लोकसभा और विधानसभा प्रत्याशियों की सूची में भाजपा और कांग्रेस से आए नेताओं को बड़ी संख्या में मौका दिया है। बीजेडी के लोकसभा और विधान सभा प्रत्याशियों की सूची में एक तिहाई टिकट अन्य पार्टियों से आए नेताओं को दिए गए हैं। इसका परिणाम यह भी हो रहा है कि टिकट की आस लगाए बैठे बीजेडी के कई नेता टिकट न मिलने की नाराजगी में भाजपा में शामिल हो चुके हैं, तो कुछ बीजेडी नेता खुलेआम घोषित प्रत्याशियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं या निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतर गए हैं। इसका नुकसान भी पार्टी को हो सकता है।

मोदी के विजन-2047 की तर्ज पर ओडिशा को 2036 में नंबर वन राज्य बनाने का वादा

- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को यूं ही राजनीति का बड़ा खिलाड़ी नहीं माना जाता है। इस बार के चुनाव में 'एंटी इनकंबेंसी' का फैक्टर भलीभांति समझते और भाजपा द्वारा 25 साल के कामकाज पर जारी चार्जशीट का मुकाबला करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विज़न 2047' की तर्ज पर 2036 तक ओडिशा को विकसित राज्य बनाने की कसम खाई है। अपने चुनावी अभियान की शुरूआत उन्होंने इसी दांव से की है। वह लोगों से कह रहे हैं कि बीजेडी को छठी बार मौका देने पर जब राज्य 2036 में अपने गठन के 100 साल पूरे करेगा तो देश में नंबर एक विकसित प्रदेश होगा। भाजपा के डबल इंजन सरकार के जवाब में वह मतदाताओं से बीजेडी के चुनाव निशान शंख को डबल आशीर्वाद, एक वोट लोकसभा और दूसरा विधानसभा चुनाव के लिए मांग रहे हैं। पटनायक हर चुनावी चाल सधे अंदाज में चल रहे हैं। 2019 में भाजपा ने पश्चिमी ओडिशा में कालाहांडी, बलांगीर, बारगढ़, संबलपुर व सुंदरगढ़ लोकसभा सीटें जीत ली थीं। भाजपा की फिर से पिछला प्रदर्शन दोहराने की संभावनाओं को रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने हिन्जिली की परंपरागत सीट के साथ बलांगीर की कांटाबांजी विधानसभा क्षेत्र से भी उतरने का फैसला लिया है।

सतना में त्रिकोणीय, रीवा में सीधे मुकाबले के आसार

चुनाव डेस्क

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 26 अप्रैल को मतदान होना है। 2019 के चुनाव में यह सभी छह सीटें भाजपा ने जीती थीं। इन छह सीटों में सबसे रोचक मुकाबला सतना और रीवा में होता नजर आ रहा है। पहले चरण के चुनाव में कम मतदान होने के कारण इस चरण में चुनाव आयोग के साथ भाजपा और कांग्रेस ने भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए हैं।

भाजपा से सतना लोकसभा पर चार बार के सांसद गणेश सिंह चुनाव मैदान में है। उनके मुकाबला कांग्रेस के सतना से विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा मजबूती से कर रहे हैं। पिछले चुनावों में गणेश सिंह को इकलौता ओबीसी प्रत्याशी होने का भी लाभ मिलता था, लेकिन इस बार कांग्रेस का प्रत्याशी भी ओबीसी है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी नारायण त्रिपाठी भी कहीं से कमजोर नहीं नजर आ रहे हैं। इस सीट पर कुल 14 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा सांसद गणेश सिंह को सिद्धार्थ कुशवाहा ने 4041 मतों से हरा दिया था। ऐसे में इस बार दोनों प्रत्याशियों के बीच संघर्ष प्रतिष्ठा और बदले के साथ ओबीसी वर्ग में वर्चस्व से भी जुड़ गया है। लेकिन इस लड़ाई के समीकरण पांचवीं बार दल बदलकर बसपा से उतरे नारायण त्रिपाठी ने गड़बड़ा दिए हैं। मैहर विधानसभा से चार बार के विधायक रहे नारायण के कारण अब यहां संघर्ष त्रिकोणीय हो गया है। सतना सीट पर ठाकुर मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

- मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों पर आज मतदान
- सतना में चार बार के सांसद गणेश सिंह और कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा की जंग में पूर्व विधायक बसपा के नारायण त्रिपाठी बने तीसरा कोण
- रीवा में भाजपा-कांग्रेस के ब्राह्मण प्रत्याशियों में घमासान, भाजपा सासंद की जीत की हैट्रिक रोकने में कांग्रेस की पूर्व विधायक ने लगाई ताकत

हैट्रिक के लिए लड़ रहे जनार्दन

रीवा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा दोनों के ब्राह्मण प्रत्याशियों के कारण मुकाबला दिलचस्प स्थिति में पहुंच गया है। भाजपा से मौजूदा सांसद जनार्दन मिश्र चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाना चाहते हैं। कांग्रेस से उनका मुकाबला नीलम अभय मिश्रा कर रही हैं। नीलम मिश्रा ने 2013 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में सेमरिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। वर्तमान में उनके पति अभय मिश्रा सेमरिया से विधायक हैं। बसपा के अभिषेक पटेल दो ब्राह्मणों की इस जंग में तीसरा कोण बनाने के लिए सजातीय और कैडर वोट को गोलबंद करने में लगे हैं। जानकारों का कहना है कि शुरू में इस सीट पर भाजपा का पलड़ा भारी नजर आ रहा था, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ा कांग्रेस उम्मीदवार के कारण समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। अब भाजपा-कांग्रेस की सीधी टक्कर में मौजूदा सांसद को पीएम मोदी और सीएम मोहन यादव का ही सहारा है।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1000 फ्लैग-1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
रामपुर : शिवालिक-995 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1160

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	83500
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74150
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55250-55450

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	73,000
चांदी आभूषण	82,300

हल्द्वानी मंडी

चावल :शरबती-72 मसूरी-57 अंगूरी-50 बासमती-100 दाल दलहन :काला चना-85 साबुत चना दाल-76 मूंग साबुत-125 राजमा-147 दाल उड़द-125 साबुत मसूर दाल-74-80 मसूर दाल-80 उड़द साबुत-125 काबुली चना-117 अरहर दाल-144-170 लोबिया/करमानी-115 सोयाबीन-73 मूंगफली-65 मटर (सूखी)-55 मक्का-23

उत्पादन क्षमता वृद्धि को डिविज लैब करेगी 700 करोड़ निवेश

नई दिल्ली। दवा कंपनी डिविस लैबोरेटरीज ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ने के लिए 700 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। वह एक ग्राहक के साथ दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता करने की प्रक्रिया में है और 650 से 700 करोड़ तक का निवेश कर अपनी विनिर्माण इकाई की क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है।

गोदरेज को मिले 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के ठेके

नई दिल्ली। गोदरेज को 2023-24 में बिजली और बुनियादी ढांचा कारोबार के 1,000 करोड़ से अधिक के ठेके मिले। हर एक का मूल्य 100 से 400 करोड़ के बीच था। कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं व्यवसाय प्रमुख राघवेंद्र मिर्जी ने कहा कि 400 केवी से अधिक के खंड में हमारी उपस्थिति को और मजबूत किया है।

भौगोलिक संकेत से सात और कृषि उत्पादों की पहचान हुई आसान

बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती या बनारस की बर्फी को मिला जीआई टैग

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार: बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती हो या बनारस की तिरंगी बर्फी, लाल भरुआ मिर्च, चिरई गांव का करौंदा, लाल पेड़ा व ठंडई की पहचान आसान हो गई है।

इन प्रसिद्ध कृषि उत्पादन वाले क्षेत्रों को भौगोलिक संकेत यानी जीआई से रजिस्ट्री मुख्यालय चेन्नई ने पंजीकृत किया है। ये उत्पाद जीआई टैग के लिए लंबे समय से प्रक्रिया में थे। जो पिछले माह कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए हैं। अब जीआई टैग लगाकर उत्पाद की बिक्री करने के लिए उपयोगकर्ता पंजीकृत किए जाएंगे। जिन्हें एक चिन्ह व कोड मिलेगा। इसी आधार पर उत्पाद की विशिष्ट पहचान यानी उत्पाद का स्थान और अधिकृत उपयोगकर्ता आदि की पूरी जानकारी होगी।

● कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए सभी उत्पाद

इन उत्पादों को ये मिला कोड

बुंदेलखंड कठिया गेहूं 819, बनारस का लाल भरवा मिर्च 823 व इसी जिले का चिरई गांव करौंदा 833, लाल पेड़ा 853, ठंडई 1000, तिरंगी बर्फी 941, जौनपुर इमरती 999।

> पिछले माह सात और कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। अब संबंधित क्षेत्रों में जीआई टैग लेने के लिए उपयोगकर्ता का पंजीयन करा रहे हैं। इससे इनके प्रसिद्ध उत्पादों की पहचान होगी और कोई दूसरा इन नामों से बिक्री नहीं कर पाएगा।
> **-डॉ. सुग्रीव शुक्ला,** उपनिदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय

प्रदेश के 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत : उत्तर प्रदेश में कुल 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। इससे पहले पंजीकृत हुए 13 उत्पादों के 3035 उपयोगकर्ता बन चुके हैं और उत्पादन के साथ टैग लगाकर बिक्री की जा रही है। इनमें बनारस का लंगड़ा आम, प्रतापगढ़ ऑवला, आदमचीनी चावल, बनारस पान, रामनगर भांटा, मुज्जफरनगर गुड़ व हाथरस हींग है।

वोडाफोन-आइडिया का राशि जुटाना कंपनी में जान फूंकने जैसा

मुंबई। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने गुरुवार को कहा कि वोडाफोन-आइडिया का 18,000 करोड़ रुपये जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा है। बिड़ला ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के सूचीबद्ध कार्यक्रम में कहा कि कंपनी अपने नेटवर्क को बढ़ाने और चुनिंदा 5जी सेवाओं को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी बिड़ला ने हां में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह कंपनी में एक तरह से नई जान फूंकने जैसा होगा।

भारत के विकसित होने से खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या होगी कम

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में कम गंभीर होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं।

भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीति के कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस समस्या उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी।

विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि मुद्रास्फीति 2024-25 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो जाएगी। यह 2023-24 में 5.4 प्रतिशत और 2022-23 में 6.7 प्रतिशत थी।

नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के नमूने ले रहा एफएसएसएआई : सीईओ

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने गुरुवार को कहा कि वह नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के भारत से नमूने ले रहा है। हाल ही में रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कंपनी उत्पाद में अधिक चीनी डाल रही है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जी. कमला वर्धन राव ने खाद्य सुदृढ़ीकरण पर एसोचैम के कार्यक्रम में कहा कि हम शिशु आहार के नमूने ले रहे हैं। प्रक्रिया पूरी होने में 15-20 दिन लगेंगे। एफएसएसएआई स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन वैधानिक निकाय है। स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क' ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि नेस्ले ने भारत सहित कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे।

नेस्ले इंडिया का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 934 करोड़

नई दिल्ली। दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 934 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 737 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय बढ़कर 5,267 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 4,830 करोड़ रुपये थी।

भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 % बढ़ा

नई दिल्ली। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़कर 345 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि चीन का निर्यात 10.1 प्रतिशत घटकर 381 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यूएनसीटीएडी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की सेवा निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, चिकित्सकीय और आतिथ्य हैं। यूएनसीटीएडी त्रैमासिक बुलेटिन में कहा गया, मौजूदा डॉलर मूल्य के संदर्भ में 8.9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ वैश्विक सेवा निर्यात 2023 में 7900 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है।

एक लाख करोड़ डॉलर का वस्तु निर्यात पाने के लिए काम कर रहा मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य मंत्रालय ने बुनियादी ढांचे की जरूरतों, संभावित क्षेत्रों और संकुलों को चिह्नित करने के लिए काम शुरू किया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इससे देश को 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के वस्तु निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव अनंत स्वरूप ने कहा कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से अध्ययन करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई के कार्यक्रम में कहा कि यदि देश 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के निर्यात का लक्ष्य बना रहा है, तो 1.5 लाख करोड़ डॉलर के आयात की संभावना है। ऐसे में 2.5 लाख करोड़ डॉलर के निर्यात और आयात को पूरा करने के लिए क्या हमारे पास पर्याप्त क्षमता है। जो अधिक महत्वपूर्ण है वह यह है कि एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात कहां से आने वाला है, वे कौन से क्षेत्र और संकुल हैं जहां से एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात होने वाला है।

मजबूत अर्थव्यवस्था, मूल्य स्थिरता से वृद्धि को मिल रहा समर्थन: वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली। अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों के बीच मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिलना जारी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। मंत्रालय ने मार्च महीने की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और रिजर्व बैंक ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है और भारत सबसे तेजी से बढ़ रही प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

राष्ट्रीय

एक नजर

धनखड़ ने दिलाई नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी। राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि धनखड़ ने नवनिर्वाचित देवेंद्र प्रताप सिंह, तेजवीर सिंह और महेंद्र भट्ट को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। नवनिर्वाचित सदस्यों को संसद भवन में सभापति के कक्ष में शपथ दिलायी गयी।

बलिया में कार पलटने से चार की मौत

बलिया। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के फेफना क्षेत्र में एसयूवी के पलटने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जिले चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के बढ़वलिया गांव के कमलेश यादव (36), राजू यादव (30), छोटू यादव (30), फेफना थाना क्षेत्र के तीखा निवासी रितेश गोंड (32) और गाजीपुर जिला के सत्येंद्र यादव (40) बुधवार देर रात टाटा सफारी कार लेकर फेफना से चितबड़ागांव जा रहे थे कि तभी फेफना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर निजी ढाबे के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई तथा खेत में पलट गई। वहीं कार सवार सतेन्द्र, राजू और कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतकों व दो घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने घायलों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। मऊ ले जाते समय रास्ते में रीतेश की मौत हो गई। छोटू यादव को वाराणसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्कूल को मधुशाला बनाने वाला शिक्षक निलंबित

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी में बीते रोज सराज के सोबली में शराब पीकर स्कूल पहुंचे जेबीटी अध्यापक के खिलाफ शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया है। जांच में सामने आया कि यह शिक्षक पहले भी नशे में धुत होकर स्कूल आता रहा है। जिस पर एसएमसी ने शिक्षक पर कार्रवाई की। शिक्षक ने इसके लिए माफी भी मांगी थी। प्राम्भिक शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि मामला सामने आने के बाद विभाग ने संबंधित शिक्षा खंड बगस्याड़ से बीते रोज ही रिपोर्ट लेकर कार्रवाई शुरू कर दी थी। गुरुवार को विभाग ने इस मामले में त्वरित करते हुए निलंबन पत्र तैयार कर शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

दुर्घटनावश गोली चलने से जवान की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से सुरक्षाबल के एक जवान की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) दंतेवाड़ा के जवान जोगराज कर्मा की मौत हो गई तथा आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए। दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हांदावाडा और हितावड़ा क्षेत्र में सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर बुधवार को दंतेवाड़ा और नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी और 'बस्तर फाइटर्स' के संयुक्त दल को गश्त पर रवाना किया गया था।

दो सड़क हादसों में दस की मौत

हैदराबाद। तेलंगाना के वारंगल और सूर्यापेट जिलों में 24 घंटों के दौरान दो सड़क दुर्घटनाओं में दस लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात वारंगल जिले के वर्धन्नापेट के पास वारंगल-खम्मम राष्ट्रीय राजमार्ग पर अकर स्ट्रीम पुल पर सत्रह वर्ष की आयु के चार युवाओं की उस समय मौत हो गयी जब उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक निजी ट्रैवल बस से टकरा गई। वर्धनपेट और येलांदा के रहने वाले छात्र गणेश, एम सिद्धू, वरुण तेज, पोन्नाला अनिल कुमार येल्लांदा से वर्धनपेट जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। एक अन्य दुर्घटना में छह गुरुवार तड़के सूर्यापेट जिले में श्रीरंगपुरम, कोडाद के पास हैदराबाद-विजयवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार के एक स्थिर लॉरी से टकरा जाने से छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये। पुलिस के मुताबिक घटना के वक्त कार में सवार लोग हैदराबाद से विजयवाड़ा जा रहे थे। घायलों को इलाज के लिए कोडाद सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आबकारी घोटाले से संबंधित आय की मुख्य लाभार्थी आप : ईडी

निदेशालय ने कोर्ट से कहा- केजरीवाल के जरिए किया गया धनशोधन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली की कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित उत्पन्न अपराध की आय की प्रमुख लाभार्थी है और उसने अपने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन किया है।

ईडी ने दावा किया कि अब तक हुई जांच से पता चला है कि अपराध की आय का एक हिस्सा लगभग 45 करोड़ रुपये नकद का उपयोग 2022 में आप के गोवा विधानसभा चुनाव में किया गया था। कोर्ट में दायर ईडी के हलफनामे पर आप ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी झूठ बोलने वाली मशीन बन गई है। घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में दायर हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि गोवा में आप के अभियान

आबकारी नीति घोटाला

में शामिल विभिन्न व्यक्तियों के बयानों से पता चला है कि सर्वेक्षण कार्यकर्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक, विधानसभा प्रबंधक आदि के रूप में उनके द्वारा किए गए काम के लिए उन्हें नकद भुगतान किया गया था।

एजेंसी ने कहा कि आप ने अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन का अपराध किया है और इस प्रकार के अपराध पीएमएलए 2002 के धारा 70 के तहत आते हैं। धनशोधन रोकथाम कानून, 2002 की धारा 70 कंपनियों द्वारा किए गए अपराधों से संबंधित है। पार्टी जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 29-ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर केजरीवाल चुनाव में इस्तेमाल होने वाले धन के लिए जिम्मेदार थे। न सिर्फ पार्टी के पीछे केजरीवाल का दिमाग है बल्कि प्रमुख गतिविधियों को भी वही नियंत्रित करते हैं।

आरोप निर्धारण के विरूद्ध उच्च न्यायालय गए अरूण पिल्लै

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में आरोपी हैदराबाद के व्यापारी अरूण रामचंद्र पिल्लै ने गुरुवार को एक अधीनस्थ अदालत के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें सीबीआई की जांच पूरी होने तक बहस शुरू नहीं करने की उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने इस याचिका पर सीबीआई से उसका रूख जानना चाहा और इसे अगली सुनवाई के वास्ते तीन मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

संदेशखालि मामले में सीबीआई ने दर्ज की पहली प्राथमिकी

नई दिल्ली। सीबीआई ने प. बंगाल के संदेशखालि में पांच प्रभावशाली लोगों के खिलाफ जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध पहला मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मामला भूमि हड़पने का है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को प्रभावशाली लोगों से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। सीबीआई ने पांच आरोपियों और पीड़ितों की पहचान अब तक उजागर नहीं की है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश दिया था और कहा था कि न्याय के हित में निष्पक्ष जांच जरूरी है। सीबीआई ने शिकायत के लिए ईमेल आईडी जारी की थी, जिसमें बड़ी संख्या में शिकायतें मिलीं। एजेंसी ने आरोपों का पता लगाने और उन मामलों को दर्ज करने के लिए संदेशखालि में एक टीम भेजी थी, जहां आरोपों को प्रथम दृष्टया सत्यापित किया जा सके।

पटना के होटल में लगी आग छह की मौत, दो लोग गंभीर

पटना, एजेंसी

बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप होटल में गुरुवार को भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो की हालात गंभीर है।

पुलिस अधीक्षक (पटना सेंट्रल) चंद्र प्रकाश ने बताया कि अब तक छह लोगों की मौत हुई है, जिनमें तीन महिलाएं हैं। दो अन्य व्यक्तियों की हालत है जबकि बाकी घायल खतरे से बाहर हैं। एसपी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम बुलाई गई है।

एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित बहुमंजिला इमारत से अग्निशमन कर्मियों द्वारा 20 से अधिक लोगों को बचाया गया है। अग्निशमन दस्ते ने आग पर काबू पा लिया है। अग्निशमन दस्ते का नेतृत्व कर रहे उपमहानिरीक्षक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने रसोई गैस सिलेंडर से आग लगने की बात बताई है पर आग कैसे लगी, इस बारे में पता नहीं लग पाया है। जांच के बाद ही कारण की जानकारी हो सकेगी। पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने पटना मेडिकल कालेज अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक को भर्ती घायलों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि सभी होटल और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन की तैयारियों का ऑडिट कराने का आदेश दिया गया है।

● मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल
जांच के लिए बुलाई गई विशेष टीम

मुसलमानों को आरक्षण पर कर्नाटक के मुख्य सचिव को तलब करेगा एनसीबीसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयोग ने पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने पर सरकार के फैसले की आलोचना की
- इस तरह का वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है : आयोग अध्यक्ष

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को दिए आरक्षण पर राज्य के मुख्य सचिव को तलब करेगा। आयोग अध्यक्ष हंसराज अहीर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एनसीबीसी ने मुस्लिम समुदाय को पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह का वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है।

एनसीबीसी अध्यक्ष अहीर ने कहा कि कर्नाटक में मुस्लिम धर्म की जातियों को सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग माना जा रहा है और उन्हें पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय (बी) के तहत अलग से सूचीबद्ध किया गया है। यह उन्हें संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और राज्य की सेवाओं में पदों और रिक्तियों पर आरक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। एनसीबीसी ने इस पर बल दिया कि वास्तव में मुस्लिम समुदाय में कुछ वर्ग ऐसे हैं जो वंचित हैं और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर हैं, लेकिन पूरे धर्म को पिछड़ा मानने से मुस्लिम समाज के भीतर विविधता और जटिलताओं की अनदेखी होती है। इस मामले पर राज्य सरकार से मिली प्रतिक्रिया संतोषजनक नहीं है और वह इस कदम पर स्पष्टीकरण देने के लिए कर्नाटक के मुख्य सचिव को बुलाएंगे।

कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार मुस्लिम धर्म के भीतर सभी जातियों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय(बी) के तहत सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आयोग ने पिछले साल शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए कर्नाटक की आरक्षण नीति की समीक्षा की थी। सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में मुस्लिमों सहित पिछड़े वर्गों को 32 प्रतिशत आरक्षण देता है, एनसीबीसी ने ऐसा दृष्टिकोण पर जोर दिया जो इन समुदायों में विविधता को ध्यान में रखे।

अधिकारी बन एमएनसी की पूर्व निदेशक से 25 करोड़ ठगे

मुंबई, एजेंसी

- पीड़िता ने अपनी और अपने मां के शेयर बेचे, म्यूचअल फंड से राशि निकाली और गोल्ड लोन लेकर ठगों के बताए खाते में डाला

महाराष्ट्र में एमएनसी की पूर्व निदेशक से साइबर धोखेबाजों ने 25 करोड़ ठग लिए। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि मुंबई की महिला को धोखेबाजों ने पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर कहा कि धन शोधन के मामले में उसके खिलाफ जांच चल रही है। यह मामला हाल के समय में लोगों को निशाना बनाकर की गई सबसे बड़ी साइबर धोखाधड़ी में से एक है।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने जालसाजों को पैसे चुकाने के लिए अपनी और अपने मां के शेयर बेच दिए, म्यूचअल फंड में निवेश राशि निकाली और गोल्ड लोन भी लिया। यह घटनाक्रम छह फरवरी से शुरू होकर दो महीने के दौरान हुआ। पश्चिम मुंबई की शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को दूरसंचार विभाग का अधिकारी बताते हुए महिला से कहा कि उसके तीन नंबर बंद कर दिए जाएंगे। पीड़िता ने कारण पूछा तो बताया कि वह पुलिस से उनकी बात करा रहा है। दूसरे व्यक्ति ने पुलिस बनकर कहा उन्हें धन शोधन की शिकायत मिली और पीड़िता का मोबाइल नंबर व आधार कार्ड मामले से संबद्ध है। इसके बाद आरोपी ने दूसरे को कॉल ट्रांसफर की, जिसने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा कि अगर वह मामले से बाहर निकलना चाहती हैं तो उसे उनके बताये बैंक खाते में पैसे जमा कराने होंगे। जालसाजों ने पीड़िता के नाम पर चालू खाता भी खुलवाया और महिला से उसमें पैसे जमा कराए। पुलिस ने बताया कि महिला ने खाते में 25 करोड़ हस्तांतरित किए। पीड़िता ने मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाने ने जांच शुरू की और 31 बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं।

सट्टेबाजी एप पर आईपीएल प्रसारण में पुलिस ने तमन्ना को किया तलब

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी एप्लिकेशन के सहायक एप पर आईपीएल मैच देखने के कथित प्रचार करने के संबंध में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को समन किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री तमन्ना को 29 अप्रैल को साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को देखने के लिए किए गए प्रचार के संबंध में तमन्ना को तलब किया गया है। अधिकारियों ने इस संबंध में दर्ज कराई गई शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि 2023 में फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर कुछ आईपीएल मैचों का अवैध रूप से प्रसारण किया गया था।

बिहार : पटना में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

पटना। जिले के पुनपुन इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने जनता दल(यू) के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। मसौढ़ी अनुमंडल के पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) कन्हैया सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान सौरव कुमार के रूप में की गई है। उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति मुनमुन कुमार घायल हो गए हैं। यह घटना गुरुवार की रात 12 बज कर 15 मिनट पर हुई जब सौरव, मुनमुन के साथ पुनपुन क्षेत्र के परसा बाजार में शादी समारोह से लौट रहे थे। तभी हमलावर आये और उनपर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी।

आज का मुकाबला

कोलकाता नाइटराइडर्स
बनाम
पंजाब किंग्स

समय : शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	09	379
ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके)	08	349
ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल)	09	342

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	+0.941
लखनऊ	8	5	3	10	+0.148
चेन्नई	8	4	4	8	+0.415
दिल्ली	9	4	5	8	-0.386
गुजरात	9	4	5	8	-0.974
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
पंजाब	8	2	6	4	-0.292
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

केकेआर के गेंदबाजों पर रहेंगी नजरें

कोलकाता, एजेंसी

● खराब फॉर्म से जूझ रही है पंजाब किंग्स, अब तक बल्लेबाजी के दम पर जीत रही है केकेआर की टीम

खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है।

पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है। केकेआर के लिए शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169.38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल (184.52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाए हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिए हैं।

वहीं, दूसरी ओर स्टार्क 11.48 की इकॉनॉमी रेट से रन लुटा रहे हैं और उन्हें छह ही विकेट मिल सके हैं। उन्हें 24 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा गया था और अब उन पर इस रकम के साथ न्याय करने का दबाव होगा। स्टार्क का भरोसा अपनी रफ्तार पर रहा है और वह धीमी गेंद डालने को तैयार नहीं है जिससे बल्लेबाज डैथ ओवरों में उन्हें आसानी से खेल पा रहे हैं।

अगर, पंजाब को जीत की राह पर लौटना है तो केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाना होगा। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और बेयरस्टो फॉर्म में नहीं हैं। आशुतोष और शशांक के बल्ले से ही रन निकल रहे हैं। पंजाब खेमा उम्मीद कर रहा होगा कि शिखर धवन कंधे की चोट से उबरकर जल्दी वापसी करें।

विशी सर नहीं होते तो आज यहां नहीं होता : गुकेश

चेन्नई, एजेंसी

स्वदेश लौटने पर परिवार से मिलते डी गुकेश। ● एजेंसी

- टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर रचा था इतिहास
- साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को देंगे चुनौती

भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके कैरियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुए गुरुवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते।

17 बरस के गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। आनंद के बाद कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले गुकेश ने स्वदेश लौटने के बाद कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्रोत हैं और उनकी अकादमी से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कैरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते। गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है। लिरेन के खिलाफ मुकाबले के बारे में उन्होंने कहा सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि मैं तैयारी कैसे करता हूं। मुझे सही मानसिक तैयारी के साथ उतरना होगा क्योंकि यह बड़ा मैच है। काफी अपेक्षाएं हैं और बहुत कुछ दाव पर है। मुझे खुद पर पूरा भरोसा है और मैं इसी रणनीति के साथ खेलूंगा। उम्मीद है कि यह कारगर साबित होगी।

आरसीबी लड़खड़ाकर पहुंची 200 पार

हैदराबाद सनराइजर्स को मिला 207 रनों का लक्ष्य, कोहली और पाटीदार ने लगाए अर्धशतक

हैदराबाद, एजेंसी

विराट कोहली (51), रजत पाटीदार (50) और कैमरन ग्रीन (37) की आतिशी पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 41वें मैंच में सनराइजर्स हैदराबाद को जीतने के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया है।

राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। चौथे ओवर में थंगारसु नटराजन ने डुप्लेसी को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। डुप्लेसी ने 12 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 25 रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विल जैक्स (6) पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। विराट और रजत पाटीदार ने तीसरे विकेट लिए बड़ी साझेदारी करने का प्रयास किया। इसी दौरान 13वें ओवर में उनादकट ने रजत पाटीदार को आउट कर दिया। रजत ने 20 गेंदों में दो चौके और पांच छक्के लगाते हुए 50 रन बनाये। महिपाल लोमरोर (7), दिनेश कार्तिक (11) बनाकर आउट हुये। स्वप्निल सिंह नाबाद 12 रन और कैमरन ग्रीन ने 20 गेंदों में पांच चौकों की मदद से नाबाद 37रन बनाये। बेंगलुरु ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 206 रन बनाये। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से जयदेव उनादकट ने तीन विकेट लिये। थंगारसु नटराजन को दो विकेट मिले। पैट कमिंस और मयंक मार्कंडेय ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



विल जैक्स को विकेट लेने के बाद मंयक को बधाई देते पैट कमिंस। ● एजेंसी

बेंगलुरु 206/7	20 ओवर, अतिरिक्त : 07		
बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कैच समद बोल्ड उनादकट	51	43	4/1
डुप्लेसी कैच मारक्रम बोल्ड नटराजन	25	12	3/1
विल जैक्स बोल्ड मार्कंडेय	6	9	0/0
पाटीदार कैच समद बोल्ड उनादकट	50	20	2/5
कैमरन ग्रीन नाबाद	37	20	5/0
लोमरोर कैच कमिंस बोल्ड उनादकट	7	4	1/0
दिनेश कार्तिक कैच समद बोल्ड कमिंस	11	6	2/0
स्वप्निल कैच अभिषेक बोल्ड नटराजन	12	6	1/1

गेंदबाजी : अभिषेक 1-0-10-0, भुवनेश्वर 1-0-14-0, कमिंस 4-0-55-1, नटराजन 4-0-39-2, शाहबाज 3-0-14-0, मयंक 3-0-42-1, उनादकट 4-0-30-3

खेल डायरी

एवर्टन से 2-0 से हार के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग खिताब जीतने की उम्मीद को लगा झटका

लिवरपूल। एवर्टन से 2-0 से हारने के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीतकर जर्गेन क्लोप को शानदार विदाई देने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। एवर्टन के लिए जाराड ब्रांथवेट और डोमिनिक कालवर्ट लिविन ने गोल दागे। हार के बाद क्लोप ने कहा मैं इस हार के लिए माफी ही मांग सकता हूं। हम बेहतर खेल सकते थे लेकिन नहीं खेले और यही वजह है कि हार गए। इस हार से लिवरपूल अब शीर्ष पर काबिज आर्सनल से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी उससे एक ही अंक पीछे है। वहीं एक अन्य मैच में मैनचेस्टर युनाइटेड ने शेफील्ड युनाइटेड को 4-2 से हराया। युनाइटेड अब तालिका में छठे स्थान पर है। बोर्नमाउथ ने वोल्व्स को 1-0 से मात दी।

दिल्ली के गेंदबाज रसिख सलाम को फटकार

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में एक विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाने के लिए फटकार लगाई गई है। बुधवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर खेला गया मैच दिल्ली ने चार रन से जीता। इस दौरान रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया जो ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है।

ओसाका मटुआ मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

मैड्रिड। जापान की स्टार टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने विजयी वापसी करते हुए बेल्जियम के टेनिस खिलाड़ी ग्रीट मिन्नेन को हराकर मटुआ मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में दूसरे दौर में पहुंच गई है। अरांटेक्सा सांचेज स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मैच में पूर्व विश्व नंबर वन खिलाड़ी ओसाका ने 79 मिनट तक चले मुकाबले में बेल्जियम की ग्रीट को 6-4, 6-1 से हराया। उल्लेखनीय है कि ओसाका बेटी शाई को जन्म देने के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल पायी थी।

बिस्माह मारूफ ने क्रिकेट से लिया संन्यास

कराची। पाकिस्तान महिला टीम की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। मारूफ ने कहा मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे अधिक पसंद है। यह चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने शुरू से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट यात्रा में मेरा समर्थन किया है। उन्होंने कहा मैं मुझ पर विश्वास करने और मेरी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहती हूं।

रिजवान और नियाजी टी-20 शृंखला से बाहर

कराची। चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और इरफान खान नियाजी न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी-20 शृंखला के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। पीसीबी ने कहा है कि उन्हें दोनों की रेडियोलॉजी रिपोर्ट्स मिली हैं और दोनों को टी-20 शृंखला से बाहर करने का फैसला किया है। नियाजी को उस मैच में किसी तरह की तकलीफ में नहीं देखा गया था, लेकिन पता चला है कि उनकी भी मांसपेशियों में खिंचाव है।

विवाद सुलझाएं या फिर निलंबन झेले पाकिस्तान

कराची। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान सरकार और खेल की कमान के लिए लड़ रहे दो महासंघों से गुरुवार तक विवाद सुलझाने या निलंबन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। पीएचएफ अधिकारी ने बताया कि एफआईएच ने साफ तौर पर कहा है विवाद सरकार की मदद से खत्म हो जाना चाहिए वरना पाकिस्तान को निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

इंपैक्ट खिलाड़ी नियम से हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर

नई दिल्ली। बायें हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अक्षर ने 43 गेंद में 66 रन बनाए और कप्तान ऋषभ पंत के साथ दिल्ली कैपिटल्स को संकट से निकालकर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली ने यह मैच चार रन से जीता। अक्षर ने कहा एक हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है। हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है।

महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के पंजीकरण में बढ़ोतरी : एआईएफएफ

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले दो वर्षों में भारतीय फुटबॉल में महिला खिलाड़ियों के पंजीकरण में 138 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो इस खेल की लोकप्रियता में वृद्धि का संकेत है, साथ ही इससे पता चलता है कि फुटबॉल को पेशेवर रूप से चुनने वाली युवा महिला खिलाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की केंद्रीय पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 तक भारत में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 27,936 हो चुकी है। वहीं जून 2022 में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 11,724 थी। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि भारत में यह एक बहुत ही सकारात्मक चीज हुई है। हमारे फुटबॉल तंत्र में 16,212 महिला खिलाड़ियों का बढ़ना बहुत ही उत्साहजनक संकेत है।

तीरंदाजी विश्व कप : रिकर्व पुरूष टीम फाइनल में

शंघाई, एजेंसी

● महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का, ज्योति और प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचीं

भारत के तरूणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में पुरूषों के रिकर्व फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। फाइनल में उनका सामना ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया से होगा। भारत ने महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का कर लिया। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम ने इटली को 5.1 से हराया। अब उसका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा।

कोरियाई टीम में तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन, ली वू सियोक और किम जि डियोक हैं। कोरिया ने चीनी ताइपै के तान चिह चुन, लिन जिह सियांग और ताइ यू सुआन को 6.0 से हराया। कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन प्रियांश और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उसने 15वीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 5.3 से मात दी। अगले मैच में स्पेन को 5.1 से हराया।

पहले दौर में बाय मिलने के बाद अगले मैच में भारतीयों ने दूसरे सेट में 3.1 की बढत बनाने के बाद मुकाबला गंवा दिया। बाद में विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने हमवतन अवनीत कौर को 143-142 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना एस्तोनिया की मीरी मार्शिया पास से होगा। भारत की मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति स्वामी को मैक्सिको की शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रिया बेसेरा ने 144-142 से हराया। 14वीं वरीयता प्राप्त प्रियांश ने तुर्की के बी अकाओग्लू को शूटआफ में मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के निक कैपर्स से होगा।

राहुल बनाम संजू, हार्दिक का फॉर्म चिंता का सबब

नई दिल्ली, एजेंसी

टी20 विश्व कप

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिये संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरूआत में टीम का ऐलान कर सकता है।

केटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल और संजू सैमसन के बीच मुकाबला है। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है।

युगांडा के खिलाड़ी सबसे बड़े मौके के लिए तैयार : रमजानी

मुंबई। बल्लेबाजी आल राउंडर अल्पेश रमजानी का मानना है कि युगांडा के आत्मविश्वास से भरे क्रिकेटर आगामी टी20 विश्व कप के दौरान जिंदगी के सबसे बड़े मौके का फायदा उठाने के लिये तैयार हैं। पिछले साल नवंबर में युगांडा ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्षेत्र के क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करके नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहकर पहली दफा इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान युगांडा ने मजबूत क्षेत्रीय टीम जिम्बाब्वे को भी पराजित किया।

रमजानी ने गुरुवार को वानखेडे स्टेडियम में मीडिया से कहा यह बहुत ही बड़ा अनुभव होने वाला है। लेकिन साथ ही यह जिंदगी का सबसे बड़ा मौका भी होगा जब आप ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलोगे जिनकी तरह आप बनने की ख्वाहिश रखते हो। हमारे लिए यह बहुत ही बड़ा मौका है क्योंकि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग में खेलने की तमन्ना रखते हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली और रेलवे के पूर्व क्रिकेटर अभय शर्मा को राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त करने से युगांडा के खिलाड़ियों काफी फायदा मिलेगा। टीम के लिए एक एशियाई कोच लाना शानदार होगा। उनका अनुभव हमारे लिए फायदेमंद होगा।

बॉलीवुड हलचल

पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'पुष्पा द रूल' का प्रोमो गाना रिलीज हो गया है। फिल्म 'पुष्पा : द राइज' ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा : द रूल बनाया जा रहा है। पुष्पा : द रूल का प्रोमो गाना रिलीज कर दिया गया है। यह गाना देवी श्री प्रसाद उर्फ रॉकस्टार डीएसपी द्वारा कंपोज किया गया है। सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने कैप्शन दिया, # पुष्पा 2 फर्स्टसिंगल पुष्पा पुष्पा 1 मई को 11:07 बजे रिलीज होगा।

मैं कौन हूं में नजर आएंगी काजल

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री काजल राघवानी फिल्म मैं कौन हूं में काम करती नजर आएंगी। मृत्युंजय श्रीवास्तव निर्देशित फिल्म मैं कौन हूं की शूटिंग उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, विंध्याचल और बस्ती में पूरी हो चुकी है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी और संजय पांडेय अहम किरदार में हैं। फिल्म निर्माता हैं देवांश इंटरप्राइज और सिनेमेटोग्राफर नित्यानंद त्रिपाठी (नीरज), वहीं नृत्य निर्देशन संजय कोर्बे और उधारी यादव ने किया है। मारधाड़ आरके श्री का है, वहीं संगीत एस कुमार ने दिया है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी, आनंद चतुर्वेदी, संजय पाण्डेय आदि होंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

भारत से व्यापार शुरू करे पाकिस्तान उद्यमियों की शहबाज सरकार से मांग

आर्थिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश के कारोबारियों ने कहा- अर्थव्यवस्था उभरेगी

इस्लामाबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था का कायापलट करने के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी।

बता दें, प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था में सुधार के तरीके खोजने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक कर रहे थे। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने हैं। आइएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएं। बैठक समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ने आर्थिक पुनरुद्धार के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण का संकेत देते हुए, देश भर के हितधारकों के साथ जुड़ने का अपना संकल्प दोहराया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वादा किया कि वो जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे और उनके साथ तब तक बैठेंगे जब तक कि सभी मुद्दे हल नहीं हो जाते। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि, मेरा सुझाव है कि आप कुछ और समझौते करें। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में रह रहे (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ के नेता इमरान खान) के साथ भी (हाथ मिलाना) करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें और मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं। भारत के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध टूट गए। भारत के फैसले पर पाकिस्तान की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया दी गई जिसने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया और भारतीय दूत को निष्कासित कर दिया। पाकिस्तान ने भारत के साथ सीधे व्यापार संबंध भी खत्म कर दिए। भारत ने पाकिस्तान को बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर देश का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।

अर्थव्यवस्था को फायदा देने के लिए भारत से मिलाओ हाथ



पाकिस्तान के व्यापारियों ने एक बार फिर भारत के साथ व्यापार को लेकर मांग की है, उन्होंने कहा है कि इससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में बंद पीटीआई नेता इमरान खान के साथ भी संबंध सुधारने का प्रयास करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें। मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं। पूंजी बाजार की दिग्गज कंपनी आरिफ हबीब समूह के प्रमुख आरिफ हबीब ने कहा, कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ समझौते किए हैं, जिनके अच्छे परिणाम आए हैं और आईएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। खबर में कहा गया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने के लिए भी कहा।

प्रशिक्षण के दौरान वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में बड़ा हादसा हुआ है। भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान पिथला गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना ने कहा कि किसी भी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। आईएएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय वायु सेना का एक रिमोट संचालित विमान आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने आगे कहा कि किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का निर्देश दिया गया है।

यमन की जेल में 11 साल से हत्या के मामले में मौत की सजा काट रही बेटी से मिलने पहुंची भारतीय मां

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। यमन जेल में 11 सालों से बंद अपनी बेटी से मिलने भारत से उनकी मां मिलने पहुंची। दोनों बहुत देर तक एक दूसरे को गले से लगाकर रोते रहे। जेल में उपस्थित अन्य लोग भी उनको देख भावुक हो उठे, अपनी बेटी से मिलने के बाद मां ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उन्हें नहीं लगा था कि वह कभी उसे देख पाएंगी। बेटी हत्या के आरोप में यमन जेल में मौत की सजा काट रही है। बुधवार का दिन यमन जेल में 11 साल बाद एक मां-बेटी के मिलन का गवाह बना। यमन जेल में पिछले 11 साल से निमिषा प्रिया एक यमन नागरिक की हत्या के आरोप में सजा काट रही हैं। उनकी मां जो कि भारत में रहती हैं, वे कई सालों उससे मिलने के लिए प्रयास कर रहीं थी। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यमन जाने की अनुमति मांगी थी, ताकि वे अपनी बेटी की मौत की सजा माफ करवा सकें। अनुमति मिलने के बाद वह भारत से यमन गईं। उन्होंने अपनी बेटी से मिलने की अनुमित मांगी थी। अपनी बेटी से मिलकर जेल से लौटीं निमिषा प्रिया की मां प्रेमा कुमारी ने एक वीडियो के जरिए अपनी भावना बयां करते हुए भारत और यमन सरकार को शुक्रिया भी कहा है। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी सरकार की दयालुता के कारण ठीक है। उन्होंने बताया कि जब वह जेल में गईं, तो उनकी बेटी उन्हें दूर से देखते ही दौड़ लगाकर आई, और गले लगा लिया। वह रोते-रोते मुझे मम्मी कहकर पुकार रही थी।

मानवाधिकार उल्लंघन का अमेरिकी आरोप भारत ने किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- **विदेश मंत्रालय ने खंडन कर कहा- वास्तविकता से कोसों दूर है अमेरिकी रिपोर्ट**

भारत में मानवाधिकार उल्लंघन के कथित मामलों को लेकर अमेरिकी रिपोर्ट पूर्वाग्रह से ग्रसित है। विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट भारत की सही तस्वीर पेश नहीं करती और वास्तविकता से कोसों दूर है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत ऐसी रिपोर्ट को महत्व नहीं देता, जिसमें भारत की सटीक तस्वीर पेश नहीं की गई हो।

उन्होंने कहा कि सरकार की नजर में इसका कोई महत्व नहीं है। उन्होंने मीडिया से भी इस रिपोर्ट को महत्व न देने का आग्रह किया। बता दें कि अमेरिकी रिपोर्ट में मणिपुर में मई, 2023 में हुए जातीय संघर्ष के बाद मणिपुर में कथित मानवाधिकारों के हनन की घटनाओं का जिक्र किया गया है। इससे जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा, यह रिपोर्ट बेहद पक्षपातपूर्ण है और भारत के बारे में खराब समझ को दिखाती है। गौरतलब है कि भारतीय समयानुसार सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात जारी एक रिपोर्ट में भारत के प्रति अपने पूर्वाग्रह वाले रवैये को जारी रखते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने अपनी सालाना मानवाधिकार रिपोर्ट जारी की।

इसमें मणिपुर में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया गया। विदेश विभाग ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मणिपुर की घटनाओं को शर्मनाक बताया है और मामले में कदम उठाने की बात कही है।

एक नजर

दिल्ली: पैसे के विवाद में युवक को आठवीं मंजिल से फेंका, मौत

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली में पैसों के विवाद को लेकर एक व्यक्ति का अपहरण कर उसे इमारत की आठवीं मंजिल से फेंककर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अहमद सलमान और धर्मेश मलिक को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय भाटिया ने कहा, हमें पता चला कि पीड़ित चंदन ने मलिक से उच्च ब्याज पर 9 लाख रु. लिए थे, लेकिन वह वापस नहीं कर सका, जिसके कारण मलिक और उसके सहयोगी उस पर दबाव डाल रहे थे। नाराज आरोपियों ने मृतक चंदन को 20 अप्रैल को अगवा कर गुरुवार को बहुमंजिला इमारत से फेंक दिया, जिससे उसकी हत्या हो गई, पुलिस ने मामले दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, और आगे की कार्रवाई कर रही है।

नाइजीरिया की एक जेल से 100 से अधिक कैदी फरार, 10 को पकड़ा

अबुजा। नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में रात भर हुई भारी बारिश के बाद एक जेल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें जगह बनाकर 100 से अधिक कैदी फरार हो गए। जेल अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां फरार कैदियों की तलाश में जुटी हुई हैं। जेल के प्रवक्ता एडमू दुजा के अनुसार, बुधवार रात कई घंटों तक हुई भारी बारिश जेल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जिसके परिणामस्वरूप कुल 118 कैदी फरार हो गए। दुजा ने कहा कि 10 कैदियों को फिर पकड़ लिया गया है और शेष कैदियों की तलाश जारी है।

लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। एजेंसी ने पिछले साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले से संबंधित एक मामले में गुरुवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। जारी बयान में कहा गया कि ब्रिटेन के हाउंस्लो निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दरअसल, पिछले साल 22 मार्च लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए थे। मामले में एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पिछले साल 19 और 22 मार्च को लंदन में हुई घटनाएं भारतीय मिशनों और उसके अधिकारियों पर हमला करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं। इसमें कहा गया कि मार्च 2023 में लंदन में हुए हमले खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की गई कार्रवाई का बदला थे।

हेल्थ सर्जरी के दौरान युवक की मौत, जांच का आदेश

चेन्नई। हेल्थ सर्जरी के दौरान पैदा हुई कथित जटिलताओं के कारण पुडुचेरी के एक युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई, जिसके बाद तमिलनाडु के स्वास्थ्य विभाग ने जांच का आदेश दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा है कि, मुथियालपेट निवासी 26 वर्षीय युवक का वजन 150 किलो था और उसे 21 अप्रैल को पम्माल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवक के पिता सेल्वानाथन ने बताया कि बेटे को मेटाबोलिक और बैरियेट्रिक सर्जरी के लिए ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। उन्होंने शिकायत में कहा कि सर्जरी शुरू होने के कुछ मिनट बाद शरीर में जटिलताएं पैदा होने के बाद दूसरे निजी अस्पताल भर्ती किया गया। जहां उकी मृत्यु हो गई। मामले की गंभीरता को देखकर स्वास्थ्य विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं।

अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती के खिलाफ प्रस्ताव पर रूस का वीटो

वाशिंगटन, एजेंसी

- **रूस के रवैय से बौखलाया अमेरिका, कहा सैटेलाइट ले जाने वाले हथियार विकसित कर रहा है रूस**

रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में बाहरी अंतरिक्ष संधि के प्रस्ताव को वीटो लगाकर रोक दिया। इससे अमेरिका नाराज हो गया है। अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया है कि रूस सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियार को विकसित कर रहा है और इसी वजह से उन्होंने इस प्रस्ताव को वीटो किया।

बाहरी अंतरिक्ष संधि के तहत अंतरिक्ष में खतरनाक हथियारों जिनमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं, उनकी तैनाती पर रोक लगाने की तैयारी थी। हालांकि रूस के वीटो के कारण अमेरिका की यह मंशा पूरी नहीं हो सकी। बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने एक बयान में कहा कि 'जैसा कि हमने पहले भी नोटिस किया है, रूस, सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियारों को विकसित कर रहा है। हमने सुना है कि राष्ट्रपति पुतिन ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि रूस के अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की कोई योजना नहीं है। अगर ऐसा है तो रूस ने इस

प्रस्ताव के खिलाफ वीटो क्यों किया।' सुलिवन ने कहा कि 'अमेरिका और जापान द्वारा संयुक्त रूप से लाए गए प्रस्ताव से यह तय हो जाता कि अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती मौलिक दायित्वों के खिलाफ है। प्रस्ताव में सदस्य देशों से पृथ्वी की कक्षा में तैनात किए जा सकने वाले परमाणु हथियार न बनाने की भी मांग की गई थी। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि 'पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों की तैनाती से संचार, वैज्ञानिक, मौसमी, कृषि, व्यवसायिक और राष्ट्रीय सुरक्षा सेवाओं के बाधित होने का खतरा है।

सलमान के आवास के बाहर गोलीबारी मामले में 2 और आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हाल ही में हुई गोलीबारी के मामले में मुंबई पुलिस ने गुरुवार को पंजाब से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी सुभाष चंद्र और अनुज थापन ने हमलावरों को हथियार मुहैया कराए थे। उन्होंने कहा कि, दोनों को अपराध शाखा की एक टीम पंजाब से मुंबई ला रही है। शुक्रवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस ने कहा- चंद्र और थापन 15 मार्च को दो देशी पिस्तौल और 38 कारतूस सौंपने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, दो अन्य गिरफ्तार आरोपियों की मुंबई की एक अदालत पुलिस हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ा दी है। दोनों आरोपियों को 16 अप्रैल को गुजरात के कच्छ जिले के माता नो मध गांव से हिरासत में लिया था।

इनहेरिटेंस टैक्स... आइए जानें क्या है विरासत कर

इनहेरिटेंस टैक्स पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान के बाद भाजपा हमलावर है, तो कांग्रेस बैकफुट पर है। आइए जानते हैं कि इनहेरिटेंस टैक्स या विरासत कर क्या है? क्या भारत में इसे लेकर कोई प्रावधान है, दुनिया में इसे लेकर क्या नियम हैं...

किन-किन देशों में कानून निरस्त हुआ

भारत के अलावा, मैक्सिको ने 1961, कनाडा ने 1972, ऑस्ट्रेलिया ने 1979, इजराइल ने 1980, न्यूजीलैंड ने 1992, स्लोवाक रिपब्लिक व स्वीडन ने 2004, ऑस्ट्रिया ने 2008 और चेक गणराज्य और नॉर्वे ने 2014 में इस कानून को खत्म किया।

क्या है इनहेरिटेंस टैक्स

यह विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर लगने वाला कर है। यह टैक्स किसी व्यक्ति के निधन के बाद उसकी संपत्ति के बंटवारे पर लगता है। दुनियाभर के देशों में इसको लेकर अलग-अलग कानून और अलग-अलग टैक्स स्लैब हैं।

भारत में क्या है इसका प्रावधान-

करीब चार दशक पहले भारत में भी इनहेरिटेंस टैक्स था। इसे संपत्ति शुल्क या 'डेथ टैक्स' के रूप में जाना जाता था।

यह कानून 1953 में राजस्व बढ़ाने और आर्थिक असमानता कम करने के लिए लाया गया था। हालांकि इसके लागू होने के बाद इसकी तीखी आलोचना हुई। परिवार के मुखिया की मौत होने पर कानूनी उत्तराधिकारी को संपत्ति हस्तांतरित होने पर यह टैक्स लगता था। चाहे वे बेटे-बेटियां हों या पोते-पोतियां। संपत्ति शुल्क अधिनियम 1953 के अनुसार विरासत में मिली संपत्ति अगर 20 लाख से ज्यादा होती थी, तब 85% कर देना पड़ता था। इसके तहत 1984 में 20 करोड़ का टैक्स कलेक्ट हुआ था। 1985 में राजीव गांधी ने इस कानून को खत्म कर दिया था।

अमेरिका में क्या है प्रावधान

अमेरिका के 6 राज्यों न्यू जर्सी, पेन्सिल्वेनिया, आयोवा, केंटकी, मैरीलैंड और नेब्रास्का में इनहेरिटेंस टैक्स लगता है। हर राज्य में टैक्स की दरें और कानून अलग हैं। न्यूजर्सी में 11% से 16% तक टैक्स है। बाकी 5 राज्यों में 1% से 16% तक टैक्स है। हालांकि लगभग सभी जगह पति-पत्नी, बच्चों, माता-पिता, दादा-दादी, पोते-पोतियों को विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर टैक्स में छूट है।

किन देशों में है यह टैक्स

फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आइसलैंड, आयरलैंड, इटली, जापान, बेल्जियम (ब्रुसेल्स-राजधानी क्षेत्र), चिली, लिथुआनिया, लक्जम्बर्ग, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, स्लोवेनिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड और तुर्की में भी इस तरह के टैक्स का प्रावधान है। इन देशों में विरासत के अलावा गिफ्ट में मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगता है।

देश की सियासी पार्टियों की इस पर क्या है राय

टैक्स वापस लागू करने का विचार दो दशक में कई बार चर्चा में आया। पहली बार 2011 में तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने इस पर सुझाव दिया था। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार में वित्त राज्य मंत्री जयंत सिन्हा ने इसे लागू करने की वकालत की। तब उन्होंने कहा था कि यह कर लगने से वंशवादी व्यवसायियों को मिलने वाले फायदे खत्म हो जाएंगे।

5 माह बाद खुला रास्ता

लेह: भारी बर्फबारी के बाद 21 नवंबर 2023 को बंद हुआ 428 किमी लंबा लेह-मनाली नेशनल हाईवे खुल गया है। इससे सड़क मार्ग से मनाली होकर लद्दाख जा सकेंगे। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने रास्ता खोल दिया है। हाईवे पर 15 हजार से 17 हजार फीट ऊंचाई वाले बारालाचा, नाकी, लाचुंग, टेंगलेंग जैसे पास आते हैं, जहां बर्फ हटाना बेहद मुश्किल होता है। यहां 40 से 50 फीट तक बर्फ रहती है। अभी इसे सेना के लिए खोला गया है। पूरे मार्ग का निरीक्षण होने के बाद इसे पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। ● एजेंसी

19 हजार शिक्षक पात्र, 5 हजार नियुक्तियां संदिग्ध : आयोग

कोलकाता, एजेंसी।

- **प. बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने भर्ती रद होने के बाद कलकत्ता हाईकोर्ट में दी सफाई**

पश्चिम बंगाल के हजारों स्कूल शिक्षकों के भविष्य पर तलवार लटक रही है। कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के बाद 25,700 से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति रद कर दीं हैं। हालांकि, पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने हाईकोर्ट में कहा है कि केवल 5300 शिक्षकों की नियुक्तियां संदिग्ध हैं। आयोग ने कहा है कि 19,000 शिक्षकों की नियुक्तियां वैध होने की संभावना है। आयोग ने हाईकोर्ट को बताया कि 22 अप्रैल को पारित आदेश के बाद लगभग 19,000 शिक्षकों की भर्ती रद हो सकती है, लेकिन आयोग की तरफ से तय किए गए नियम और शर्तों के मुताबिक इन शिक्षकों की नियुक्तियां वैध हो सकती हैं।

बता दें कि कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक 2016 में हुई शिक्षकों की भर्तियों को रद्द किया जाना है। अदालत का आदेश बरकरार रहने की सूरत में 25,753 शिक्षकों को नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। हाईकोर्ट ने अपने सख्त आदेश में कहा है कि अवैध नियुक्ति से लाभ पाने वाले शिक्षकों को अपने वेतन भी लौटाने होंगे। फिलहाल, पश्चिम बंगाल सरकार ने इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

विज्ञान स्विट्जरलैंड-बेल्जियम के वैज्ञानिकों ने किया खुलासा, अंटार्कटिक में तीन चौथाई नुकसान की जताई संभावना

कुछ सालों में सागर में समा जाएंगे लाखों उल्कापिंड

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : अंटार्कटिक की तेजी से पिघलती बर्फ वैज्ञानिकों समेत दुनिया को दोहरा झटका दे रही है। यह जानकारी आ रही है कि बर्फ में जमा उल्कापिंड पिघलती बर्फ में डूब रहे हैं। अगले कुछ वर्षों में लाखों उल्कापिंड बर्फ के साथ सागर में समा जाएंगे।

यह उल्कापिंड खगोलीय अध्ययन में बड़ी भूमिका निभाते आ रहे हैं। पृथ्वी पर लगभग 60 प्रतिशत उल्कापिंड अंटार्कटिका में पाए जाते हैं। ये उल्कापिंड पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और अन्य मूलभूत प्रश्नों के बारे में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। मगर अब अंटार्कटिका गर्म हो रहा है और इसकी बर्फ पिघल रही है।

अंटार्कटिका।

बड़ी चिंता की बात है कि लगभग 5 हजार उल्कापिंड अब सालाना दर से नष्ट हो रहे हैं। इस सदी के अंत तक अंटार्कटिक उल्कापिंडों के तीन चौथाई संभावित नुकसान की संभावना वैज्ञानिक जता रहे हैं। अंटार्कटिक उल्कापिंडों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक बर्फ के नीचे गायब होने से पहले अधिक से अधिक उल्कापिंडों को एकत्र करने की योजना बना रहे हैं। इस योजना में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की जरूरत होगी। वैज्ञानिकों के अनुसार सफेद बर्फ की चादर के ऊपर गहरे रंग के उल्काओं को ढूंढना आसान होता है।

स्विट्जरलैंड और बेल्जियम के वैज्ञानिकों के शोध से यह जानकारी सामने आई है। शोध में कहा गया है कि 2050 तक अंटार्कटिका में अनुमानित 300,000 से 800,000 उल्कापिंड नष्ट हो जायेंगे। पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और हमारे चंद्रमा का निर्माण कैसे हुआ। इस खोज में अंटार्कटिक के उल्कापिंडों की बड़ी भूमिका रही है।

अध्ययन में अंटार्कटिक की सबसे बड़ी भूमिका

अंटार्कटिक पृथ्वी का एकमात्र स्थान है, जो विभिन्न अध्ययनों में सहयोग करता है। पृथ्वी की प्रदूषण व शुद्धता का मापन अंटार्कटिक से होता हैं। समुद्र के तापमान व जलस्तर का अध्ययन में भी सहायक है। इनके अलावा बर्फ के ऊपर जमा उल्काओं की मदद से ग्रहों की उत्पत्ति का अध्ययन किया जाता है। यदि इस ध्रुव की बर्फ पिघल गई तो कई बड़े नुकसान हमे भुगतने होंगे।

नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों को अप्रैल का वेतन देंगी ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों के 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को अप्रैल के वेतन का भुगतान करेगी, जिनकी नियुक्तियों को कलकत्ता हाईकोर्ट के एक आदेश में रद कर दिया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है और फैसला आने तक शिक्षकों वेतन देने का निर्णय लिया गया है। बता दें, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के जरिए 25,753 शिक्षकों की नियुक्तियों को रद करने का आदेश दिया था।

हजारों भारतीयों को रवांडा भेजने का फरमान

- **अवैध तरीके से ब्रिटेन पहुंचे थे 5 हजार भारतीय**

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की संसद में रवांडा विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद शरणार्थियों की मुश्किलें बढ़ना शुरू हो गई है। पीएम ऋषि सुनक ने शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए कतार में लगे लगभग 5 हजार अवैध भारतीयों को अफ्रीका भेजने का फरमान जारी किया है।

इन्हें जून से अफ्रीकी देश रवांडा भेजा जाएगा। 5 हजार भारतीयों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जो वैध रूप से ब्रिटेन आए थे और फिर शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए आवेदन किया था। इनमें ऐसे भारतीय भी हैं जो 1 जनवरी, 2022 के बाद इंग्लिश चैनल पार कर अवैध रूप ब्रिटेन घुसे थे। फिलहाल, यूके के डिटेंशन सेंटरों में रह रहे इन भारतीयों पर अनिश्चित भविष्य का खतरा मंडरा रहा है। सुनक ने इन 5 हजार भारतीयों की शरणार्थी के दर्जे की अर्जी खारिज कर दी है। गौरतलब है कि, ब्रिटेन में शरणार्थी का दर्जा मांगने वाले 5 हजार भारतीयों में से 60 फीसदी की उम्र 18 से 29 साल है।

इनमें से 1200 ने ब्रिटेन में आने के लिए 2023 में जोखिम भरे इंग्लिश चैनल को नावों से पार किया था। इंग्लिश चैनल के मार्ग से अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले भारतीयों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है। इस मार्ग से 2022 में 849 भारतीय अवैध रूप से ब्रिटेन में पहुंचे थे। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय के अनुसार 2024 में लगभग 2 हजार भारतीयों के इंग्लिश चैनल रूट से ब्रिटेन आने की आशंका है। बता दें, रवांडा में कभी भी ब्रिटेन का राज नहीं रहा, लेकिन 2009 में ये राष्ट्रमंडल में शामिल हुआ। रवांडा ब्रिटेन से सालाना 5 हजार करोड़ रुपये का ग्रांट लेता है

शरणार्थी कभी भी नहीं लौट पाएंगे ब्रिटेन

रवांडा में पांच साल का एग्रीमेंट होगा। किसी आवेदक को शरणार्थी का दर्जा मिलने पर दो विकल्प होंगे। पहला आगे की जिंदगी रवांडा में ही गुजराना, दूसरा- किसी भी दूसरे देश में शरण मांगनी पड़ेगी। सुनक ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सूरत में कोई भी शरणार्थी ब्रिटेन लौट नहीं पाएगा। बता दें, हर शरणार्थी के लिए रवांडा को 63 लाख रुपये मिलेंगे। सभी देशों के शरणार्थियों के लिए 18,900 करोड़ मिलेंगे।